@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 2 जून 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 193 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## नोटिस के बावजूद एसआईटी टीम को घर पर नहीं मिलीं प्रज्वल की मां भवानी

नई दिल्ली, 1 जून। कर्नाटक यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की मुश्किलें भी बढ़ने वाली हैं। प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिला का अपहरण और यौन उत्पीड़न करने के मामले में एसआईटी शनिवार को प्रज्वल की मां भवानी रेवन्ना से पूछताछ के लिए होलेनरसिपुर स्थित उनके आवास पर पहुंची। हालांकि भवानी एसआईटी टीम को घर पर नहीं मिली। इसके बाद एसआईटी टीम ने इंतजार करने का फैसला किया, लेकिन शाम तक भी जब भवानी रेवन्ना घर नहीं पहुंची तो एसआईटी की टीम लौट आई। सूत्रों के मुताबिक अब भवानी रेवन्ना के पूछताछ के लिए नहीं मिलने पर एसआईटी उनकी तलाश के लिए टीमों का गठन करने पर विचार कर रही है। दरअसल यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने भवानी रेवन्ना को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। नोटिस के तहत 1 जून को भवानी से पूछताछ की बात कही गई थी। इस नोटिस के खिलाफ भवानी ने अदालत का रुख किया था, लेकिन वहां से उन्हें निराशा हाथ लगी। एसआईटी के नोटिस के खिलाफ भवानी रेवन्ना की याचिका को कोर्ट ने याचिका खारिज कर दिया था। प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो के मामले में उसके पिता एचडी रेवन्ना भी गिरफ्तार हो चुके हैं और फिलहाल जमानत पर हैं। प्रज्वल रेवन्ना पर एक महिला को अगवा करने और कथित तौर पर उसका यौन शोषण करने का आरोप है। इसी मामले में भवानी भी आरोपी हैं। भवानी रेवन्ना ने एसआईटी द्वारा संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए बंगलूरू की अदालत में याचिका दायर कर गिरफ्तारी से राहत देने की अपील की थी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया महिला को अगवा करने और में भवानी रेवन्ना का हाथ था। महिला का अपहरण करने के मामले में एसआईटी भवानी रेवन्ना और एचडी रेवन्ना समेत सात लोगों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में एसआईटी ने आईपीसी की धारा 364 ए के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें दोषी पाए जाने पर उम्रकैद हो सकती है।

# यूपी में फिर दिख सकता है मोदी-योगी का जादू

**सिम्मी कौर बब्बर**

नोएडा, 1 जून। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। मतदान खत्म होने के साथ ही उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की सीटों के एग्जिट पोल्स सामने आने लगे हैं। अमर उजाला॰श्च्श्च और ड्डद्वड्डह्ल्ह्व-द्धड्डद्यड्ड.ष्थ्द्ब पर सबसे पहले देखें उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों के एग्जिट पोल्स न्यूज 24 टुडेज चाणक्या के एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए को 80 सीटों में से 68 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया गठबंधन 12 सीटें अपने नाम कर सकता है। जबकि बसपा के खाते में एक भी सीट न जाने के संकेत हैं। न्यूज नेशन के एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए को यूपी की 80 सीटों में से 67 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया गठबंधन को 10 सीटें और अन्य के खाते में तीन सीटें जा सकती हैं। जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए 68 से 74 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है, जबकि इंडिया गठबंधन 12 से 6 सीट अपने नाम कर सकता है। यहां भी बसपा के खाते में कोई भी सीट न जाने का दावा किया गया है। इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स के एग्जिट पोल के अनुसार, यूपी की 80 सीटों में से एनडीए को 69 सीटें और इंडिया गठबंधन को 11 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। बीएसपी (बहुजन समाज पार्टी) को बड़ा झटका लग सकता है, क्योंकि उसके खाते में एक भी सीट न जाने का दावा किया है। रिपब्लिक-पीएमएआरक्यू के अनुसार, उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से एनडीए 69 सीटें जीत सकता है। जबकि इंडिया गठबंधन 11 सीटें अपने नाम कर सकता है। रिपब्लिक मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए को 69-74



सीटेम और इंडिया गठबंधन को 6 से 11 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं बीएसपी की झोली खाली रहने का दावा किया है। अमर उजाला पर सभी एजेंसियों के एग्जिट पोल एक जगह मिलेंगे। जैसे ही अलग-अलग चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल आने शुरू होंगे उन सभी को उसी वक्त आप अमर उजाला पर देख सकेंगे। सभी एग्जिट पोल का औसत यानी पोल ऑफ पोल्स में कहां किसकी सरकार बन सकती है, ये भी हम आपको बताएंगे। चुनाव के दौरान आने वाले ओपिनियन पोल से चुनाव बाद के एग्जिट पोल कितने बदले। किन राज्यों में किसे कितनी सीटें मिल सकती हैं। कहां मौजूदा सरकार पर लोग फिर से भरोसा जता सकते हैं। कहां सत्ता परिवर्तन हो सकता है? यह भी अमर उजाला पर देख सकते हैं। एग्जिट पोल की शुरुआत नीदरलैंड के समाजशास्त्री और पूर्व राजनेता मार्सेल वॉन डैम ने की थी। 2019 में एबीपी-नील्सन के एग्जिट पोल में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 22, कांग्रेस को 2, सपा-बसपा गठबंधन को 56 सीटों का अनुमान था। टाइम्स नाउ-वीएमआर के एग्जिट पोल में भाजपा को 58 सीटें, सपा-बसपा को 20 जबकि कांग्रेस को दो सीटें मिलने का अनुमान जताया गया था। इंडिया टीवी-सीएनएक्स एग्जिट पोल में भाजपा को 50 सीटें, कांग्रेस को दो और सपा-बसपा गठबंधन को 28 सीटें मिलने के आसार जताए गए थे। आजतक-एक्सिस एग्जिट पोल में भाजपा को 62-68, कांग्रेस को एक से दो और सपा-बसपा गठबंधन को 10-16 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया था। जबकि 2019 के नजीजों में भाजपा ने 62, बसपा ने 10, सपा ने 5, अपना दल (सोनेलाल) ने 2 और कांग्रेस ने 1 सीट जीती थी।

## प्रमाणिक मृत्यु पूर्व बयान दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है: सुप्रीम कोर्ट

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 1 जून। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मृत्यु पूर्व दिया गया बयान और अगर उस पर अदालत को विश्वास है तो वह बिना किसी पुष्टि के अभियुक्त की दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र के बीड में 22 साल पुराने मामले में पूर्व सैन्य कर्मी को पत्नी की हत्या के मामले में दोषसिद्धि को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि अदालत को बेहद सावधानी से मृत्यु पूर्व कथन की जांच करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह विश्वसनीय, सुसंगत और बगैर किसी पूर्व धारणा के दिया गया हो। कोर्ट ने कहा एक बार मृत्यु पूर्व कथन प्रमाणिक पाया जाता है और कोर्ट को भी उस पर विश्वास है तो बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा हालांकि मृत्यु पूर्व कथन



को स्वीकार करने से पहले कोर्ट को इस बात से संतुष्ट होना पड़ेगा कि बयान बिना किसी दबाव और स्वेच्छा से दिया गया हो। मृत्यु पूर्व बयान से एक पवित्रता जुड़ी होती है और यह दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। अभियोजन पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता के साथ उसके पति, देवर और अन्य परिजनों ने निर्दयता की थी। घटना वाले दिन महिला को उसके पति और देवर द्वारा पीटा गया और फिर उसके हाथ गमछे, पैर तौलिये से बांधकर और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उस पर केरोसिन डालकर जला दिया गया। घटना में महिला पूरी तरह से जल गई थी। पड़ोसियों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया था, जहां महिला ने मरने से पहले अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 307, 498ए, 342, 323 और 504 के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में महिला के पति को साल 2008 में ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। साथ ही अदालत ने दोषी को 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। बाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी सजा बरकरार रखी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दोषी पति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी पति को दोषी मानते हुए सजा बरकरार रखी है।

## खरगे का दावा-295 सीटें जीतेंगे

नई दिल्ली, 1 जून। लोकसभा चुनाव के अंतिम दौर और सातवें चरण के बीच जारी इंडी गठबंधन की बैठक अब खत्म हो चुकी है। बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव सहित तमाम विपक्षी नेता शामिल हुए। बैठक में कई मुद्दों पर मंथन हुआ। बैठक के दौरान एक बड़ा फैसला लिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बताया कि टीवी चैनलों पर होने वाली एग्जिट पोल की बहसों में अब कांग्रेस भी हिस्सा लेगा। कांग्रेस भी खुलकर अपना पक्ष रखेगा। बता दें, कांग्रेस ने एक दिन पहले ही टीवी चैनलों पर आज होने वाली एग्जिट पोल की बहसों में शामिल होने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि टीआरपी के खेल में हमें शामिल नहीं होना है। इसके अलावा, बैठक के बाद खरगे ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एलान किया कि इंडी गठबंधन 295 सीटें जीतेगा। कांग्रेस से मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल। आम आदमी पार्टी से अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, संजय सिंह, राघव चड्ढा। समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव। एनसीपी से शरद पवार, जितेंद्र अव्हाड। डीएमके से टीआर बालू। राजद से तेजस्वी यादव और संजय यादव। झामुमो में चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन। जम्मू-कश्मीर एनसी से फारूक अब्दुल्ला। भाकपा से डी. राजा। माकपा से सीताराम येचुरी। शिवसेना (यूबीटी) से अनिल देसाई तो वहीं दीपांकर भट्टाचार्य भाकपा (माले) से और मुकेश साहनी (वीआईपी) से शामिल हुए हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। जो समुद्र की ओर चेहरा करके बैठे हैं, उसकी सच्चाई ये है कि उन्होंने जनता की ओर पीठ कर लिया है। इस बार जनता भी उनके खिलाफ खड़ी हो गई है।

## सामूहिक प्रयासों की बदौलत सफल हुआ चुनाव: चुनाव आयोग

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 1 जून। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया खत्म हो गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनौतियों और दुविधाओं के बावजूद मतदान करने वाले वोटरों के प्रति आयोग कृतज्ञ है। वोटिंग के बाद आयोग ने एक बयान जारी किया। बयान में आयोग ने कहा कि भारतीय मतदाताओं ने 18वीं लोकसभा के गठन के लिए अपने सबसे प्रिय मतदान के अधिकार का इस्तेमाल किया। भारतीय लोकतंत्र और भारतीय चुनावों ने एक बार फिर जादू किया है। भारतीय मतदाता महान हैं। उन्होंने एक बार फिर जाति, पंथ, धर्म, सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे जाकर मतदान किया है। आयोग का कहना है कि भारतीय मतदाता ही असल विजेता हैं। आयोग ने कहा कि अलग-अलग चुनौतियों के बाद भी मतदान करने पहुंचे मतदाताओं के प्रति मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित पूरा चुनाव आयोग परिवार कृतज्ञ है। आयोग




ने बताया कि वे सभी मतदाताओं को धन्यवाद और प्रशंसा देना चाहते हैं। मतदाताओं ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाता इस बार भी संविधान संस्थापकों के सपने पर खरे उतरे। चुनाव आयोग ने सुरक्षा बलों सहित पूरे चुनाव तंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को भी धन्यवाद दिया। आयोग ने मीडिया को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। आयोग ने कहा कि बुजुर्गों, 100 साल पूरा कर चुके मतदाता, दिव्यांग व्यक्तियों और ट्रांसजेंडरों द्वारा डाले गए वोट कई लोगों के लिए प्रेरणा है। खासकर युवाओं के लिए, जो लोकतंत्र को और आगे ले जाएंगे। आयोग ने आगे कहा कि मतदाताओं, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, चुनाव कर्मियों और सुरक्षा बलों सहित अन्य सभी के सामूहिक प्रयासों से ही मतदान साकार हो सका है। सभी सम्मान और प्रशंसा का पात्र हैं। हम लोगों ने सामूहिक प्रयासों से लोकतंत्र के पहिये को घुमाए रखा है। बता दें, सीईसी कुमार पिछले दो साल से आम चुनावों की तैयारी कर रहे थे।

### व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे तेजस्वी यादव

पटना, 1 जून। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आम जनता के अलावा जनप्रतिनिधियों की वोटिंग भी सुर्खियों में रही। बिहार, यूपी समेत आठ राज्यों से लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी की शानदार तस्वीरें सामने आई हैं। इस चरण में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर समेत कई नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भीषण गर्मी के बावजूद मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ और आम लोगों के बीच वीआईपी नेताओं ने भी लाइन में खड़े होकर मतदान किया।

## मई में जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली, 1 जून। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सालाना आधार पर इसमें 10त्न की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मई 2024 में सकल माल व सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा। मई संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि (15.3 प्रतिशत ऊपर) की वजह से है। रिफंड के लिए लेखांकन के बाद, मई 2024 के लिए शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.9 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 25 में मई 2024 तक सकल जीएसटी संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा, सालाना आधार पर इसमें 11.3 प्रतिशत की वृद्धि आई। यह घरेलू लेनदेन में मजबूत वृद्धि (14.2 प्रतिशत ऊपर) और आयात में मामूली वृद्धि (1.4 प्रतिशत ऊपर) से प्रेरित है। रिफंड का लेखा-जोखा करने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में मई 2024 तक शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि अधिक है।

## मैंने इस मामले में पुलिस आयुक्त को कोई फोन नहीं किया: अजित पवार

**सौरभ शर्मा**

पुणे, 1 जून। देश में इन दिनों पुणे में हुए सड़क हादसे की चर्चा हो रही है। तेज रफ्तार लग्जरी कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। कार एक 17 साल का रईसजादा चला रहा था, जो शराब के नशे में धुत था। वहीं, इस मामले में विधायक सुनील टिंगरे की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन पर दुर्घटना के बाद यरवदा पुलिस स्टेशन जाने और अधिकारियों पर मामले में नरम रुख अपनाने का दबाव बनाने का आरोप है। हालांकि अब टिंगरे के बचाव में उपमुख्यमंत्री अजित पवार आ गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक टिंगरे पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। टिंगरे पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से हैं। वह पुणे शहर में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे पहले आरोप लगे थे कि टिंगरे ने यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप किया था कि पुलिस किशोर से बुरा बर्ताव न करें। अजित पवार ने कहा कि घटना के तुरंत बाद जांच शुरू हो गई थी। गृह मंत्री और सीएम शिंदे ने भी सुनिश्चित किया कि जांच सही तरीके से हो। उन्होंने आगे कहा, मैंने इस मामले के संबंध में पुणे सीपी को कोई फोन नहीं किया। हमारे विधायक टिंगरे ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्हें हाई शुगर है और अभी अस्वस्थ है। यही वजह है कि



वह जनता के सामने नहीं आ रहे हैं। मैंने उनसे संपर्क किया और उन्होंने मुझे बताया कि वह किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं और वह गलत नहीं हैं। पोर्श कांड में टिंगरे का नाम सामने आने के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, सुनील टिंगरे उस क्षेत्र के विधायक हैं, जहां घटना हुई। जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं स्थानीय विधायक अक्सर घटनास्थल का दौरा करते हैं। सवाल है कि क्या सुनील टिंगरे ने मामले को दबाने की कोशिश की, तो ऐसा नहीं है। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इस घटना के बाद पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार को फोन किया था, पवार ने कहा, मैं कई बार पुलिस आयुक्त को कई मुद्दों पर फोन करता हूं, लेकिन मैंने इस मामले में उन्हें एक भी फोन नहीं किया है। उपमुख्यमंत्री पवार ने आगे कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दुर्घटना के अगले दिन पुणे पुलिस को सघन जांच करने का निर्देश दिया था। यहां तक कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी सही से जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई जिन्होंने शुरू में प्रक्रिया में देरी की। मामले में शामिल ससून जनरल अस्पताल के कर्मचारियों को भी पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। दुर्घटना 19 मई को सुबह करीब 2.15 बजे हुई थी।

## चेन्नई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी, विमान की जांच जारी

मुंबई, 1 जून। चेन्नई से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई। शनिवार सुबह मुंबई जाने वाली इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। फ्लाइट 6श्व 5314 ने चेन्नई से सुबह करीब सात बजे




उड़ान भरी थी। यह सुबह करीब पौने नौ बजे मुंबई हवाईअड्डे पर उतरी। हवाईअड्डे के अधिकारी तुरंत हरकत में आ गए। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा। फिलहाल, पूरे विमान की तलाशी ली जा रही है। इंडिगो ने बयान जारी कर बताया, चेन्नई से मुंबई जा रही इंडिगो फ्लाइट 6श्व 5314 को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई में उतरने पर चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया। सुरक्षा एजेंसी के दिशा-निर्देशों पर विमान को सुनसान जगह पर ले जाया गया। सभी यात्री विमान से सुरक्षित उतर गए हैं। फिलहाल विमान की तलाश की जा रही है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को टर्मिनल क्षेत्र में वापस लाया जाएगा। बता दें, हाल फिलहाल के दिनों में किसी फ्लाइट को मिली यह तीसरी धमकी है। इससे पहले दिल्ली से बनारस जाने वाली फ्लाइट को इसी तरह की धमकी मिली थी। दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली फ्लाइट में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था। अब शनिवार को चेन्नई से मुंबई जाने वाली इस फ्लाइट में इस तरीके का एक नोट मिला है।

# सीएए के तहत आसानी से मिली भारतीय नागरिकता

**नरेश मल्होत्रा**

कोलकाता, 1 जून। सीएए के तहत भारतीय नागरिकता आसानी से मिलने से सुखद आश्चर्य में डूबे पूर्व बांग्लादेशी नागरिक विकास मंडल ने अब अपने परिवार के सदस्यों को भी जल्द ही भारतीय नागरिकता दिलाने की योजना बना ली है। फिलहाल वह प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करवाने की योजना बना रहे हैं। मंडल ने कहा कि उनके माता-पिता और पत्नी, जो बांग्लादेशी नागरिक हैं, ने अभी तक नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन नहीं किया है। सीएए के तहत आसानी से नागरिकता मिलने से खुश मंडल ने कहा कि अब, मैं अपने पिता, माता और पत्नी से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करवाने की योजना बना रहा हूँ। पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के आसननगर में अपने परिवार के साथ रह रहे विकास मंडल ने दावा किया कि दस्तावेज़ीकरण और सत्यापन प्रक्रिया आसान और परेशानी मुक्त थी। मूल रूप से बांग्लादेश के झेनइदाह जिले के रहने वाले मंडल और उनका परिवार आसननगर में बस गए, क्योंकि यहाँ उनके रिश्तेदार रहते थे। 34 वर्षीय विकास ने कहा कि भारत में बसने के बाद उन्होंने शादी कर ली और उनकी पत्नी भी बांग्लादेश से हैं। भारत आने के कारणों के बारे में बताते हुए मंडल ने कहा, हमारे ज़्यादातर रिश्तेदार यहीं बसे हुए हैं। हम अपने भविष्य के बारे में सोचकर बहुत मानसिक तनाव में रहते थे, क्योंकि हम अपने प्रियजनों के बिना बांग्लादेश में रह गए थे। 2012 में अपने माता-पिता के साथ भारत आए मंडल ने कहा कि उन्होंने पहले नागरिकता के लिए प्रयास नहीं किया, हालांकि उनके पास 2014 से पहले का राशन कार्ड है। उन्होंने कहा, सीएए अधिसूचना के बारे में पता चलने के बाद, मैंने 27 अप्रैल को निर्धारित पोर्टल से आवेदन किया। मंडल ने कहा, सत्यापन प्रक्रिया आसान थी। मैंने बांग्लादेश में स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिया गया अपना जन्म प्रमाण पत्र और राशन कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का सत्यापन 27 मई को नादिया जिला मुख्यालय कृष्णनगर में डाक अधीक्षक के कार्यालय में किया गया था। मंडल ने कहा, मुझे 29 मई को ईमेल के ज़रिए नागरिकता का आधिकारिक दस्तावेज़ मिला। गृह मंत्रालय द्वारा मंडल को दिया गया प्राकृतिककरण प्रमाणपत्र उन्हें सभी




राजनीतिक और अन्य अधिकारों, शक्तियों और विशेषाधिकारों का हकदार बनाता है और उन सभी दायित्वों, कर्तव्यों और देनदारियों के अधीन है, जिनके लिए एक भारतीय नागरिक हकदार है या जिसके अधीन है। मंडल ने बताया कि झेनइदाह जिले को छोड़ने से पहले, उन्होंने एक मामूली घर के साथ अपनी छोटी सी जमीन बेच दी थी। मंडल ने कहा, अब मैं आसननगर में एक साइबर कैफे का मालिक हूं। मंडल ने कहा कि उनका साढ़े तीन साल का बेटा जन्म से ही भारतीय नागरिक है। सीएए को दिसंबर 2019 में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने के लिए अधिनियमित किया गया था, जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। केंद्र सरकार ने 11 मार्च को सीएए के नियमों को अधिसूचित किया था, जिससे कानून के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसका पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ राजनीतिक दलों ने कड़ा विरोध किया। नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट 15 मई को केंद्रीय गृह सचिव द्वारा नई दिल्ली में आवेदकों को सौंपा गया।

## यूक्रेन में रूस के मिसाइल हमलों में पांच लोगों की मौत, 25 घायल

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर रूस के मिसाइल हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गये और अन्य 25 घायल हो गये हैं।



स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने बताया कि रूसी मिसाइलों ने पांच मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक और दो मंजिला औद्योगिक इमारत को निशाना बनाया।

इस बीच, यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने एक बयान में कहा कि कीव के दक्षिणी होलोसिव्स्की जिले में एक ट्रांसफॉर्मर सबस्टेशन पर रोकी गयी मिसाइलों के मलबे से नष्ट हो गया। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि राजधानी पर हमले में एक कार सर्विस स्टेशन, एक कार वॉश और एक गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया।

## ईरान ने अधिकारियों, संस्थाओं पर नए यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों की निंदा की


**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। उन्होंने अपने मंत्रालय के एक बयान में यूरोपीय संघ द्वारा मध्य पूर्व और लाल सागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को कमजोर करने वाले सशस्त्र समूहों और संस्थाओं को यूएवी या मिसाइलों का हस्तांतरण, या ईरान के यूएवी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए



ईरान के छह व्यक्तियों और तीन संस्थाओं पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के समर्थन में रूस को मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के हस्तांतरण में उनकी कथित भूमिका के लिए प्रतिबंध लगाए जाने के बाद यह टिप्पणी की।

## ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

**बीजिंग/ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के ज़िज़ांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8:46 बजे (बीजिंग समय) 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया।



## अमेरिका, ब्रिटेन के विमानों ने यमन में हूती ठिकानों पर 13 हमले किए

**सना।** अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य विमानों ने लाल, अरब और भूमध्य सागर में अमेरिकी जहाजों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद यमन के तीन प्रांतों में शिया आंदोलन अंसार अल्लाह (हूती) के ठिकानों पर 13 हमले किये। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों ने सना (मध्य यमन), पश्चिमी प्रांत होदेइदाह और दक्षिण पश्चिम में ताइज़ प्रांत में हूती के बैरकों और उपकरणों पर एक साथ कई हमले किए। यमन पर ये सघन हमले हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हौथी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने



कहा था कि उनके समूह ने पिछले साल नवंबर से लाल, अरब, भूमध्य और हिंद महासागरों में 100 से अधिक इजरायली, अमेरिका और ब्रिटेन के जहाजों पर हमले किए हैं। होदेइदाह प्रांत के एक अधिकारी ने बताया कि होदेइदाह शहर के दक्षिण-पूर्व में एक स्थानीय रेडियो स्टेशन की इमारत पर अमेरिकी और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों की बमबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए।

# पाकिस्तान से दो दिन में 900 से ज्यादा अफगानिस्तानी शरणार्थी स्वदेश लौटे

एजेंसी

**काबुल।** पाकिस्तान से पिछले दो दिन में 900 से ज्यादा अफगानिस्तानी शरणार्थी स्वदेश लौट आए हैं।

देश के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, शरणार्थी तोरखम और स्पिन बोल्डक सीमा से स्वदेश वापस लौटे। इसमें कहा गया कि अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने क्रॉसिंग प्वाइंट पर लौटने वाले परिवारों को अस्थायी आश्रयों और सहायता पैकेज सहित आवश्यक सुविधाएं प्रदान की हैं। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक वर्ष में 21 मार्च, 2023 से 19 मार्च, 2024 तक पड़ोसी देश पाकिस्तान और



ईरान से 15 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थी वापस लौटे हैं। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने विदेशों में निवास कर रहे अफगान प्रवासियों से स्वदेश वापस लौटने और युद्ध प्रभावित देश के पुनर्निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की है।

# दक्षिण लेबनान में इज़रायली हवाई हमले में 2 की मौत, 5 घायल

एजेंसी

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के एक सदस्य और एक नागरिक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि ऐन काना शहर में एक इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया और एक अन्य घायल हो गया, जबकि सिदोन जिले के अदलून शहर में एक अन्य इजरायली हमले में एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य नागरिक घायल हो गए। सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने सीमा क्षेत्र के भीतर और दक्षिणी लेबनान के अंदरूनी इलाकों में सिडोन और इक़लीम अल-तुफ़ाह शहरों के बाहरी इलाके तक पहुंचते हुए कई इलाकों पर 10 छापे मारे। एक दिन



पहले इज़रायल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा इज़राइल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद, 8 अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इज़राइल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की।

## इजराइल ने रफाह में सैन्य कार्रवाई तेज करने की पुष्टि की

एजेंसी

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा के रफाह शहर के मध्यवर्ती इलाकों में सैन्य कार्रवाई तेज किए जाने की पुष्टि की। सेना ने पता चला है कि शाबौरा शरणार्थी शिविर और शहर के मध्य में स्थित अन्य स्थलों पर छापे मारे गए हैं। इजराइल ने छह मई को शहर पर अपना जमीनी हमला शुरू किया था



एक बयान में कहा कि मध्य रफह में इजराइली सैनिकों ने हमास द्वारा उपयोग की जाने वाली सुरंगों का पता लगाया है तथा इसके हथियार भंडारण स्थान को ध्वस्त कर दिया है। के बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि रफाह के मध्य में कहां अभियान चलाए जा रहे हैं। हालांकि, पिछले बयानों और प्रत्यक्षदर्शियों के दावों से और वह मुख्य रूप से इसके पूर्वी जिलों और मिस्र की सीमा के करीब अपना अभियान चला रहा है। इस सप्ताह, इजराइली बल शहर के पश्चिमी जिले तेल अल-सुल्तान में भी पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेल अल-सुल्तान में इजराइली सैनिकों और हमास के लड़ाकों के बीच झड़पें हुईं।

# जर्मनी में चाकू से हमला कर कई लोगों को घायल किया

एजेंसी

**बर्लिन।** जर्मनी के दक्षिण-पश्चिम शहर मैनहेम में एक हमलावर ने चाकू से हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी गोली लगने से घायल हुआ है।

पुलिस के अनुसार यह घटना पूर्वाह्न 11.30 बजे से कुछ ही मिनट बाद हुई। उसने कहा कि घायलों की स्थिति या उनकी संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी जा सकती। घायलों में एक पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि फिलहाल आम लोगों के लिए खतरे की कोई बात नहीं है।

राजनीतिक इस्लाम के बढ़ते प्रभावों से उत्पन्न खतरों से लोगों को आगाह करने वाले समूह पैक्स यूरोपा ने कहा कि इसके द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर यह हमला हुआ। इसने कहा कि कार्यक्रम के वक्ताओं में शामिल इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता



माइकल स्त्रुजेनबर्जर भी घायलों में शामिल है।

गृह मंत्री नैंसी फेसर ने कहा कि हमले के मकसद का पता करना जांचकर्ताओं का काम है। उन्होंने एक बयान में कहा, यदि जांच में इस्लामी मकसद सामने आता है तो हिंसा के उन इस्लामी कृत्यों की यह एक और पुष्टि होगी, जिसकी हमने चेतावनी दी है। चांसलर ओलाफ शोल्ज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे लोकतंत्र में हिंसा पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यह घटना मैनहेम शहर में एक चौराहे पर हुई। करीब तीन लाख की आबादी वाला यह शहर फ्रैंकफर्ट के दक्षिण में स्थित है।

## ब्रिटेन में विमान दुर्घटना, आरएएफ पायलट की मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमास के आतंकवादियों से गाजा युद्ध विराम के बदले बंधकों को रिहा करने के इस्राइल के नए प्लान पर सहमत होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस जानलेवा संघर्ष को खत्म करने का यही सबसे अच्छा तरीका है। बाइडन ने कहा कि संघर्ष विराम से मदद उन सभी लोगों तक प्रभावी ढंग से वितरित की जा सकेगी, जिन्हें इसकी जरूरत है। बाइडन ने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसकी इस्राइल के लिए आजीवन प्रतिबद्धता रही है। एकमात्र अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में जो युद्ध के समय इस्राइल गया है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने ईरान द्वारा हमला किए जाने पर इस्राइल की रक्षा के लिए सीधे अमेरिकी सेना भेजी थी, मैं आपसे एक कदम पीछे हटने का आह्वान करता हूं। सोचें कि अगर यह क्षण चला गया तो क्या होगा। हम इस अवसर को खो नहीं सकते।

# नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन की आपात बैठक, माधव नेपाल भी रहे मौजूद

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के एक प्रमुख नेता के विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों के बीच गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक हुई।

काठमांडू के सिंहदरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के प्रमुख पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की मौजूदगी में हुई इस बैठक में सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और अन्य घटकदलों के प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने वाले सीपीएन (यूएस) के प्रमुख माधव कुमार नेपाल को भी इस बैठक में बुलाया गया। नेपाल से विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया। सीपीएन (यूएस) के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने पर सरकार अल्पमत में



आ जाएगी। प्रतिनिधि सभा में सीपीएन (एमसी) के 10 सदस्य हैं।

बैठक के बाद केपी शर्मा ओली ने मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति को लेकर चर्चा हुई है। माधव नेपाल ने विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने को लेकर अपना पक्ष रखा। हालांकि माधव नेपाल ने बैठक से बाहर आने पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार किया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने दावा किया कि सरकार पर संकट के बादल फिलहाल छट गए हैं और सरकार को कोई खतरा नहीं है। सरकार गिराने और गठबंधन तोड़ने का विपक्षी दलों का प्रयास विफल कर दिया गया है। प्रचंड ने भरोसा दिलाया कि यह गठबंधन निरंतर चलने वाला है।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लगा बड़ा झटका, हश मनी केस में दोषी करार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। हश मनी केस में कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। अदालत ने फैसला सुनाने से पहले करीब 10 घंटे तक विचार-विमर्श किया। ट्रम्प की सजा को लेकर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने इस फैसले को शर्मनाक और धांधली वाला बताया है। हश मनी केस में अदालत की तरफ से डोनाल्ट ट्रम्प को दोषी करार दिए जाने के बाद अमेरिका के इतिहास में पहला ऐसा मामला है जब मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ आपराधिक मामला चला और उसे दोषी ठहराया गया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं।

ट्रम्प पर 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के बदले पैसों



का भुगतान करने (हश मनी) की बात छिपाने और अपने कारोबारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने के 34 आरोप हैं। दोषी करार दिए जाने के बाद ट्रम्प के इसी साल नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी पर सवाल खड़े हो सकते हैं। हालांकि अमेरिकी संविधान में आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने वाला कोई कानून नहीं है, जेल में बंद व्यक्ति भी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकता है।

## 'भारत-अमेरिका के संबंध समान विचार पर आधारित', शांगरी ला डायलॉग में बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री

एजेंसी

**मैड्रिड।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया कि भारत-अमेरिता के रिश्ते समान दृष्टि और समान विचार पर आधारित है। इन दोनों देशो के बीच के संबंधों में रफ्तार भी बढ़ेगी। ऑस्टिन की यह टिप्पणी शांगरी ला डायलॉग में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर पूछे गए सवाल पर आई। बता दें कि शांगरी ला डायलॉग एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है। भारत-अमेरिका के रिश्ते को लेकर एक प्रतिनिधि ने अमेरिकी रक्षा मंत्री से सवाल किया। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, ÷मौजूदा समय में भारत के साथ हमारे संबंध अच्छे हैं। यह उतना ही अच्छा और बेहतर है, जितना पहले था।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷हम भारत के साथ मिलकर बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में प्रगति हुई है।÷ ऑस्टिन ने आगे कहा, ÷भारत-अमेरिका के संबंध समान दृष्टि और समान विचार पर आधारित है। इसलिए मुझे लगता है कि इस रिश्ते में जो गति हम देख रहे हैं, वह न केवल जारी रहेगा



बल्कि ये रफ्तार भी पकड़ेगी।÷ हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर ऑस्टिन ने कहा, ÷इस क्षेत्र में अपने दोस्तों के साथ, रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत करने के लिए हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं।÷ उन्होंने आश्वासन दिया कि हिंद-प्रशांत में अमेरिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

**ऑस्टिन ने बताया क्यों एशियाई क्षेत्रों में अमेरिका अपनी उपस्थिति बनाए हुए है**

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अंतर्गत हिंद महासागर और दक्षिणी चीन सागर समेत ताइवान, फिलीपींस. ब्रूनेई, मलयेशिया और वियतनाम शामिल है। ऑस्टिन ने प्रतिनिधियों को बताया कि अमेरिकी रक्षा अद्योग को जापान समेत अन्य कई देशों के साथ एकीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर उन क्षमताओं में निवेश कर रहे हैं, जो स्थायी सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देता है।लॉयड ने बताया, हम अपने निवेश को अपनी रणनीति से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका तभी सुरक्षित रह सकता है जब एशिया सुरक्षित रहेगा। इसी वजह से अमेरिका लंबे समय से ही एशियाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है।

# इमरान खान ने कहा, मुझे जनरल बाजवा पर भरोसा करने का अफसोस

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि पद पर रहते हुए किए गए कार्यों में से जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा पर भरोसा करने का उन्हें अफसोस है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सेना प्रमुख ने दूसरा सेवा विस्तार पाने के लिए उनके बारे में ''कहानियां'' फैलाई। ज्ञात रहे कि इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं।

विपक्ष ने अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए 71 वर्षीय खान को सत्ता से अपदस्थ कर दिया था। खान ने बाजवा पर उनकी सरकार के खिलाफ अहम भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान वर्तमान में कई मामलों में अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की आलोचना की। इमरान खान ने यह बात डॉन



अखबार के पत्रकार मेहदी हसन को दिए साक्षात्कार में व्यक्त किए हैं।

खबर के मुताबिक जब खान से पूछा गया कि उनको कारागार में डालने के लिए वह किसे जिम्मेदार मानते हैं, तो पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ''मुझे पूरा यकीन है कि यह सब जनरल बाजवा का किया धरा है। मैं इसके लिए किसी और को जिम्मेदार नहीं मानता। उन्होंने इसकी सावधानीपूर्वक योजना बनाई और उसे अंजाम दिया, खुद को एक धोखेबाज व्यक्ति के रूप में पेश किया, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अराजकता फैलाने के लिए झूठ और झूठी कहानियां गढ़ीं। यह सब उन्होंने अपने सेवा विस्तार के लिए किया।''खान ने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने 2019 में जनरल बाजवा के लिए तीन साल का सेवा विस्तार मंजूर किया था। यह मंजूरी उनके सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त होने से बमुश्किल तीन महीने पहले दी गई थी। हालांकि, 2022 में 'बोल न्यूज' को दिए गए एक साक्षात्कार में खान ने कहा था कि उन्होंने सेवा विस्तार देकर गलती की है।खान ने अपने साक्षात्कार में कहा, ''वह (बाजवा) लोकतंत्र और पाकिस्तान पर अपने कार्यों के हानिकारक प्रभाव को समझने में पूरी तरह विफल रहे।''जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अब भी मानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन उन्हें पद से हटाने में शामिल था, तो खान ने इसके लिए पूरी तरह से पूर्व सेनाध्यक्ष बाजवा को जिम्मेदार ठहराया।

## चीन के सोशल मीडिया पर छाए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति, लोगों ने ट्रंप की सजा पर लिए मजे

एजेंसी


**बीजिंग।** पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत गुरुवार को दोषी पाया गया।

चीन के सोशल मीडिया मंच वीबो पर ट्रंप की सजा का विषय ट्रेंड कर रहा है। अबतक 12 करोड़ से अधिक बार इसे देखा गया है। कमेंट में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। कमेंट में ट्रंप के समर्थकों से कैपिटल को जुटाने और हमला करने का आग्रह किया गया है।

# 'पाकिस्तान का हिस्सा नहीं पीओके', इस्लामाबाद हाईकोर्ट में शहबाज सरकार का कबूलनामा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने हाल ही में माना था कि पाकिस्तान ने 1999 में भारत के साथ समझौता तोड़ा। अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर पाकिस्तानी सरकार ने एक नया बयान जारी किया। दरअसल, पीओके के कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह के दो सप्ताह से गायब होने को लेकर सुनवाई के दौरान पाकिस्तान सरकार ने कहा कि पीओके उनका हिस्सा नहीं है, यह एक विदेशी क्षेत्र है। नवाज शरीफ सरकार के इस बयान को सुनकर पाकिस्तान के लोग हैरान हैं। पीओके के कवि अहमद फरहाद को लेकर पाकिस्तान की सरकार के तरफ से वकील ने अदालत में कहा, अहमद फरहाद को गिरफ्तार



नहीं किया जा सकता है, क्योंकि पीओके हमारा नहीं बल्कि एक विदेशी क्षेत्र है।÷ हालांकि, सरकारी वकील के इस दावे पर हाईकोर्ट भी हैरान है। कोर्ट ने पूछा कि जब पीओके एक विदेशी क्षेत्र है तो पाकिस्तानी रेंजर्स वहां कैसे प्रवेश कर गए।

**पाकिस्तानी वकील ने जताई नाराजगी**

सरकारी वकील के इस बयान पर पाकिस्तान के पत्रकार हामिद मीर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ÷सरकारी वकील का यह दावा पीओके की स्थिति पर कई सवाल खड़े कर रहा है। अगर आजाद कश्मीर हमारा नहीं, तो फिर वहां पाकिस्तानी सैनिकों की तैनाती कैसे हुई।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷पाकिस्तान पीओके को बहुत नकारात्मक रूप से पेश कर रहा है। उन्होंने इस्लामाबाद से एक कवि का अपहरण कर लिया। उन्होंने पीओके में उसे गिरफ्तार किया और इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पीओके को एक विदेशी क्षेत्र बताया। इसका मतलब है कि उनके पास पीओके में कब्जा करने वाली सेना का अधिकार है, लेकिन पाकिस्तानी अदालतों का कोई क्षेत्राधिकार नहीं है।÷

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है।

## आजाद नगर अग्निकांडः अग्रवाल ने की पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग



**नई दिल्ली।** पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से आजाद नगर अग्निकांड के पीड़ितों को मुआवजा मुहैया कराने की मांग की है।श्री अग्रवाल ने श्री सक्सेना को पत्र लिखा है और उनसे मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये तथा जख्मी लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने की मांग की है। गौरतलब है कि गत शनिवार को कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी आजाद नगर की गली नंबर 1 सी के मकान नंबर 219 में भीषण आग लगी थी, जिसके कारण केशव शर्मा,अंजू शर्मा (मां-पुत्र) और प्रमिला साध की मृत्यु हो गई थी तथा पांच अन्य जख्मी हो गए थे।श्री अग्रवाल ने दिलशाद गार्डन स्थित जीटीबी अस्पताल इलाज करवा रही सोनम साध से आज मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सोनम अस्पताल में जिंगदी की जंग लड़ रही है। उसके दोनो हाथ बुरी तरह झुलस गए हैं। उसके पति भी नहीं हैं। वह अकेले ही 14 वर्षीय पुत्र का पालन-पोषण कर रही है, जो 10वीं कक्षा में पढ़ रहा है।

## अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद ही दें एग्जिट पोल : निवार्चन आयोग

**नई दिल्ली** । निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रानिक , प्रिंट और अन्य सभी तरह के प्रचार माध्यमों को निर्देश दिया है कि वे शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद ही एग्जिट पोल का प्रचार या प्रसार कर सकते हैं। आयोग ने 18 वीं लोकसभा के चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के संबंध में गत मार्च में जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि 19 अप्रैल सुबह सात बजे से लेकर एक जून शाम साढे छह बजे तक मीडिया के सभी प्रचार माध्यमों पर एग्जिट पोल के प्रचार प्रसार करने पर रोक रहेगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण तथा ओडिशा विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान होना है। आयोग ने कहा है कि शनिवार को शाम साढे छह बजे तक सभी तरह के एग्जिट पोल के प्रचार प्रसार पर रोक रहेगी।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के शेष भागों में आगे बढ़ा

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी, त्रिपुरा, मेघालय, असम के शेष भागों और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम के अधिकतर क्षेत्रों में आगे बढ़ गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि केरल और पूर्वोत्तर भारत में गुरुवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के आसार थे। मानसून केरल में अपनी सामान्य तिथि एक जून की जगह दो दिन पहले ही दस्तक दे चुका है। मौसम अधिकारियों



ने कहा, अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ स्थानों पर मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

## दिल्ली सरकार की गैर जिम्मेदाराना रवैये की वजह से जल संकट : सक्सेना

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राजधानी में पानी के मसले पर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच एक बार फिर आमने-सामने है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से पानी को लेकर दिल्ली सरकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया देखने को मिल रहा है। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा अपनी जान जोखिम में डाल कर एक बाल्टी पानी के लिए टैंकरों के पीछे भागते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली में 24 घंटे पानी आपूर्ति करने का वादा अब तक तो एक छलावा ही साबित हुआ है। सक्सेना ने कहा कि उन्हें बताया है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश लगातार अपने निर्धारित कोटे



का पानी दिल्ली को दे रहे हैं। इसके बावजूद, दिल्ली में पानी की कमी की जो सबसे बड़ी वजह है, वो यह है कि जितने पानी का उत्पादन हो रहा है, उसके 54 प्रतिशत का कोई हिसाब ही नहीं है। 40 प्रतिशत पानी सप्लाई के दौरान पुरानी और जर्जर पाइप लाइनों की वजह से बर्बाद हो जाता है।

उन्होंने बताया कि पिछले 10 सालों में दिल्ली सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद भी न तो पुरानी पाइप लाइनों की मरम्मत हो सकी और न उन्हें बदला जा सका है। ऐसे में न ही पर्याप्त नई पाइपलाइन डाली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि हद तो ये है कि इसी पानी को चोरी करके, टैंकर माफिया द्वारा गरीब जनता को बेचा जाता है।

## कांग्रेस लोकसभा एग्जिट पोल पर बहस में हिस्सा नहीं लेगी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता और मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है और उनका फैसला सुरक्षित है। कांग्रेस ने टेलीविजन चैनलों पर लोकसभा एक्जिट पोल पर होने वाली किसी भी बहस में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है और कहा है कि वह टीआरपी के लिए अटकलों और बहस में शामिल नहीं होना चाहती।

कांग्रेस प्रवक्ता और मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है और उनका फैसला सुरक्षित है। उन्होंने एक्स पर साझा किए गए एक बयान में कहा, परिणाम 4 जून को आएंगे। उससे पहले, हमें टीआरपी के लिए अटकलों और झगड़े में शामिल होने का कोई कारण नहीं दिखता। खेड़ा ने एक बयान में कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एग्जिट पोल पर बहस में भाग नहीं लेगी। किसी भी बहस का उद्देश्य लोगों को सूचित करना होना चाहिए। हम 4 जून से बहस में



खुशी-खुशी भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय पार्टी के भीतर विचार-विमर्श के बाद लिया गया।

## चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में बड़ी स्क्रीन पर होगा मतगणना से जुड़ी खबरों का प्रसारण

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बाजारों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर चार जून को बड़ी - बड़ी स्क्रीन लगा कर मतगणना से जुड़ी तमाम खबरों का प्रसारण किया जायेगा। दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने यहां बताया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर दिल्ली के व्यापारियों में बेहद उत्साह है जिसको देखते हुए क्षेत्र के सभी बाजारों और स्थानों पर मतगणना से जुड़े समाचारों का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन मार्केट एसोसिएशनों सहित अनेक सामाजिक संगठन करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज, हाई कोर्ट जाने को कहा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के मुंगेर संसदीय क्षेत्र में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश? चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया।

पीठ ने इस मामले में याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से अपनी फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जतायी न्यायमूर्ति शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाए बिना आप उसे दोषी ठहरा रहे हैं। कृपया वहां (उच्च न्यायालय) जाएं। शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की गुहार लगाई, जो स्वीकार कर ली गई। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ÷वर्तमान याचिका वापस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है। याचिका में राज्य (बिहार) के संबंधित अधिकारियों और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जा कर मतदान में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुंगेर के जिला चुनाव अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह को सभी प्रशासनिक जिम्मेदारियों से तत्काल हटाने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई गयी थी।

## निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस ) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर निमहांस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह समावेशी स्वास्थ्य सेवा में भारत के प्रयासों की मान्यता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव अपूर्व चंद्रा ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के प्रयासों और अग्रणी कार्य की मान्यता पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस उपलब्धि के लिए संस्थान को बधाई दी।


निमहांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने कहा, हमें प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा एवं सुविधा संवर्धन के लिए नेल्सन मंडेला पुरस्कार प्राप्त करने पर बेहद गर्व है। यह मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के हमारे मिशन को जारी रखने के हमारे संकल्प को मजबूत करता है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शिक्षा मंत्रालय ने जारी किया दिशानिर्देश

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने भावी पीढ़ियों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए शिक्षित करने और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहरायी है और इसको लेकर दिशानिर्देश जारी किया है।

मंत्रालय ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा,÷भावी पीढ़ियों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी हितधारकों और शिक्षकों से आग्रह करते हैं कि वे हमारे छात्रों को तंबाकू की लत और इसके हानिकारक प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाने और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लें।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस को एक विशेष विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष तंबाकू निषेध दिवस 2024 का विषय 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' है। साल 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम हमें भोजन की जरूरत है,




तंबाकू की नहीं' था।

तंबाकू के हानिकारक प्रभाव केवल धूम्रपान करने वालों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे लोग भी इसके खतरे में हैं, जो धुएं के संपर्क में आते हैं। उन्हें भी हृदय रोग, श्वसन के साथ कुछ खास तरह के कैंसर प्रभावित कर सकते हैं। कुल मिलाकर, तंबाकू का सेवन शारीरिक स्वास्थ्य पर भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे बीमारियों और मौतों में वृद्धि होती है और जीवन की गुणवत्ता कम हो जाती है।

मंत्रालय ने स्कूली छात्रों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने और इससे उनकी रक्षा करने को लेकर दिशानिर्देश जारी किया। मंत्रालय की ओर से जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों, श्रमिकों और अन्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य पर लंबे समय तक पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, तंबाकू की लत से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी देना, शिक्षण संस्थान, सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू की बिक्री और सेवन को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को बेहतर तरीके से लागू करना और वैधानिक चेतावनी तथा तंबाकू तक नाबालिगों की पहुंच निषेध करना और देश के सभी शिक्षण संस्थानों में स्वस्थ एवं तंबाकू मुक्त वातावरण मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है।

## पांच न्याय की गारंटी, संविधान की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : कांग्रेस

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उसका चुनाव प्रचार सकारात्मक रहा है और प्रचार के दौरान देश को पांच न्याय की गारंटी देने के साथ ही संविधान की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का वादा किया गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश, पवन खेड़ा तथा सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी का चुनाव प्रचार बहुत अच्छा रहा है और इसके जरिए जनता को सकारात्मक संदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 23 जनवरी से 16 मार्च तक देश के सामने 5 न्याय और 25 गारंटी रखी और प्रचार के दौरान जनता को पांच न्याय और 25 गारंटी देने का वादा किया है। इसके साथ ही हमने संविधान सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि चार जून को इंडिया गठबंधन को निर्णायक बहुमत मिलने जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा सबसे कमाल की बात यह है चुनाव आयोग में विपक्ष की एक नहीं सुनी। उन्होंने कहा ÷हमने 77 दिनों में चुनाव आयोग से 117 शिकायतें



कीं। ये शिकायतें आचार संहिता समेत कई अन्य उल्लंघनों के बारे में थीं। इनमें 14 शिकायतें नरेंद्र मोदी, आठ शिकायतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तीन शिकायतें गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गईं। लेकिन कई ऐसी शिकायतें हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने कहा की इन गारंटियों के माध्यम से श्रमिक न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय की बात की गई।

कांग्रेस ने न से न्याय के आधार पर अपनी बात रखी और अपना प्रचार किया। वहीं नरेंद्र मोदी और भाजपा ने 'म' से मंदिर, मंगलसूत्र, मटन, मुजरा जैसे शब्दों के आधार पर अपना प्रचार किया। इन सबके बाद अब प्रधानमंत्री ध्यान लगाने चले गए हैं। जिस आदमी ने पूरे 10 साल लोगों का ध्यान भटकाया, अब वह ध्यान लगा रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, ÷जब हम न्याय की बात कर रहे थे, तो नरेंद्र मोदी टोंटी और भैंस चोरी जैसी बातें कर रहे थे। कांग्रेस के प्रचार ने नरेंद्र मोदी के प्रचार को पटरी से उतार दिया। इस चुनाव में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था। उन्होंने कहा, जब भाजपा ने 400 पार का नारा दिया, तब इनके इरादे देश के सामने आए। भाजपा के कई नेताओं ने कहा कि वे संविधान बदल देंगे, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने संविधान को बचाने की मुहिम छेड़ दी। चुनाव से ज्यादा जरूरी हमारे लिए संविधान और लोकतंत्र को बचाना है।

## सितंबर में क्रूज पर होगा विश्व का पहला अंतर्राष्ट्रीय बी टू बी वेडिंग सम्मेलन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** विवाह समारोह के आयोजन पर पहला अंतर्राष्ट्रीय बी - टू - बी सम्मेलन इस वर्ष सितंबर में सिंगापुर में एक क्रूज (जहाज) पर होगा जिसमें देश विदेश की 300 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी।

इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ़ इवेंट इंडस्ट्री (आईसीईआई) के संयोजक गुंजन सिंघल ने कल देर शाम यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ब्लैक रॉक होटल और रिसॉर्ट के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस अभिनव महोत्सव का नाम राजस्थान की तर्ज पर क्रूजेस्तान-2024 रखा गया है। इस अवसर पर रिसॉर्ट्स वर्ल्ड क्रूज के अध्यक्ष माइकल गोह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - इंटरटेटमेंट कोलिन केर, बिक्री एवं विपणन उपाध्यक्ष नरेश रावल, वेडिंग




वोव (चेन्नई) के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी दक्षिणा नायडू मूर्ति, फोर्ट राजवाड़ा जैसलमेर के विनय खोसला, वेडिंग अफेयर्स पत्रिका के संस्थापक रजनीश राठी मौजूद थे।

## सात देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र पेश किये

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में चीन, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, कुवैत, इक्वाडोर, गिनी और फिजी के नये राजदूतों एवं उच्चायुक्तों के परिचय पत्र स्वीकार किये।

राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, चीन के राजदूत जू फेइहोंग, ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी एलिजाबेथ कैमरून और न्यूजीलैंड के उच्चायुक्त पैट्रिक जॉन राटा ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। विज्ञप्ति के अनुसार, अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले अन्य राजनयिकों में कुवैत



के राजदूत मेशल मुस्तफा जे अलशेमाली, इक्वाडोर के राजदूत फर्नांडो जेवियर बुचेली वर्गास, गिनी के राजदूत अलासेन कोंटे और फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी शामिल थे।

## कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में देर रात आग लग गई। स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल विभाग की 13 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल मेट्रो पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार बीती देर रात पौने एक बजे कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की 13 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह थाना करीब 650 गज में बना हुआ है। इसके आधे हिस्से में मेट्रो डीसीपी का ऑफिस है। जबकि आधे हिस्से में मेट्रो थाना है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## हिमांशु भाऊ गिरोह पर लगा मकोका

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में आतंक का पर्याय बने हिमांशु भाऊ गिरोह पर अब दिल्ली पुलिस ने मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) लगा दिया है। इस गिरोह के बदमाशों ने तिलक नगर के एक कार शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। इस दौरान करीब 6 लोग घायल हो गए थे। दरअसल, पिछले दिनों तिलक नगर के एक कार शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग



में शीशे पर गोली लगी थी। इसकी वजह से शोरूम के अंदर मौजूद करीब 6 लोग घायल हो गए थे, जिसमें एक भाजपा नेता भी शामिल था। वारदात की वजह शोरूम के मालिक से 5 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग करना था, जिसके लिए वहां पर्ची भी फेंकी गई थी। मामले की जांच का जिम्मा क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। जिसके बाद गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। इस गिरोह के सरगना के साथ-साथ कई बदमाशों पर अलग-अलग राज्यों में इनाम भी घोषित हैं। मामले में इन बदमाशों ने गिरफ्तार होने के बाद कई अहम खुलासे भी किए थे। दिल्ली सहित हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इस गिरोह का अच्छा खासा आतंक फैला है। ये लोग बड़े-बड़े कारोबारी से फिरौती की मांग करते हैं और इसी तरह से गोलीबारी कर उन्हें डराते हैं।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मिली संदिग्ध वस्तु, मचा हड़कंप

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आज शाम संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर कूड़े के ढेर में कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। बम निरोधक दस्ता से इसकी जांच कराई गई। इसमें कोई विस्फोटक नहीं मिला है।पुलिस के मुताबिक, नई दिल्ली



स्टेशन पर जो मिला है वह सेना की ट्रेनिंग में इस्तेमाल होने वाला ग्रेनेड वॉल है। इसमें पटाखे का बारूद डालकर इसे ट्रेनिंग में इस्तेमाल किया जाता है। इसमें कोई विस्फोटक नहीं है, जिससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं होता है। घटनास्थल पर पुलिस के अलावा जांच एजेंसी को भी बुलाया गया है, जो मामले की जांच कर रही है।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सिलेंडर में बलास्ट

एजेंसी

**हिसार।** जिले के कस्बा हांसी में शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। घटना के दौरान परिवार छत पर सो रहा था, जिन्होंने पड़ोसियों की छत पर कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हांसी के मोची मोहल्ला में शुक्रवार सुबह घर में आग लग गई। आग इतनी जबरदस्त थी कि मकान का लेंटर भी टूट गया। ग़नीमत यह रही कि घटना के समय मकान के अंदर कोई भी नहीं था। परिवार के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे। धमाके की आवाज सुनकर उन सभी ने पड़ोसी की छत पर कूद कर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि जिस सिलेंडर में आग लगी है उसमें बहुत कम गैस थी लेकिन इससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। वही मकान में एक भरा हुआ गैस सिलेंडर भी रखा हुआ था लेकिन आग उस तक नहीं पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग काबू पाया गया। इससे पहले गुरुवार को भी हांसी के मलिक हॉस्पिटल के नजदीक एक एंबुलेंस में आग लग गई थी। घटना के समय एंबुलेंस में ड्राइवर बैठा था जिसने भाग कर अपनी जान बचाई थी। आज फिर से आग घर में आग लगने से सिलेंडर फट गया।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एक हजार वाहनों के चालान काटे

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस टीम के द्वारा ब्लैक फिल्म, विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, ओवर स्पीड, लेन चेंज, लाल एवं ब्लू लाइट के अनाधिकृत प्रयोग करना, प्रेशर हॉर्न इत्यादि के खिलाफ चेकिंग का विशेष अभियान चला कर वाहन चालकों को जागरुक करते हुए चालान काट कर जुर्माना लगाया है। पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले 3 दिन में ब्लैक फिल्म के 64, विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 127, विदाउट नंबर प्लेट के 44, ओवर स्पीड के 374, लेन चेंज के 63, लाल व ब्लू बत्ती के अनाधिकृत प्रयोग के 02, प्रेशर हॉर्न के 19 चालान व इसके साथ ही ऑटो/रिक्शा चालकों के यूनिक कोड व विदाउट यूनिफॉर्म के 348 चालान कुल 1041 वाहन चालको के चालान कर जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पुलिस द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक भी किया जा रहा है, परंतु कुछ वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते जिससे यातायात में दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात को सुधार के लिए ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान काटने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एसीपी अमित ने 3 इंस्पेक्टर, 2 एसआई व एक एचसी को विदाई दी

**सोनीपत।** सहायक पुलिस आयुक्त यातायात अमित व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले 3 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक व एक मुख्य सिपाही को उनकी लम्बी सेवाओं के उपरांत विदाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में कल्याण निरीक्षक, लाइन अफसर, पुलिस प्रवक्ता, प्रवाचक सहायक पुलिस आयुक्त यातायात शामिल रहे। कल्याण शाखा के निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बतलाया कि पुलिस विभाग के 06 अधिकारी, कर्मचारी निरीक्षक रिच्छपाल, राज सिंह, कर्मवीर व उप निरीक्षक- सतीश, राजीव व मुख्य सिपाही रमेश पुलिस विभाग को अपनी लम्बी सेवाएं देकर आज सेवानिवृत हुये हैं। इनके द्वारा पुलिस विभाग को दी गई सेवाओं का उल्लेख करते हुये उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मचारियों को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात अमित द्वारा सम्मान चिन्ह व उपहार देकर भी सम्मानित किया।



## जिला कारागार से मोबाइल फोन, अफीम तथा चरस बरामद

**जींद।** सर्च अभियान के दौरान जिला कारागार में तीन संदिग्ध पैकिंग बरामद की गई, जिसमें मोबाइल, अफीम तथा चरस थी। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक, परिजनर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वीरवार को जेल उपाधीक्षक सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जेल परिसर में जेल कर्मियों द्वारा तलाशी अभियान चला गया था। तलाशी के दौरान बैरक नंबर एक के पास, कैंटीन पार्क तथा बैरक एक तथा दो के बीच तीन पैकिंग मिली। जब पैकिंगों को खोल कर देखा गया तो एक पैकिंग में चार मोबाइल सेट मिले। दूसरी पैकिंग में अफीम जैसा आठ ग्राम नशीला पदार्थ मिला। जबकि तीसरी पैकिंग में 12 ग्राम चरस पाई गई। जिन्हें कब्जे में ले लिया गया।

# हरियाणा का दिल्ली पर पलटवार, तय कोटे से ज्यादा दे रहे पानी

### केजरीवाल के ट्वीट पर भड़के हरियाणा के मंत्री

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा से पानी की सप्लाई कम किए जाने के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आरोप पर हरियाणा के कई मंत्री भड़क गए। राज्य के मंत्रियों ने दिल्ली सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए दावा किया कि दिल्ली को तय कोटे से अधिक पानी दिया जा रहा है। दिल्ली में छाए पेयजल संकट पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि दिल्ली को हरियाणा की तरफ से कम पानी दिया जा रहा है। दिल्ली में पानी की कमी को लेकर केजरीवाल ने भाजपा से अपील कि यह राजनीति का नहीं, मिलकर काम करने का समय है। भाजपा हरियाणा और यूपी सरकार से बात कर दिल्ली को पानी दिलाए।

केजरीवाल के ट्वीट पर



हरियाणा के सिंचाई मंत्री अभय यादव, कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर और पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कड़ा जवाब दिया। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली को 350 क्यूसिक पानी ज्यादा दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार पानी किल्लत को लेकर ड्रामेबाजी कर रही है। दिल्ली को अपनी पानी व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। गुर्जर ने कहा कि पीछे से आ रहे पानी में हरियाणा की ओर ज्यादा पानी दिया जा रहा है। इसके बाद भी दिल्ली पानी किल्लत का रोना रोती है। सिंचाई राज्यमंत्री अभय यादव ने दिल्ली के आरोपों का जवाब दिया कि जितना दिल्ली का अधिकार बनता है, उससे ज्यादा पानी हरियाणा की ओर से दिया जा रहा है। दिल्ली का अधिकार 719 क्यूसिक पानी का है, जबकि हरियाणा उसे 1049 क्यूसिक पानी दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की है, उसका हरियाणा तथ्यों के साथ जवाब देगा। अभय यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय मुद्दों का राजनीतिकरण किया जाता है। दिल्ली को पानी देने में हरियाणा नहीं कोई राजनीति नहीं कर रहा है। हरियाणा को जितने पानी की जरूरत है, उतना ही पानी है। जिस तरह हरियाणा अपने संसाधनों से पानी का प्रबंधन करता है, उसी तरह दिल्ली भी अपना प्रबंधन ठीक करे।

हरियाणा के पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ने जल संकट पर केजरीवाल सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली का पानी माफिया जनता तक पानी पहुंचने नहीं दे रहा है। दिल्ली में तस्करों को पता है की सबसे ज्यादा कमाई पानी से होती है। इसलिए दिल्ली को हरियाणा पर आरोप लगाने की बजाय यह पता लगाना चाहिए कि दिल्ली का पानी कहां जा रहा है। दिल्ली में पानी चोर हैं, जो पानी की तस्करी करते हैं। पानी को लेकर दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने पर महिपाल ढांडा ने जवाब दिया कि वहां भी केजरीवाल सरकार मुंह की खाएगी।

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने दिल्ली मुख्यमंत्री केजरीवाल से पूछा कि पंजाब कहता है कि हम पानी नहीं देंगे, एसवाईएल का मुद्दा सुलझ नहीं रहा है। इसके बावजूद भी हरियाणा दिल्ली को पानी दे रहा है। अब दिल्ली मुख्यमंत्री अतिरिक्त पानी मांग रहे हैं, दिल्ली सरकार कोर्ट में कुछ दलील देती है और जनता के सामने कुछ बोलती है। केजरीवाल केवल नेगेटिव नेरेटिव सेट करते हैं।

## एएसआई व सिपाही ने की ईमानदारी की मिसाल पेश



एजेंसी

**गुरुग्राम।** यातायात पुलिस गुरुग्राम में राजीव चौक पर तैनात सिपाही नरेंद्र ने ड्यूटी पर तैनात रहते हुए ईमानदारी का परिचय दिया है। उनको ड्यूटी के दौरान एक फोन पड़ा हुआ मिला। सिपाही नरेंद्र ने जब फोन को उठा कर देखा तो फोन चालू हालत में था। सिपाही नरेंद्र ने मिले हुए फोन की सूचना राजीव चौक पर तैनात एएसआई सुमेर सिंह को दी। जिस पर सुमेर सिंह ने फोन को अपने पास रख लिया और फोन के मालिक की कॉल आने का इंतजार किया। कुछ समय पश्चात मोबाइल फोन पर कॉल फोन के मालिक की कॉल आई जिस पर एएसआई सुमेर सिंह ने फोन पर फोन मालिक को को कहा कि आपका फोन सुरक्षित है। ट्रैफिक बूथ राजीव चौक पर आकर अपना फोन ले जाने के संबंध में कहा। कुछ समय पश्चात फोन का मालिक सुधीर कुमार राजीव चौक ट्रैफिक बूथ पर आया और उसने अपने मोबाइल के बारे में जानकारी दी। उसकी जानकारी से संतुष्ट होने पर एएसआई सुमेर सिंह ने मोबाइल फोन उसे सौंप दिया। उसे एएसआई सुमेर सिंह और सिपाही नरेंद्र का धन्यवाद किया।

## प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या, होटल के बाथरूम में मिले दोनों के शव

एजेंसी

**हिसार।** शहर के एक होटल में प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। इसमें युवती शादीशुदा थी और एक दिन पहले ही उसके पति ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। होटल में प्रेमी जोड़े द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। युवती दोपहर से गायब बताई गई। जानकारी के अनुसार रेलवे रोड पर पेटेरा नाम से होटल में गुरुवार की दोपहर बाद दो बजे मदनहेड़ी निवासी 28 वर्षीय युवक सुमित कुमार व सिवानी बोलान निवासी 26 वर्षीय युवती आए और उन्होंने कमरा मांगा। इस पर होटल के मैनेजर ने युवक-युवती से उनके आधार कार्ड और एड्रेस मांगा। युवक ने दोनों आधार कार्ड के प्रथम पेज की कापी मैनेजर को देते हुए कहा कि बाकी एड्रेस होटल के कमरे में पहुंचकर पहुंचा देंगे। इस पर होटल मैनेजर ने युवक युवती को कमरा नंबर 110 की चाबी दे दी।

कुछ देर बाद युवक युवती ने चाय का आर्डर किया। उसके बाद उन्होंने कोई आर्डर नहीं किया रात लगभग 11 बजे युवक व युवती ने खाने का आर्डर भी दिया। सुबह होने खटखटाने की बात कही और रिस्पांस नहीं मिलने पर 112 पर कॉल करने के लिए कहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने होटल का कमरा खोला।



पर युवक व युवती द्वारा होटल प्रबंधन को किसी तरह का कोई आर्डर नहीं दिया गया। सुबह लगभग 11 बजे रूम चेक करते समय होटल के कारिंदे ने रूम का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई रिस्पांस नहीं मिला। इस पर होटल मैनेजर ने होटल के एमडी कुश मित्तल को फोन कर मामले की सूचना दी। एमडी ने उन्हें एक बार फिर से दरवाजा पुलिस ने अंदर जाकर देखा कि कमरे के बाथरूम में युवक व युवती की लाश पड़ी है। बताया जाता है कि पुलिस को कमरे से एक शीशी मिली है। ऐसा अनुमान है कि शीशी में जहरीला पदार्थ था, जिसका सेवन करके प्रेमी युगल ने सुसाइड किया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इसके बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी।

## दृढ़ संकल्प कर छोड़ सकते तंबाकू का सेवन : मोहित हांडा

एजेंसी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा का कहना है कि तंबाकू के सेवन से शरीर को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे फेफड़ों व मुंह के कैंसर का खतरा बना रहता है। वे अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस पर नागरिकों को संदेश दे रहे थे।

उन्होंने आमजन को तंबाकू और धूम्रपान से सेहत को होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में संदेश देते हुए कहा कि दुनिया भर में तंबाकू के सेवन से हो रहे नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे की जकड़ में फंसता जा रहा है जिसे रोकना बहुत जरूरी है। नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा तंबाकू के आदी हो रहे हैं, जो चिंता का विषय है। तंबाकू के सेवन से दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों लोग मौत का शिकार हो रहे हैं। तंबाकू से मुंह का कैंसर होता है, इसके अनेक दुष्प्रभाव है, इसका सेवन बिलकुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने तंबाकू के जानलेवा बताया और कहा कि ऐसे लोग जो धूम्रपान और तंबाकू का सेवन बड़े शौक से करते हैं, धीरे-धीरे ये शौक उनकी लत बन जाती है। दरअसल तंबाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे धीरे मौत के मुंह में धकेलता जाता है। इससे कई तरह की बीमारियां भी होती हैं लेकिन लोग जाने अनजाने में तंबाकू के प्रोडक्ट्स का सेवन करते रहते हैं। लोग बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, जर्दा, खैनी, हुक्का, चिलम जैसे तंबाकू प्रोडक्ट्स का सेवन कर अपनी उम्र को कम करते जाते हैं। लोग दृढ़ संकल्प करने के बाद



तंबाकू का सेवन छोड़ सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से अपील की कि युवा नशे से दूर रहें। नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। नशे से दूर रहकर वह अपना और अपने परिवार का जीवन सुखी बना सकते हैं। युवा अपना पूरा ध्यान शिक्षा और खेलों में लगाएं और अपने देश का नाम रोशन करें। युवा यह प्रण लें कि वे भविष्य में कभी भी धूम्रपान एवं तम्बाकू का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## भांग के पौधों को अभियान चलाकर करें नष्ट: मोनिका गुप्ता

एजेंसी

**नारनौल।** जिला में युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन लगातार युवाओं को इस बुराई से दूर रखने के लिए कार्य कर रहा है। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय में नार्को कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार अहम कदम उठाए जा रहे हैं। भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। युवाओं को इस बुराई से दूर रखने के लिए अधिकारी भी लगातार उन्हें



जागरूक करें। युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के साथ जोड़े रखें। डीसी ने कहा कि जिला में यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी सड़कों के किनारे अथवा किसी भी अन्य स्थान पर भांग के पौधे ना हो। इन्हें एक अभियान चलाकर खत्म किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में नशे का कारोबार किसी भी सूरत में नहीं पनपने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम मिशन दल और वार्ड मिशन दल अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नशा पर निर्भर रोगियों व नशे की लत से ग्रस्त लोगों की पहचान के साथ ही जागरूकता अभियान भी जारी रखें। इसमें पंचायत विभाग तथा वन विभाग की मदद ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार दवाइयों की दुकानों पर भी छापेमारी जारी रखें। बिना डॉक्टर की परामर्श के दुकानों पर दवाइयां नहीं बिकनी चाहिए।

## मतगणना पर्यवेक्षकों के लिए नियुक्त किए लाइजनिंग अधिकारी

एजेंसी

**हिसार।** हिसार लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी प्रदीप दहिया ने लोकसभा आम चुनाव में मतगणना पर्यवेक्षकों के लिए लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किए हैं।

उन्होंने बताया कि मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी तथा व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर नारनौंद, हांसी, हिसार विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केंद्रों के लिए पर्यवेक्षक गोपाल चंद के लिए आबकारी एवं कराधान अधिकारी रामेश्वर दहिया को, आदमपुर एवं उकलाना विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केंद्रों के लिए पर्यवेक्षक मिगे कामकी के लिए आबकारी एवं कराधान अधिकारी नरेश चौधरी तथा बरवाला व नलवा विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केंद्रों के पर्यवेक्षक अनुराग कौशल सिंह के लिए लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) डिवीजन-3 के एसडीओ दलबीर सिंह को लाइजनिंग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## नई शिक्षा नीति वर्तमान भारत की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप : प्रो. एच.एल.वर्मा

### बीएमयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के मुद्दे और चुनौतियां विषय पर सेमिनार का आयोजन

एजेंसी

**रोहतक।** श्रीबाबा मस्तनाथ इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 उच्च शिक्षा के कार्यान्वयन के मुद्दे और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. कर्मपाल सिंह ने सरल एवं सहज भाषा में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 गुणवत्ता परक व्यावसायिक शिक्षा पर बल देती है, जिससे विद्यार्थी देश-विदेश में रोजगार प्राप्त कर अपने जीवन को संवार सकें।

उन्होंने उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते समय आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए उचित उपाय भी बताए। उन्होंने शोधार्थियों की शंकाओं का निवारण भी किया। उन्होंने मूल्य परक शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा में सभी प्रकार के मूल्यों को पर्याप्त स्थान मिलना चाहिए क्योंकि मूल्य ही व्यक्ति को संवेदनशील बनाते है। संवेदनशील बताया कि आजादी के बाद बनने वाली पूर्व की दो शिक्षा नीतियों ने भारत के कल्याण में अपना पूर्ण योगदान दिया जिसके बल पर भारत



मनुष्य ही सच्चे अर्थों में मानव की श्रेणी में आता है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. एच.एल.वर्मा ने नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नीति वर्तमान भारत की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार की गई है, जिसका उच्च शिक्षा में लागू होना अति अनिवार्य है। इसके लिए सभी की सामूहिक साझेदारी आवश्यक है

प्रो. सुभाष चंद्र गक्खड ने ने अब तक का विकास मार्ग तय किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रमिला मलिक, रजिस्ट्रार डॉ मनोज वर्मा, डीन अकादमिक डॉ नवीन कपिल, डा. बीएम यादव, डॉ सुधीर मलिक, डॉ. अरुणाचल, डॉ. जेके शर्मा, डॉ. मधु अहलावत, डॉ. अनिल डूडी, डॉ. अनिल कनवा, डॉ. पल्लवी, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. अर्चना शर्मा, रीतू रानी, डॉ. सुचिता, डॉ. सुनीता एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## संडील में संदिग्ध परस्थितियों में गिरा मकान, दादी व पोती घायल



एजेंसी

**जींद।** गांव संडील में संदिग्ध परस्थितियों में मकान गिरने से छत पर सोई दादी-पोती घायल हो गई, जबकि अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आई है।

घायलों को नरवाना के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया है। जहां पर चिकित्सों द्वारा घायलों का ईलाज चल रहा है।

संडील निवासी मकान मालिक चंद्र ने बताया कि वीरवार शाम को घर के सभी सदस्य खाना खाकर मकान की छत पर सोए हुए थे। अचानक शुक्रवार सुबह मकान की छत गिरने से छत पर सोई दादी रतनी तथा पोती आशु घायल हो गई, जबकि लड़का भिशु तथा पुत्रवधु अंजू को मामूली चोटें आई है। आसपास के लोगों ने मकान गिरने की सूचना मिलते ही घायलों को रात को ही नरवाना के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया है, जहां उनका ईलाज चल रहा है।

## पूरी निष्ठा के साथ मतगणना दायित्वों को निभाए काउंटिंग स्टाफः डॉ. मनोज कुमार

### जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने मतगणना स्टाफ की प्रशिक्षण कार्यशाला में संबोधित किया

एजेंसी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि चुनाव के तहत काउंटिंग स्टाफ मंगलवार को होने वाली मतगणना प्रक्रिया में सौंपे गए दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। डॉ. मनोज कुमार दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में मतगणना कर्मियों के लिए आयोजित प्रथम प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। इसके बाद ईवीएम मशीन से मतों की गणना की जाएगी। मतगणना कक्ष, मतगणना परिसर, स्ट्रांग रूम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की नजर में रहेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना कार्य से संबंधित सभी पहलुओं बारे प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रैक्टिकल करके दिखाया गया तथा मतगणना डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा सहित संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मतगणना के



कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, आरटीए संजय कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त रेणुका, डीआरओ हरिओम अत्री, दौरान मतगणना में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना से संबंधित सभी पहलुओं का ज्ञान होना चाहिए। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से जिले के छः विधानसभा क्षेत्रों राई, खरखौदा, सोनीपत, गन्नौर, गोहाना, बरोदा की मतगणना के लिए टीम का चयन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बीजेपी साउथ में साफ, नॉर्थ में हाफ, हरियाणा में हो सकता है सुपड़ा साफः भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

एजेंसी

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हरियाणा से बीजेपी का सुपड़ा साफ हो सकता है, क्योंकि चुनाव में जनता का रुझान पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में नजर आया और अब बीजेपी के नेता भी हार के बहाने ढूंढने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा लगाए जा रहे बोगस वोटिंग के आरोप चुनाव में उनकी हार की स्वीकृति है। हार की बौखलाहट में ही बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री अधिकारी और कर्मचारियों को धमकी दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा डी-पार्क स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान के लिए हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में वोटिंग के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। बावजूद इसके भाजपा नेता अब बोगस वोटिंग के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, जबकि हर पोलिंग बूथ में बीजेपी के एजेंट मौजूद थे। मौके पर किसी भी एजेंट ने ऐसी कोई शिकायत नहीं की, लेकिन जब बीजेपी को हार सामने दिखने लगी तो उसके नेता ऐसी बयानबाजी करने लगे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पूरे देश की जनता बीजेपी की वादाखिलाफी से खासी नाराज थी। इसलिए इस बार चुनावी नतीजे ऐसे लग रहे हैं, बीजेपी साउथ में साफ, नॉर्थ में हाफ, बीजेपी का गिरा ग्राफ। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा की जनता विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को करारा सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। हरियाणा की जनता को यह मौका जल्द ही मिलना चाहिए, क्योंकि प्रदेश में अल्पमत की सरकार चल रही है। जिस पार्टी के पास बहुमत न हो, उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने राज्यपाल से भी इस बारे में मांग की है। पार्टी ने प्रस्ताव दिया है कि राज्यपाल सरकार को भंग करके, जल्द प्रदेश में विधानसभा चुनाव की व्यवस्था करें। दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच पानी को लेकर हो रही बयानबाजी पर भी पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि पूरे हरियाणा में भी आज पानी और बिजली की जबरदस्त किल्लत है। रोहतक में तो लंबे समय से लोग इसका सामना कर रहे हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** लगातार तीन हफ्ते लगातार बढ़ने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में इस हफ्ते मामूली सी गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त हफ्ते में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की उछाल के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 24 मई को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा है। आरबीआई के मुताबिक इस अवधि में मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। इसका कारण डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में आयी गिरावट माना जा रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया है। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 10 लाख डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रह गया।

## मारुति सुजुकी का डीलर इन्वेंट्री फाइनेंसिंग के लिए डीबीएस बैंक के साथ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने डीलर इन्वेंट्री फंडिंग के लिए डीबीएस बैंक के साथ एक समझौता किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया समझौता देश भर में 3,863 से अधिक मारुति सुजुकी बिक्री आउटलेटों के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग विकल्पों को बढ़ाता है। कंपनी के विपणन और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा कि यह साझेदारी देश भर में मारुति सुजुकी के व्यापक डीलर नेटवर्क को उनकी बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप नवीन वित्तीय उत्पाद प्रदान करने की दिशा में एक कदम है।उन्होंने कहा, ÷ यह रणनीतिक गठबंधन हमारे डीलर भागीदारों के लिए व्यापक कार्यशील पूंजी समाधान प्रदान करने के लिए एमएसआईएल और डीबीएस बैंक इंडिया की संयुक्त क्षमताओं का उपयोग करके बैंक के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करता है।

## सीपीसी का 15 वर्ष पूर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के बेंगलुरु स्थित केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) ने अपनी यात्रा के 15 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से सीपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। 15 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर सीपीसी को बधाई देते हुए उन्होंने वहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्बाध करदाता सेवाएँ प्रदान करने के लिए उनके ईमानदार और समर्पित प्रयासों की सराहना की।



सीबीडीटी के सदस्य (एस बाद एफ एफ) संजय कुमार वर्मा ने सीपीसी बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की और इसमें अन्य अधिकारियों/अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें वे लोग भी शामिल थे जो इस परियोजना से जुड़े रहे थे। सीपीसी की स्थापना 2009 में एक बैक-ऑफिस सुविधा के रूप में की गई थी, ताकि ई-फाइल और पेपर रिटर्न को अधिकार क्षेत्र से मुक्त तरीके से संसाधित किया जा सके और करदाता द्वारा देय कर या देय रिफंड का शीघ्रता से निर्धारण किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में, सीपीसी निर्बाध करदाता सेवाओं के एक चमकते हुए प्रकाश स्तंभ के रूप में उभरा है और उन्हें बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करता है।

## एलजी का नया वैश्विक अभियान 'आशावाद के साथ जीवन अच्छा है' शुरू

**नयी दिल्ली।** कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 'लाइफ्स गुड' वैश्विक अभियान लॉन्च किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में इसको एलजी ब्रांड के पुनरुद्धार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुये कहा कि 'आशावाद के साथ जीवन अच्छा है' के प्रेरक बैनर के तहत अभियान का उद्देश्य सकारात्मकता की भावना पैदा करना और लोगों को जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## एआईबीईए अपनी विशेष वेबसाइट 'बैंक क्लिनिक' करेगी लॉन्च

**हैदराबाद।** बैंक कर्मचारियों की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन, अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) शनिवार को मुंबई में अपनी विशेष वेबसाइट बैंक क्लिनिक लॉन्च करेगी। एआईबीईए ने यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ सुनील मेहता वेबसाइट लॉन्च करेंगे।

# मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी विकास की गति जारी रहेगी : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर शानदार है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी विकास की गति जारी रहेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आज के जीडीपी आंकड़ें में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.2 फीसदी और वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही के लिए 7.8 फीसदी की वृद्धि दर के साथ मजबूत आर्थिक विकास को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय जीडीपी वृद्धि दर दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।

सीतारमण ने कहा कि यह ध्यान देने योग्य है कि विनिर्माण क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में 9.9 फीसदी की




उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा कहा कि कई उच्च आवृत्ति संकेतक ये संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी भारत की विकास गति जारी रहेगी।

# जनवरी-मार्च की तिमाही में 7.8 फीसदी रही देश की जीडीपी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 फीसदी रही है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6.2 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में 8.6 फीसदी की उच्च दर से बढ़ी थी। हालांकि, चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुमान 6.9 फीसदी के पार पहुंच गई है। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में



देश की जीडीपी 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रही थी। हालांकि, एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। गौरतलब है कि जीडीपी निश्चित अवधि में देश की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताती है।

# देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई। इससे पिछले महीने यह 5.2 फीसदी और फरवरी में 7.1 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में सालाना आधार पर बढ़कर 6.2 फीसदी (अंतिम) हो गई है। इससे पिछले महीने मार्च में यह 5.2 फीसदी और फरवरी महीने में 7.1 फीसदी रही थी, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 फीसदी रही थी।आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है। इसके अलावा कोयला, इस्पात, कच्चे तेल और सीमेंट के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 फीसदी रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 फीसदी थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 फीसदी से घटकर 7.1 फीसदी पर आ गई जबकि सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी की दर से बढ़ा है।


उल्लेखनीय है कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इन उद्योगों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 फीसदी की हिस्सेदारी है।

## रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 100 टन सोना अपने भंडार में स्थानांतरित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 1991 के बाद पहली बार ब्रिटेन से 100 टन से ज्यादा सोना अपने भंडार में स्थानांतरित किया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने बड़े पैमाने पर इस कीमती धातु को स्थानीय स्तर पर रखे गए स्टॉक में जोड़ा गया है।

सूत्रों ने बताया कि आने वाले समय में फिर से इतनी ही मात्रा में सोना देश में आ सकता है। जानकारी के मुताबिक आरबीआई ने कुछ साल पहले सोना खरीदना शुरू किया था। चूंकि यह स्टॉक विदेशों में जमा हो रहा था इसलिए कुछ सोना भारत लाने का फैसला किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड पारंपरिक रूप से कई केंद्रीय बैंकों के लिए स्वर्ण भंडार गृह रहा है। भारत इससे अलग नहीं है, स्वतंत्रता पूर्व के दिनों से लंदन में पीली धातु यानी सोना के कुछ स्टॉक पड़े हुए हैं, जिसे भारत लाया गया है। उल्लेखनीय है कि हालिया आंकड़ों के अनुसार मार्च के अंत में आरबीआई के पास



822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन सोना विदेशों में था। हाल के वर्षों में सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में रिजर्व बैंक शामिल है, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इसमें 27.5 टन सोना जोड़ा गया था।

# डीजीसीए ने किया उड़ानों में विलंब के लिए एयर इंडिया से जवाब तलब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की समुचित देखभाल में नाकाम रहने के लिए एयर इंडिया को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब मांगा है।

सूत्रों ने बताया कि डीजीसीए ने 30 मई को एयर इंडिया की दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली उड़ान में 24 घंटे की विलंब के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के मुताबिक एयर इंडिया से 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 179 के परिचालन में अनावश्यक विलंब का जिक्र करते हुए जवाब मांगा गया है। डीजीसीए की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक एयर इंडिया की ये दोनों उड़ानें केबिन के भीतर तापमान नियंत्रित न होने की वजह से काफी विलंब से संचालित हुई थीं। विमान में देरी और अंदर




अपर्याप्त कूलिंग के कारण कई यात्रियों को परेशानी हुई और असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। जानकारी के मुताबिक नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड़ानों में देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के इस मामले का संज्ञान लिया है, जिसके बाद एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है।

डीजीसीए ने भेजे नोटिस में कहा है कि एयर इंडिया के खिलाफ कई बार यात्री सुविधा से जुड़े मानकों का ध्यान न रखे जाने के मामले उसके संज्ञान में आ चुके हैं। विमानन नियामक ने कहा कि एयर इंडिया बार-बार यात्रियों का ध्यान रख पाने में नाकाम हो रही है। वह यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है। ऐसे में एयर इंडिया को बताना होगा कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

# बैंकों ने 2014 से लेकर 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से लेकर 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है। हाल में भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह 2014 से पहले की स्थिति के बिल्कुल विपरीत है, जब इंडियन नेशनल कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को खराब ऋणों, निहित स्वार्थों, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के दलदल में बदल दिया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके तहत



64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने डूबे कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।वित्त मंत्री ने कहा कि यह दुख की बात है कि विपक्षी नेता अब भी 'राइट-ऑफ' और माफी के बीच का अंतर नहीं कर पा रहे हैं। आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'राइट-ऑफ' के बाद बैंक सक्रिय रूप से डूबे कर्ज की वसूली करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्योगपति के कर्ज को 'माफ' नहीं किया गया है। 2014 से 2023 के बीच बैंकों ने खराब ऋणों से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है।

# पांच दिन की गिरावट के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाए 2.19 लाख करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार पांच कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि आज भी कारोबार के दौरान मुनाफावसूली का दबाव साफ-साफ नजर आया, जिसके कारण शेयर बाजार जोरदार छलांग लगाने के बावजूद मामूली बढ़त के साथ ही बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान रियल्टी, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स में बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी का रुख बना रहा। दूसरी ओर एफएमसीजी, आईटी, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदार हावी नजर आए, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 412.55 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 410.36 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.19 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,915 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,841 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,983 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 91 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,258 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,113 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,145 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 322.93 अंक उछल कर 74,208.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक 593.29 अंक की तेजी के साथ 74,478.89 अंक के स्तर तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई। इसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 700 अंक से ज्यादा टूट कर 120.45 अंक की कमजोरी के साथ 73,765.15 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद एक बार फिर खरीदारी शुरू हो गई। इसकी वजह से सेंसेक्स ने हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 75.71 अंक की बढ़त के साथ 73,961.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 79.45 अंक की मजबूती के साथ 22,568.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 165.10 अंक उछल कर 22,653.75 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में भी गिरावट आ गई।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, बिटकॉइन और एथेरियम की बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 6 आभासी मुद्राएं बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 4 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 68 हजार डॉलर के स्तर के ऊपर पहुंचने में सफल रहा है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 68,333.59 डॉलर यानी 57.02 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी



तरह एथेरियम की कीमत भी आज 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,796.16 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.01 प्रतिशत, सोलाना 0.96 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.11 प्रतिशत और डॉगकॉइन 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 0.12 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, टॉनकॉइन 1.34 प्रतिशत और कार्डानो 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.44 प्रतिशत की तेजी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.54 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 211.97 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में मजबूती आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट आई है। इस अवधि में कुल 7,401 करोड़ डॉलर यानी 6.18 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 10.10 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.03 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.92 प्रतिशत हो गई है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72




रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.13 प्रतिशत फिसलकर 77.81 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.79 प्रतिशत लुढ़ककर 81.21 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस आईपीओ 13.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुआ लिस्ट

एजेंसी

**मुंबई ।** ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के स्टॉक की शेयर बाजार में सकारात्मक लिस्टिंग हुई। एनएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 13.58 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ इश्यू प्राइस 383 के मुकाबले 435 पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 12.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 432 रुपये पर लिस्ट हुआ। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के शेयर की लिस्टिंग उम्मीद से कम हुई है। बाजार के जानकारों का मानना है कि इसकी लिस्टिंग 500 रुपये से लेकर 510 के बीच हो सकती है। बता दें, ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। बीएसई के डेटा के मुताबिक, आईपीओ 108.56 गुना सब्सक्राइब हुआ था। योग्य संस्थागत खरीददारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व कोटा 116.95 गुना,




गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 129.81 गुना और रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 54.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कर्मचारियों के लिए रिजर्व कोटा 25.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ में क्यूआईबी के लिए 75 प्रतिशत, गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए 15 प्रतिशत और रिटेल निवेशकों के लिए 10 प्रतिशत कोटा रिजर्व रखा गया था। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस स्टार्टअप, एमएसएमई, कॉरपोरेट और एमएनसी कंपनियों के लिए ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने का कार्य करती है। कंपनी कई कोवर्किंग स्पेस भी चलाती है। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस, ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने वाली पहली लिस्टेड कंपनी है। कंपनी की ओर से 598 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया गया था। इसमें से 128 करोड़ फ्रेश इश्यू था, जबकि 470 करोड़ का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था।

# सिर्फ धूल-मिट्टी और प्रदूषण ही नहीं, ये फूड्स भी देते हैं मुंहासों को बढ़ावा, आज ही करें इन्हें डाइट से बाहर



**मुहांसे त्वचा से जुड़ी एक आम समस्या है जो किसी को भी अपना शिकार बना सकती है। धूल-मिट्टी और बढ़ता प्रदूषण अकसर मुहांसों की वजह बनते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसे फूड्स भी हैं जो मुहांसों(cne Causing Foods) की वजह बन सकते हैं। अगर आप भी अकसर मुहांसों के परेशान रहते हैं तो आज ही इन फूड्स को अपनी डाइट से बाहर कर दें।**

जब स्किन के हेयर फॉलिकल ऑयल और डेड स्किन सेल से क्लॉग हो कर भर जाते हैं, तो यह स्थिति मुंहासे (Acne Causes) को जन्म देती है। ये स्किन पर कई रूप में दिख सकता है जैसे ब्लैकहेड, व्हाइटहैड, पेप्यूल, पस्ट्यूल, नोड्यूल, सिस्टिक लीजन आदि। आमतौर पर ये चेहरे पर ही होता है, क्योंकि यहां सबसे ज्यादा सेबेशियस ग्लैंड मौजूद होती हैं, जो ऑयल प्रोडक्शन का काम करती हैं।

ये गंदगी, बैक्टीरिया, एक्स्ट्रा ऑयल के उत्पादन और हेयर फॉलिकल क्लॉग होने के कारण होता है। इसके अलावा हार्मोनल असंतुलन, स्ट्रेस, डाइट और कुछ दवाएं भी मुंहासों को ट्रिगर करती हैं। साथ ही खानपान की कुछ चीजें भी मुहांसों (Foods Causing Acne) का कारण बन सकती है। अगर आप अकसर मुहांसों की समस्या से परेशान रहते हैं, तो नीचे दिए फूड्स से परहेज करें।

**रिफाइंड शुगर**

कैंडी, पेस्ट्री, ब्रेड, पास्ता,नमकीन आदि शुगर से भरपूर फूड्स खाने से शरीर का इंसुलिन लेवल स्पाइक कर जाता है, जिससे स्किन में ऑयल का उत्पादन बढ़ाता है और स्किन के फॉलिकल और पोर्स सीबम से भर जाते हैं और मुंहासे का रूप लेते हैं।

**अंडे**

इसमें एक एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रोटीन पाया जाता है, जिसे एल्ब्यूमिन, बायोटिन और प्रोजेस्टेरोन कहते हैं। ये सभी मुंहासों को ट्रिगर कर सकते हैं।

ट्रांसफैट

बेक्ड गुड्स, फ्राइड फूड जैसे फूड में ट्रांसफैट होता है, जिससे शरीर में बैड कॉलेस्ट्रॉल बढ़ता है और गुड कॉलेस्ट्रॉल घटता है। ये दोनों ही चीजें मुंहासों को ट्रिगर करती हैं।

**डेयरी प्रोडक्ट्स**

स्किम्ड मिल्क सबसे ज्यादा मुंहासों का कारण बनता है, लेकिन कुछ शोध के अनुसार सभी प्रकार के डेयरी प्रोडक्ट्स मुंहासों को बढ़ावा देते हैं। खास तौर पर गाय के दूध से, बनी चीजें, फिर वो चाहे नो फैट हो या फिर फुल फैट हो। वहीं, कुछ स्टडी इस बात का सपोर्ट करती हैं दही से मुंहासों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**पीनट बटर**

इसमें मौजूद एंड्रोजन सीबम का उत्पादन बढ़ाता है, जिससे स्किन और भी ऑयली होती है और मुंहासे को बढ़ावा मिलता है।

**शराब**

शराब और मुंहासों का कोई सीधा संबंध नहीं है, लेकिन फिर भी शराब शरीर में ऐसे ट्रिगर कर सकता है, जो मुंहासों को बढ़ावा देते हैं जैसे हार्मोनल असंतुलन, कमजोर लिवर और इम्यून सिस्टम आदि।

**ओमेगा 6**


नट्स, सीड्स, सॉय, कॉर्न, कैनोला, वेजीटेबल ऑयल, ये सभी ओमेगा 6 रिच फूड्स मुंहासों को पैदा करने वाले बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जिससे मुंहासे और भी बढ़ते हैं।

**सप्लीमेंट्स**

व्हे प्रोटीन और बायोटिन जैसे सप्लीमेंट्स केराटिन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देते हैं, जिससे हाइपरकेराटोसिस की समस्या हो सकती है और यह मुंहासो का एक मुख्य कारण है।

# ध्यान की राजनीति या राजनीति का ध्यान





कन्याकुमारी में समुद्र की उस चट्टान को देखने से पहले स्वामी विवेकानंद ने कम से कम पांच साल तक भारत दर्शन किया था। इस दौरान स्वामीजी ने भारत की विविध धार्मिक परंपराओं, सामाजिक रीति-रिवाजों, शिक्षा प्रणाली आदि को करीब से देखा और समझा, इसके साथ-साथ लोगों की पीड़ा, गरीबी और उसके कारणों पर विचार किया। इसके बाद भारत के उत्थान के बारे में विचार किया।

खबर आई है कि आम चुनावों के आखिरी चरण के लिए प्रचार खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक जाकर ध्यान में लीन होने वाले हैं। 30 मई को पंजाब में प्रचार करने के बाद वे सीधा तमिलनाडु जाएंगे। 31 मई से 1 जून तक श्री मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में बने ध्यान मंडपम में करीब 24 घंटों का ध्यान लगाएंगे। 132 साल पहले 1892 में स्वामी विवेकानंद ने समुद्र में जब यह शिला देखी थी, तो उससे प्रभावित हुए थे, वे तैर कर इस शिला पर पहुंचे और फिर 25, 26, 27 दिसंबर तीन दिनों तक यहां ध्यान लगाया था। कहा जाता है कि यहीं उन्हें भारत माता की दिव्य अवधारणा की अनुभूति हुई थी। पाठकों को पता ही होगा, स्वामी विवेकानंद का मूल नाम नरेन्द्र था, विवेकानंद नाम उन्हें आध्यात्म के रास्ते पर चलने के बाद मिला। अब यह तो परमात्मा ही जानें, या फिर खुद को परमात्मा का अंश बताने वाले नरेन्द्र मोदी जानें कि आगे जाकर वे अपने लिए कौन सा नाम चाहते हैं या फिर नरेन्द्र होकर ही उन्होंने वह सिद्धि हासिल कर ली है, जिसके लिए अनेक लोगों ने बरसों की तपस्या की है।गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी इससे पहले 2019 में केदारनाथ की रुद्र गुफा में इसी तरह आखिरी चरण के मतदान के वक्त ध्यान करने पहुंचे थे। गेरुआ वस्त्र और आंखों पर लगा चश्मा, लेकिन बंद आंखों से कैमरे की उपस्थिति में किस तरह ध्यान लगाया, इसका रहस्य जानने को अब भी देश उत्सुक है। 2014 में भी श्री मोदी चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद शिवाजी के प्रतापगढ़ किले पहुंचे थे, जहां अफजल खान को शिवाजी ने बघनखा से मारा था। हालांकि इस जगह उन्होंने ध्यान तो शायद नहीं लगाया होगा, या फिर वे खुद को इतना सिद्ध मानते हैं कि वे उस जगह पर भी ध्यान लगा सकते हैं, जहां किसी की हत्या की गई हो। बहरहाल, 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी कोलकाता के बेलूर मठ गए थे और उसी कमरे में कुछ देर ध्यान उन्होंने लगाया था, जहां स्वामी विवेकानंद ध्यान लगाया करते थे।

यान की राजनीति या राजनीति का ध्यान, कुछ भी कहें, प्रधानमंत्री इस खेल के पुराने खिलाड़ी लगते हैं। इसलिए उनसे कुछ सवाल हैं। मसलन, इस बार ध्यान करने के लिए उन्होंने विवेकानंद स्मारक की क्यों चुना। क्या राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत यहीं से की थी, और वे भी विवेकानंद मेमोरियल गए थे, इस वजह से श्री मोदी वहां पहुंच रहे हैं। भाजपा के एक नेता का दावा है कि यहां आकर श्री मोदी राष्ट्रीय एकता का संदेश देना चाहते हैं, क्योंकि यहां पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं।

लेकिन भौगोलिक एकता तो भारत में बनी ही हुई है, असल मसला तो भावनात्मक एकता का है। क्या श्री मोदी अपने ध्यान से इस एकता को मजबूत करने में कोई मदद कर सकते हैं। सवाल तो यह भी है कि नरेन्द्र मोदी पिछले तीन महीनों से लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, उससे पहले पांच साल अलग-अलग विधानसभा चुनावों, नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों में व्यस्त रहे, और इस दौरान वक्त मिलने पर कभी विदेश यात्रा पर जाना पड़ा, कभी ट्रेनों को हरी झंडी दिखानी पड़ी और कभी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटने पड़े, तो अब उन्हें थोड़ी फुर्सत मिली, तो क्या बेहतर नहीं होता कि वे प्रधानमंत्री कार्यालय में थोड़ा वक्त गुजार लेते। 24 घंटे अपने कार्यालय में ही ध्यान कर लेते तो कुछ नहीं बिगड़ता। बल्कि तमिलनाडु तक जाने का खर्च बचता, और आम लोगों को भी तकलीफ नहीं होती, जिनके लिए श्री मोदी की यात्रा के दौरान विवेकानंद स्मारक बंद किया जा रहा है।प्रधानमंत्री कार्यालय में श्री मोदी ध्यान करने बैठते तो शायद उन्हें देश की दशा और दिशा का ध्यान भी हो जाता। नरेन्द्र मोदी चाहते तो दिल्ली के आस-पास मथुरा-वृंदावन में ही ध्यान कर लेते। सारनाथ या बोधगया भी जा सकते थे या गुजरात में भी ध्यान के स्थलों की कमी नहीं है। लेकिन उनके मन में शायद यह बात आई हो कि अब मैंने खुद को परमात्मा का अंश बता दिया है तो विपक्ष के नेताओं या अपनी पार्टी या संघ में भी ऐसा कोई नहीं है, जिससे मैं होड़ कर सकूं, विश्वगुरु हूं तो दुनिया का भी कोई नेता मेरे मुकाबिल नहीं ठहरता, गांधी-नेहरू-पटेल-भगत सिंह से भी कोई वास्ता नहीं, तो फिर क्यों न सीधे स्वामी विवेकानंद से ही होड़ करूं। कोई आध्यात्मिक सिद्धि हासिल हो न हो, नाम तो हो ही जाएगा कि इस शिला पर दो नरेन्द्रों ने ध्यान लगाया था।इससे पहले कि नरेन्द्र मोदी ध्यानमग्न हो जाएं, उनका ध्यान कुछ और जरूरी बातों की तरफ दिलाना जरूरी है। जैसे स्वामीजी को इस शिला पर ध्यान करते हुए भारत माता की जिस छवि के दर्शन हुए थे, आज उस छवि को अनेक खतरों और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान दिए अपने भाषण में मणिपुर की महिलाओं पर हुए अत्याचार का जिक्र कर भारत माता पर मंडराए इसी खतरे की ओर प्रधानमंत्री का ध्यान दिलाना चाहा था। तब तो राहुल गांधी को नसीहत मिल गई कि इस तरह भारत माता का नाम न लें। लेकिन श्री मोदी जब ध्यान के लिए आंखें बंद करेंगे तो क्या उन्हें मणिपुर की पीड़िताओं की वेदना महसूस हो पाएगी।क्या उन्हें पुलवामा, गलवान और देश के अलग-अलग हिस्सों में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं, माताओं, बेटियों, बहनों के दुख में भारत माता का दुख नजर आएगा। क्या ध्यान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी अपने इस पांच और पिछले पांच साल के कार्यकाल के बारे में भी विचार करेंगे। क्योंकि ध्यान के लिए आत्मशुद्धि जरूरी है और आत्मशुद्धि के लिए आत्ममंथन जरूरी है।श्री मोदी क्या इस बात पर गौर करेंगे कि नोटबंदी के उनके फैसले से इस देश के आम आदमी को किस तकलीफ से गुजरना पड़ा है। इसके बाद एक झटके में लिए गए लॉकडाउन के फैसले ने देश में कैसी अफरा-तफरी मचा दी थी। अमीरी-गरीबी का भेद तो हमेशा से ही रहा है, लेकिन मार्च 2020 के बाद से यह भेद अपने क्रूर और विद्रूप रूप को निस्संकोच सामने ले आया। जहां संपन्न लोगों के लिए घरों में बंद रहकर परिजनों के साथ समय बिताना आसान था, लेकिन इसी दौरान तपती धूप में लाखों लोग पैदल घरों की तरफ निकल पड़े और न जाने कितने लोगों ने बेघर और बेरोजगार होकर कोरोना से ग्रसित हुए बिना ही दम तोड़ दिया।क्या प्रधानमंत्री को गंगा के किनारे लगे लाशों के ढेर और देर रात तक श्मशान में जलते शव भी ध्यान की मुद्रा में दिखेंगे। क्या उन्हें दिल्ली की सीमाओं पर साल भर तक डटे किसानों के चेहरे ध्यान के दौरान नजर आएंगे या वे हताशा से भरे उन नौजवानों की सूरत नजर आएगी, जिन्होंने जीवन के सुनहरे साल नौकरी की तलाश में गंवा दिए। इन नौजवानों में बहुतों ने स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श बनाया होगा, जिन्होंने कहा था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। बेरोजगार, निराश नौजवानों के लक्ष्यों को मोदी सरकार की नीतियों ने किस तरह लील लिया, क्या इस पर मोदीजी ध्यान करेंगे।कन्याकुमारी में समुद्र की उस चट्टान को देखने से पहले स्वामी विवेकानंद ने कम से कम पांच साल तक भारत दर्शन किया था। इस दौरान स्वामीजी ने भारत की विविध धार्मिक परंपराओं, सामाजिक रीति-रिवाजों, शिक्षा प्रणाली आदि को करीब से देखा और समझा, इसके साथ-साथ लोगों की पीड़ा, गरीबी और उसके कारणों पर विचार किया। इसके बाद भारत के उत्थान के बारे में विचार किया। नरेन्द्र मोदी के पास बतौर प्रधानमंत्री पूरे दस साल थे कि वे भी इसी तरह भारत को करीब से समझने की कोशिश करते।लेकिन उन्होंने अपनी ऊर्जा और प्रधानमंत्री कार्यालय के संसाधनों का इस्तेमाल हिंदुत्व को बढ़ावा देने में ही लगा दिया। इसलिए अब कपड़ों से लोगों की पहचान के बाद उन्हें साप्ताहिक छुट्टियों का संबंध धर्म से जोड़ना पड़ रहा है। अवकाश रविवार को हो या शुक्रवार को या सप्ताह के किसी भी दिन हो, लोगों की मूल समस्याएं उससे हल नहीं होंगी।जीवनस्तर तभी ऊंचा उठेगा, जब सरकार ईमानदारी से काम करे। 24 घंटों के ध्यान के दौरान नरेन्द्र मोदी इस सवाल पर भी गौर करें कि जब वे 18-18 घंटे काम करने का दावा करते हैं, उस के बाद भी उनके परिवारजनों को 5 किलो अनाज का मोहताज क्यों होना पड़ रहा है। क्यों गर्म हवाओं या ठिठुराती सर्दी में हाड़-तोड़ मेहनत करके दो वक्त की रोटी का इंतजाम नहीं हो पा रहा। क्यों अर्थव्यवस्था की गिरावट से लेकर मौसम के बिगड़ने की मार गरीबों को ही सहनी पड़ रही है। क्यों गंगा समेत देश की नदियां अब भी मैली हैं, क्यों पहाड़ धसक रहे हैं, क्यों जंगलों में आग फैल रही है।बहुत सारे सवाल हैं मोदीजी, सब पर विचार करें तो ध्यान के 24 घंटे कम पड़ जाएंगे। लेकिन केवल आंखें मूंदना हो, तो कोई बात नहीं, देश तो 10 सालों से इन आंखों को यूं ही फिरते देखता आया है।

संपादकीय

## कांग्रेसियों को सतर्कता की ज़रूरत

संगठन के प्रति असंदिग्ध निष्ठा और विद्वता के बावजूद कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर को बयान देते वक्त अधिक संयम व सावधानी बरतने की ज़रूरत है। निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये एक बार व्यक्तिगत अपमान भरी टिप्पणी कर वे पार्टी का ऐसा बड़ा नुकसान कर चुके हैं जिसकी भरपायी कभी नहीं हो सकी थी। फिर, कोई भी बयान देते वक्त उन्हें इस बात को अब तक समझ जाना चाहिये था कि सामने खड़े मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों का फायदा उठाने में पारंगत है। अब की बार चीन को लेकर उनका आया बयान अधिक संवेदनशील है। और तो और, ऐसे वक्त में यह बयान आया है जब लोकसभा चुनाव के लिये मतदान का अंतिम चरण 1 जून को होगा। नतीजे 4 जून को आ जायेंगे। आखिरी चक्र में ही वाराणसी सीट पर खुद मोदी उम्मीदवार हैं।हालांकि अब केवल 57 सीटें बची हैं और मणिशंकर का बयान चुनावी परिणामों पर वैसा असर नहीं करेगा जैसा पिछली बार की उनकी टिप्पणी से हुआ था। चुनाव तो पूरा हो चुका है लेकिन कांग्रेस द्वारा जब मोदी एवं भाजपा नेताओं की बदज़ुबानी को लेकर भी एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है, तो सावधानी बेहद आवश्यक है। कांग्रेस ही नहीं, सभी विपक्षी दलों के नेताओं को यह पता भी है कि भाजपा के पास अपना एक सुसंगठित प्रचारतंत्र है; साथ ही उसका समर्थक मीडिया है जो मोदी विरोधी बातों को कई गुना बढ़ाकर दिखलाने व सुनाने में महारत रखता है। उनका यह बयान चाहे कांग्रेस को अब सीधे-सीधे कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा लेकिन विपक्ष की कथित रूप से देशविरोधी छवि बनाने में वह मददगार हो सकता है। वर्तमान दौर यथार्थ नहीं अवधारणाओं और छवियों से परिचालित होता है। इसकी रेस में भाजपा कांग्रेस से आगे है। अलबत्ता लम्बे समय के बाद विमर्श के स्तर पर कांग्रेस व सहयोगी दलों का गठबन्धन इंडिया भाजपा को मात देने में कामयाब दिख रहा है। भाजपा ने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मुख्य रूप से यही काम किया है, कि विपक्षियों को राष्ट्रविरोधी साबित किया जाये। अय्यर का बयान कांग्रेस की इसी छवि को सघन करने में भाजपा का मददगार हो सकता है।शनिवार शाम अय्यर दिल्ली में विदेशी संवाददाता क्लब में एक भाषण दे रहे थे जिसमें उन्होंने चीनी आक्रमण का उल्लेख करते हुए %कथित% शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा-%अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था।% हालांकि उन्होंने अपने इस बयान के लिये माफी मांगते हुए कहा कि- मैं चीनी आक्रमण के पहले कथित शब्द का गलती से प्रयोग करने के लिये बिना शर्त माफी मांगता हूं। वैसे इस बीच अनुमानों के अनुरूप भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट डाल ही दी। इसमें उन्होंने कहा है कि यह बयान कांग्रेस के चीन के प्रति प्रेम को दर्शाता है जबकि इस हमले के बाद चीन ने भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था। लगे हाथ उन्होंने यह भी आरोप लगा दिया कि जवाहरलाल नेहरू ने चीन के पक्ष में राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ दी थी। मालवीय के अनुसार राहुल गांधी ने चीन के साथ एक गुप्त एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये थे और राजीव गांधी फाऊंडेशन ने चीनी दूतावास से चंदा तक स्वीकार किया था। इसके बाद यूपीए की सरकार ने चीनी वस्तुओं के लिये भारतीय बाजारों को खोल दिया था।कथित शब्द के गलत प्रयोग का असर कितना घातक हो सकता है, इसका भान होते ही कांग्रेस के महासचिव व प्रचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आनन-फानन में इस पर एक बयान दिया कि %कांग्रेस अय्यर के बयान से खुद को अलग करती है। वह मानती है कि 1962 का चीन द्वारा किया गया हमला उतना ही वास्तविक था जितना 2020 की शुरुआत में चीन द्वारा लद्दाख में की गई घुसपैठ है। रमेश ने कहा कि मोदी ने 19 जून को एक सार्वजनिक बयान में चीनी घुसपैठ को नकार कर न सिर्फ चीन को क्लीन चिट दी वरन भारतीयों का पक्ष कमजोर कर दिया। देपसांग व डैमचोक सहित 2000 वर्ग किमी का इलाका भारतीय सैनिकों की पहुंच से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने सभी से अय्यर की उम्र का भी ख्याल रखने के लिये कहा है। जिस कार्यक्रम में अय्यर ने चीनी आक्रमण के लिये कथित शब्द का प्रयोग करने की चूक की, उसी में अपने भाषण में पाकिस्तान की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका पाकिस्तान में दिल खोलकर स्वागत हुआ था। इसे भारत की एक बड़ी सम्पत्ति बतलाते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पाकिस्तान के साथ वार्ता के कोई प्रयास नहीं हुए।वैसे देखा जाये तो अय्यर के भाषण में एक %कथित% वाला मामला छोड़ दें तो इतना बड़ा बखेड़ा करने का आधार नहीं बनता लेकिन फिलहाल देश जिस दौर से गुजर रहा है उसमें भाजपा के लिये राष्ट्रवाद एक प्रमुख ताकत है और वह हर ऐसे बयान को भुनाने की कोशिश करती है जिससे उसे सियासी फायदा मिले। यह कांग्रेस का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि ऐसे वक्त में जब वह देश में लोकतंत्र बचाने की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है .

# प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी



लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा। इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है।

दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

# बच्चे जब ट्यूशन पढ़ें तो रखें इन बातों का ख्याल



**जब आपका बच्चा बड़ी कक्षा में पहुँचता है तो उसके लिए ट्यूशन या कोचिंग करना आवश्यक हो जाता है, ऐसे समय अपने बच्चे को ही इस बात से अवगत करा दें कि वह अपना ध्यान स्वयं रखें। अपने बच्चे को ट्यूशन भेजने से पहले उसे मानसिक रूप से तैयार करें की उसे क्या पढ़ाई करना है।**

आज के समय में सभी को आगे बढ़ने की होड़ में कुछ अलग करना चाहते है। आप अपने बच्चे को परफेक्ट बनाने के लिए उसकी हर मुश्किल आसान करते है। जब आप किसी विषय को समझाने में मुश्किल का सामना करते है तो ट्यूशन का सहारा लेते है। ट्यूशन पढ़ते समय बच्चा अकेले ही होता है इसलिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा। अपने बच्चे को ट्यूशन भेजने से पहले उसे मानसिक रूप से तैयार केर दे की उसे क्या पढाई करना है।

उसके साथ ले जाने वाली किताब कॉपी की व्यवस्था करें।

एक माता-पिता होने के नाते आपकी जिम्मेदारी बनती है कि पता करे कि ट्यूशन टीचर आपके बच्चे को ठीक से पढ़ा रहे है या नहीं।



कभी-कभी ट्यूशन टीचर लापरवाही बरतने लगते है, समय- समय पर यह पता करते रहना चाहिए की कही वे समय तो नहीं बिता रहे है। यदि ऐसा है तो पहले उस टीचर से बात करनी चाहिए, संतुष्टि न मिलने पर टीचर बदल देना चाहिए।

कुछ समय के बाद यह अवश्य पता करे की बच्चे को जो पढ़ाया जा रहा है वह सही है या नहीं क्योंकि एक बार गलत जानकारी मिलने पर बच्चे की दिशा ही बदल जाएगी और बच्चा दिग्भ्रमित हो जायेगा। टीचर का बच्चे पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है।जब तक बच्चा छोटा है तब तक माँ ही उसकी टीचर है, उससे अच्छा कोई उसे पढ़ा नहीं सकता है। यदि समय की कमी हो तभी अपने बच्चे को ट्यूशन पढ़ने भेजे अन्यथा नहीं।

# बच्चों के साथ करें ऐसा व्यवहार

बच्चों का पालना पोषण करना आसान काम नहीं है लेकिन इस दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका व्यवहार ऐसो हो कि व भविष्य में बेहतर नागरिक बनकर उभरें। बहुत से माता-पिता की आदत होती है कि वो बच्चों पर छोटी छोटी बातों पर चिल्लाते रहते हैं। इससे बच्चों का व्यवहार भी गुस्सैल हो जाता है। बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार न केवल आप दोनों के संबंध को अच्छा बनाएगा बल्कि बच्चे के पूर्व विकास में भी सहायक होगा।



### चिल्लाने से बिगड़ सकती है बात

शायद ही कोई माता-पिता हों, जिन्हें अपने बच्चों पर चिल्लाना न पड़ता हो। बच्चों की शरारत, जिद, बात न मानना या फिर उनकी कोई गलती करना, गाहे-बगाहे आपको मौका दे ही देता है कि आप उन पर गुस्से से चिल्लाएं। बच्चों के साथ आपके इस व्यवहार का कारण हमेशा बच्चे ही हों ये जरूरी नहीं है। कई बार दफ्तर का तनाव, माता-पिता के आपसी रिश्तों में खटास, थकान से पैदा हुआ चिड़चिड़ापन या फिर खराब स्वास्थ्य ऐसे कारण बन जाते हैं, जिनका गुस्सा हम बच्चों पर उतार देते हैं लेकिन बच्चों पर चिल्लाने से आपके और आपके बच्चों के आपसी संबंध खराब हो सकते हैं। इसके साथ साथ आपकी इस आदत का बुरा असर बच्चों पर पड़ता है।

अगर आप कामकाजी महिला है और आप अपने ऑफिस के लिए तैयार होते होते अपने बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती होंगी। ये बहुत मुश्किल काम है, खासतौर पर तब जब बच्चे छोटे हों। ऐसे में जब बच्चे आपके निर्देशों को मानकर ठीक से तैयार नहीं होते और साथ ही आप को देरी होने लगती है तो आप उनपर चिल्ला देती होंगी। इससे बचने का एक आसान तरीका ये है कि बच्चों के जागने से कुछ देर पहले उठें। अपनी तैयारी कर लें फिर बच्चों को तैयार होने में मदद करें। या फिर पहले बच्चों को तैयार करवा दें, उन्हें नाश्ता करने दें, और उस दौरान आप तैयार हो जाएं। योजना के अनुसार काम से आपको परेशानी नहीं होगी।

### रोल मॉडल बनें

बच्चे आमतौर पर वही करते हैं, जो वो अपने माता-पिता से सीखते हैं। अगर वो आपसे चिल्लाने की आदत सीख कर, अपने से छोटे भाई या बहन को फिजूल में डांटें, उन पर बेबात चिल्लाए, तो बेशक आपको अच्छा नहीं लगेगा। जब आप उन पर छोटी-बड़ी बातों पर चिल्लाएंगे, उन्हें बुरी तरह से डाटेंगे तो वो आपसे यही सब सीख कर अपने से छोटों के साथ करेंगे। इस स्थिति से बचने के लिए अपने बच्चों के रोल मॉडल बनें। आप जैसा व्यवहार उनका देखना चाहते हैं, वैसा ही उनके साथ करें।

### बच्चों के मुताबिक उम्मीदें लगाएं

हर बच्चे की अपनी अलग क्षमता होती है। आप अपने बच्चे को उसका कमरा साफ करने के लिए कह दें, और वो इस काम को अच्छी तरह से न कर पाए। तो इसका मतलब ये नहीं कि वो आपकी बात नहीं मानता, हो सकता है कि वो उस लिहाज से छोटा हो, या इतना काम उसे न आता हो। बच्चे पर चिल्लाने की बजाय उन उम्मीदों पर ध्यान दें जो आप उनसे लगाते हैं। बच्चों को उनकी उम्र और क्षमता के हिसाब से जिम्मेदारियां दें, जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।

### ऊंची आवाज़ में बात न करें

बच्चों से जब भी बात करें अपनी आवाज पर खास ध्यान दें। बच्चों से बहुत तेज़ आवाज में बात न करें। बच्चे तेज आवाज से डर जाते हैं और वो अपनी बात सामने नहीं रख पाते। ऐसे में हो सकता है कि आप उन्हें ऐसी बात पर डांट दें, जिसमें उनकी कोई गलती ही न हो। बेहतर रहेगा कि आप अपने गुस्से या नाराजगी पर नियंत्रण करके बच्चे से सामान्य होकर बात करें।

### चेतावनी देकर छोड़ें

अगर बच्चा कोई बड़ा नुकसान या गलती कर दे तो उसपर तुरंत चिल्लाएं नहीं। बच्चे को थोड़ा डांट समझा कर चेतावनी दे कर छोड़ दें। वैसे भी, आपके चिल्लाते रहने का कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगर आप उसे वॉर्निंग देंगे तो वो आगे से वैसी गलती करने से पहले सोचेगा।

### चिल्लाए नहीं समझाएं

कई बार ऐसा होता है कि आप एक बात को चिल्ला चिल्ला कर 10 बार कहते हैं लेकिन तब भी आपका बच्चा आपकी बात नहीं सुनता। वो इसलिए, क्योंकि वो आपकी इस आदत का आदि हो चुका है। उसे आपके चिल्लाने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। इसलिए अगर आपको बच्चे को कुछ कहना हो तो बजाय कि दूर से चिल्लाते रहने के उसके पास जाएं, उसका ध्यान अपनी ओर खींचे, उससे आंखें मिलाएं और फिर मजबूती से अपनी बात सामने रखें। ऐसे में बच्चा आपको और आपकी बात को अनदेखा नहीं कर सकता।



**आजकल के बदलते परिवेश में टेक्नोलॉजी जीवन का एक अभिन्न अंग बनता जा रहा है। जाने-अनजाने हम सभी इसकी गिरफ्त में आ गए हैं। आजकल के बच्चे अपने प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए किताबें खंगालने की बजाय गूगल का सहारा लेते हैं। ऐसे में टेक्नोलॉजी का ये दौर बच्चों के मानसिक विकास के लिए प्रश्नचिह्न बनता जा रहा है।**

# डिजिटल युग में बिगड़ते जा रहे हैं हमारे बच्चे

आज के युग को डिजिटल युग भी कहा जाता है। दरअसल, यह ऐसा समय है जिसमें बेहद छोटी उम्र से ही बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा दिया जा रहा है और जब उनकी खेलने-कूदने की उम्र आती है तो वे पूरा दिन सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। आजकल ज्यादातर घरों में अभिभावक बच्चों को व्यस्त रखने के लिए या खाना खिलाते वक्त उनके सामने यूट्यूब वीडियोज और गेम्स खोलकर रख देते हैं ताकि वे इनमें व्यस्त रहें, लेकिन इस बात की गंभीरता को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे न सिर्फ बच्चों की आंखें खराब हो रही है बल्कि व्यवहार में खासा नकारात्मक बदलाव आ रहा है। आजकल छोटे-छोटे बच्चे आसानी से मोबाइल एप्स, गेम्स चला रहे हैं और 8-10 साल के कई बच्चे आपको सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय मिल जाएंगे, अगर आपके बच्चे भी सोशल मीडिया और गूगल के शिकंजे मे फंसते जा रहे हैं तो उन पर किसी भी प्रकार की बंदिश लगाने की बजाय कुछ सावधानियां आजमाएं। इस विषय पर 'जीवनधारा रिहेब्लिटेशन एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट बरेली से फिजियोलॉजिस्ट मानसी सिंह राठौड़ आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आई हैं जो आपको अपनी परवरिश में शामिल करने की जरूरत है।

### सोशल मीडिया पर नज़र

सबसे पहले आपको ये ध्यान रखना होगा कि क्या आपका बच्चा उस उम्र में पहुंच चुका है, जिसमें वो सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सके? क्योंकि छोटी उम्र के बच्चे अक्सर सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर गलत कदम उठा लेते हैं या आपराधिक विचारधारा के बन जाते हैं और यदि वो सोशल मीडिया के इस्तेमाल के योग्य हो चुका है तो अपने बच्चे से सोशल मीडिया को लेकर बातचीत करें। उससे उसके ऑनलाइन अनुभव के बारे में जानकारी लें। बच्चों को कभी भी अकेले में सोशल मीडिया पर सक्रिय न रहने दें और न ही अकेले में ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल करने दें, क्योंकि उत्सुकतावश आपका बच्चा सर्च इंजन के जरिए न जाने किस खतरे को आमंत्रण दे सकता है।

बच्चों को ऑनलाइन गेम्स के खतरों के बारे में जानकारी दें और एक समय निर्धारित करें ताकि आपके बच्चे को ऑनलाइन गेम खेलने की लत न लगे। अगर आप चाहें तो लैपटॉप और कंप्यूटर में सर्विलांस सॉफ्टवेयर लगा सकते हैं, जिससे आप इस बात को जान सकेंगे कि आपके बच्चे क्या सर्च कर रहे हैं।



### मोबाइल से दूरी

**बच्चों को व्यस्त रखने के अलग-अलग तरीके अपनाएं। आजकल बाजार में बच्चों को व्यस्त रखने के लिए तरह-तरह के किट आते हैं, जिससे बच्चों का मानसिक विकास तो होगा ही साथ ही साथ आपका बच्चा मोबाइल से दूर रहेगा। बड़े बच्चों को आउटडोर इनडोर गेम्स खेलने के लिए प्रोत्साहित करिए, जिससे उनके शरीर और मस्तिष्क दोनों का ही विकास होगा और उनमें एक नई ऊर्जा आएगी।**

### योगा मेडिटेशन

बच्चों में योगा की आदत डालें ताकि आज की भाग-दौड भरी जिंदगी में जूझने के लिए तैयार रहें। इससे उनमें एकाग्रता आएगी। सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रेरित करें।संस्कार-आजकल के ज्यादातर अभिभावक के लिए परवरिश का अर्थ केवल अपने बच्चों की खाने-पीने, पहनने-ओढने और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना है। इस तरह से वे अपनी ज़िम्मेदारियों से तो मुक्त हो जाते हैं पर कहीं न कहीं उनमें संस्कार डालना भूल जाते हैं या फिर यूं कहें उन्हें मालूम ही नहीं है बच्चों को संस्कारी कैसे बनाया जाए।

**बच्चों को बड़ों का आदर करना सिखाएं**, दूसरों की मदद करना, **विनम्रता जैसे संस्कार, जिनसे वे आत्मनिर्भर** और जिम्मेदार बन सके। **डायरी लिखने की आदत एकल** परिवार की वजह से बच्चे अपने **मन की बात जल्दी नहीं कह पाते** जिससे उनमें कुंठा उत्पन्न हो **जाती है, इसलिये उनको दिन** भर की बातें डायरी में लिखने **के लिए प्रेरित करें और** अपने बच्चे से दोस्ती करें ताकि वो **आपको ही सारी बातें बताए।**

### क्वॉलिटी टाइम बिताएं

**वर्किंग पैरेंट्स** के साथ यह समस्या होती है कि **उनके पास अपने बच्चों** के साथ बिताने के लिए समय **नहीं मिल पाता।** ऐसे माता-पिता अपने वीकएंड्स **अपने बच्चों** के लिए ही रखें और सामान्य **दिनों** में भी उनके क्रियाकलापों पर ध्यान **दें उनसे बा**तचीत करें कि वे क्या करते हैं, **उनके दोस्त** कौन हैं।

### किताबों मे रूचि

**मॉरल** एजुकेशन वाली बहुत सी **किताबें बा**जार में उपलब्ध हैं। बच्चों को **ऐसी किता**बें लाकर दें ताकि उनका **ध्यान टी**वी, कंप्यूटर और लैपटॉप की **ओर कम** जाए और उनमें नैतिकता का **विकास** हो। आधुनिक अभिभावक **की सो**च है कि मेरा बच्चा, किसी भी **स्थि**ति में किसी से कम न हो और **बस** इसी भागदौड़ में लगे रहते **हैं।** बच्चों को सुविधा तो दीजिए, पर ध्यान रहे वो उसका दुरूपयोग न करे।

**तीन साल की उम्र से ही बच्चों को अपनी चीजें दूसरे के साथ शेयर करना सिखाना चाहिए। इसी उम्र से चीजें बांटने के साथ-साथ बच्चे एक-दूसरे के साथ अपनी भावनाएं बांटना भी सीखते है। इससे बच्चे बड़े होकर व्यवहार कुशल और सहयोगी प्रवृति के यानी सामाजिक बनते हैं।**

# अपने बच्चे को बचपन से ही सिखायें शेयर करना

### आप सिखाएंगी, वो सीखेगा

बच्चों के मन में अपनी चीजों को लेकर एकाधिकार की भावना होती है और वे अपनी चीजें दूसरों के साथ बांटना नहीं चाहते। ऐसे में आप खुद बच्चे के साथ उसकी चीजें शेयर करें, क्योंकि हर चीज बच्चा सबसे पहले घर से ही सीखता है। बच्चे की चीजों को शेयर करने के साथ आप अपनी चीजें भी दूसरों के साथ शेयर करें। बच्चा देखकर कई चीजें खुद ही सीख लेता है। अगर वह आपके साथ कुछ भी शेयर करने से मना करे तो आप उसे प्यार से समझाएं कि अकेले खाना या खेलना अच्छी बात नहीं, इसलिए मम्मी-डैडी या दादा-दादी को भी दो।



### धीरे-धीरे सीखेगा बांटना

बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होगा, अपनी चीजें दूसरों के साथ साझा करना भी सीख लेगा। कोई बच्चा कम उम्र में परिपक्व हो जाता है, तो किसी को इसमें वक्त लगता है। जरूरी नहीं है कि हर बच्चा एक ही उम्र में परिवक्व होगा, पर यह जरूर है कि सही चीजें और सही सीख उन्हें सही दिशा देती है। कुछ बच्चों में शेयरिंग की आदत आने में समय लग जाता है और कुछ यह गुण जल्दी सीख लेते हैं। तो धैर्य के साथ बच्चे को शेयरिंग करना सिखाएं, वह जरूर सीखेगा।

### न करें जबरदस्ती

बच्चों को शेयरिंग सिखाने में जबरदस्ती बिल्कुल न करें। ध्यान रहे कि शुरू में बच्चों को उन चीजों को बांटने को कहा जाए जो उनके लिए बहुत ज्यादा मायने न रखती हों। बच्चा ऐसे में बांटना सीखेगा। अगर आप बच्चे की सबसे पसंदीदा चीज उसे किसी के साथ साझा करने के लिए कहें, तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि अपनी प्यारी चीज को अक्सर बड़े भी शेयर नहीं करते। हमेशा यह याद रखें कि आखिरकार वह एक बच्चा ही है, तो सब कुछ शेयर करने की उम्मीद उससे न करें। खासकर उसकी पसंदीदा चीज। सच यही है कि कुछ चीजें ऐसी हैं, जिसे आपका बच्चा शेयर नहीं करना चाहता। आप इतना कर सकती हैं कि हालात ऐसे बनाएं कि आपके बच्चे को शेयर करना ही पड़े। जैसे यदि दूसरा बच्चा आपके घर आया है तो दो चीजें रखें और उसमें से एक उसे जरूर दें। इससे बच्चा आसानी से शेयर करना सीखेगा। तो बच्चे को आजमाने की जगह उनको शेयरिंग की आदत पड़ने दें। एक बार जब वह शेयर करना सीख ले, तब आप उससे बड़ी उम्मीदें कर सकती हैं।

### तारीफ के दो बोल

बच्चों की तारीफ की जाए तो वे और भी उत्साहित होते हैं। उनके जिस काम की प्रशंसा की जाती है, उसे वह दोगुने उत्साह के साथ आगे बढ़कर पूरा करते हैं।


कभी बच्चा अपनी चीज दोस्तों के साथ बांटे यानी अपने खिलौने या अन्य चीजों को शेयर करे, उसकी प्रशंसा जरूर करें। हो सके तो सबके सामने। घर के अन्य सदस्यों को भी उसकी तारीफ करने के लिए कहें। इससे खुश होकर आपका बच्चा खुद आगे बढ़कर अपने दोस्तों के साथ अपनी चीजें बांटने लगेगा।



हृदय रोग की समस्या जीवनशैली से जुड़ी है जो हमारी अज्ञानता, अत्यधिक व्यस्तता, तनाव, व भोजन की गलत आदतों के कारण बढ़ रही है। इसके उपचार के लिए सर्जरी के अलावा खानपान में भी परिवर्तन लाना होता है...

# बंद धमनियां : जीवनशैली में बदलाव जरूरी

**आज** की इस भागती-दौड़ती जिंदगी का सबसे बड़ा शिकार हुआ है हमारा दिल, जो हमारे शरीर का सबसे नाजुक भाग भी है। हर चौबीस घंटे में एक लाख बार धड़कने वाले इस दिल पर ही हमारा जीवन आश्रित है। दिन-प्रतिदिन हृदय रोगों का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। दुनिया भर में हार्ट अटैक मौत का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। लगभग 8 से 10 से प्रतिशत लोग हार्ट अटैक से एक माह के अंदर और लगभग 10 प्रतिशत हार्ट अटैक के बाद पहले साल में ही मौत के मुंह में चले जाते हैं। एक चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि जहां विकसित देशों में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। दरअसल यह बीमारी व्यक्तियों की जीवनशैली से जुड़ी है जो हमारी अज्ञानता, अत्यधिक व्यस्तता, तनाव व भोजन की गलत आदतों के कारण बढ़ रही है।



### बीमारी का कारण ?

नई दिल्ली स्थित साओल हार्ट सैंटर के निदेशक डा. बिमल छाजेड़ का कहना है कि पुरूषों की तरह ही महिलाओं के लिए भी दिल की बीमारियों के लिए धूम्रपान, उच्च रक्तचाप, आनुवांशिक आदि तथ्य शामिल होते हैं। कुछ पल के लिए अपनी जीवनशैली, पारिवारिक इतिहास और अपने सामान्य स्वस्थ्य की ओर देखें, यद्यपि आप अपने पारिवारिक इतिहास या आयु के बारे में कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आप बहुत से अन्य तथ्यों को बदल तो सकते हैं। तो बताए गए कारणों के साथ आज हार्ट-अटैक का सर्वोपरि कारण है कोलेस्ट्रोल। शरीर में सामान्य मात्रा में कोलेस्ट्रोल का होना स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। अगर शरीर में जरूरत से ज्यादा कोलेस्ट्रोल हो तो एयेस्कलेरोसिस रोग होता है। इस रोग में धमनियों में मोम जैसा पदार्थ जम जाता है जिससे वे बहुत संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का प्रवाह सही तरह से नहीं हो पाता है जिससे दिल का दौरा पड़ जाता है।

### लक्षण और इलाज

एंजाइना या हार्ट अटैक का रोग हृदय की तीन शिराओं में कोलेस्ट्रोल के जमने से होता है। कोलेस्ट्रोल जमने की वजह से हृदय की मांसपेशियों में ऑक्सीजन की कमी से एंजाइना का दर्द होता है। अधिक तेज दर्द से कई बार मरीज की जान बचाना मुश्किल हो जाता है। अक्सर सीने, छाती तथा शरीर के ऊपरी हिस्सों में होने वाले दर्द को लोग पेट में होने वाली गैंस का दर्द समझ बैठते हैं और घरेलू अथवा आसपास के डॉक्टरों के पास भागते हैं। दरअसल उसी समय यदि हृदय रोग विशेषज्ञों से जांच करवायी जाए तो उस दर्द वास्तविक कारण पता चल सकता है और फिर उपचार होने पर व्यक्ति हृदयाघात से बच सकता है।

### क्या विकल्प है ?

डा. बिमल छाजेड़ का कहना है कि आज इन सभी थैरेपियों से अलग एक नई पद्धति है जो हृदय रोगियों के लिए स्थायी उपचार प्रदान करने के लिए एक आधुनिक तकनीक है जिसे 9 बायोकैमिकल एंजियोप्लास्टी के नाम से जाना जाता है। दरअसल ये ब्लॉकेज (हृदय की धमनियों में रूकावट) एकदम से नहीं बनते, ये धीरे-धीरे बनते हैं लेकिन जिस तरह ये बनते हैं उन्हें वैसे ही घटाया भी जा सकता है। यह तकनीक ठीक उसी तरह काम करती है जिस प्रकार आजकल घर की औरतें रसोईघर के रूके हुए पाइपों को साफ करने के लिए उसमें ड्रेनैक्स डाल जाता है। जिससे फंसे हुए या जमें हुए कण बाहर आ जाएं व धमनियां पुनः ठीक प्रकार से काम करने लगें। यह इस चिकित्सा की बहुत बेहतर व सुरक्षित पद्धति है क्योंकि इसमें रोगी के शरीर में किसी भी प्रकार की चीड़फाड़ करने की आवश्यकता नहीं होती, रोगी को अस्पताल में भर्ती करने की भी जरूरत नहीं होती, कुछ रोगियों को केवल दो या तीन हफ्तों में ही इस बीमारी से निजात मिल जाती है। इस चिकित्सा के परिणाम अधिक प्रभावशाली हो सकते हैं यदि इन्हें जीवनशैली बदलाव कार्यक्रम जैसे (खाना पीना, व्यायाम, योग ध्यान, स्ट्रेस-मैनेजमेंट) के साथ अपनाया जाए। याद रखिए कि हृदय संबंधी रोगों के पनपने का कारण है रक्त में चर्बी या कोलेस्ट्रोल का बढ़ना, उच्च रक्तचाप, नशा करना, दिमागी तनाव, मधुमेह, मोटापा, व्यायाम न करना, ठीक प्रकार से खाना न खाना आदि। यदि हम इन सब पर पूरा ध्यान दे पाएं तो हृदय रोगों को कम किया जा सकता है। आज यहां कई ऐसे तथ्य मौजूद हैं जिनसे यह साबित हो सकता है कि बॉयोकैमिकल एंजियोप्लास्टी जादुई असर करती है।

# हेल्थ प्लस

## क्या नहीं है करेले में?

- करेले की सब्जी बना कर खाने से कब्ज व गैस की शिकायत दूर होती है। साथ ही रक्त साफ होता है जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है।
- करेले का रस पीने से पेट के कीड़े मरते हैं।
- करेले के रस से कुल्ले करने से मुंह के छाले ठीक हो जाते हैं।
- मधुमेह, बवासीर, लकवा आदि रोगों में करेला लाभकारी है।
- करेले के रसपान से शरीर के फोड़े-फूंसियां दूर होते है।

## आयरन का भरपूर खजाना हैं 'पालक' में

**पालक** लौह तत्त्व (आयरन) से भरपूर सब्जी है। इसकी तासीर ठंडी होती है। शरीर में खून बनाने में पालक बहुत सहायक सिद्ध होता है। पालक को पकाने से इसके अंदर मौजूद गुण नष्ट नहीं होते। कब्ज के इलाज में पालक का नित्य सेवन रामबाण है। नियमित रूप से कुछ दिन पालक की सब्जी का सेवन करने से कब्ज से छुटकारा मिलता है।



जिसे रात में बार-बार पेशाब आता हो उसके लिए संध्या में पालक की सब्जी खाना लाभप्रद है। इससे कुछ दिनों में यह शिकायत दूर हो जाती है। पायरिया के रोग में भी पालक काफी उपयोगी सिद्ध होता है। पालक के रस का सुबह सेवन करने से पायरिया से मुक्ति मिलती है। आंतों की सूजन अथवा आंतों के किसी भी रोग में पालक की सब्जी खाना लाभदायक होता है। यह उदर विकारों को भी दूर करता है।

पालक के उपयोग के साथ कुछ सावधानियां बरतना आवश्यक है। पालक के पत्तों को बहुत अच्छी तरह खुले पानी में सफाई से धोयें, और फिर थोड़ी देर इन्हें पोटाश के पानी में भिगोकर रख दें। ऐसा करने से इनके पत्तों पर मौजूद कीड़े-मकोड़े मर जाते हैं। फिर साफ पानी से धोकर इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। बरसात केमहीनों में पालक के सेवन से बचें। इन दिनों मौसमी कीड़े-मकोड़े अधिक होते हैं, जो इन पत्तों के साथ शरीर में प्रवेश कर सकते हैं जिन पर पोटाश का भी असर नहीं होता।

पालक की सब्जी में चूंकि लवण और जल की मात्रा अधिक होती है, इसलिए नमक का इस्तेमाल नाम मात्र ही करना बेहतर होगा।

# मोटापा और शरीर में फैट सैल्स

**वजन कम करने या बढ़ाने से सिर्फ कोशिकाओ में स्टोर किये गये फैट की मात्रा की प्रभावित होती है, कोशिकाओं की संख्या पर कोई फर्क नहीं पड़ता।**



**आप** मोटे हैं या पतले, भले ही आपका वजन बढ़ता हो या घटता हो, लेकिन हर साल आपकी 10 प्रतिशत फैट कोशिकाएं मर जाती हैं और हर साल जो कोशिकाएं मरती हैं उनकी जगह नयी फैट कोशिकाएं उनका स्थान ले लेती हैं। ऐसा स्वीडन के शोधकर्ताओं का कहना है। इसका नतीजा यह होता है कि साल दर साल, पूरे वयस्क जीवन तक, शरीर में फैट कोशिकाओं की कुल संख्या समान रहती है। वजन कम करने या बढ़ाने से सिर्फ कोशिकाओ में स्टोर किये गये फैट की मात्रा ही प्रभावित होती है, कोशिकाओं की संख्या पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

यह शोध हाल ही में ऑनलाइन नेचर पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में कहा गया है कि मोटापे की जांच करने वाले शोधकर्ताओं ने कुछ चुटकी लेने वाले प्रश्न उठाये हैं। मसलन, यह कैसे तय होता है कि व्यक्ति के शरीर में कितनी फैट कोशिकाएं हैं, इसी किस्म के अन्य सवाल हैं-

**फैट कोशिकाओं की संख्या कब तय होती है ?**

क्या कोई हस्तक्षेप का ऐसा तरीका है कि वयस्क होने तक लोगों में फैट कोशिकाओं की संख्या कम हो जाये ?

**फैट कोशिकाओं की मृत्यु दर को जन्म दर से तेज करके क्या मोटापे का इलाज किया जा सकता है ?**

'यह मोटापे को देखने का बिलकुल नया तरीका है।' ऐसा लेस्टर सैलान्स का कहना है। वह मोटापे के शोधकर्ता और न्यूयार्क स्थित माउंट सिनाई स्कूल ऑफ मेडिसिन में एमिरेट्स प्रोफेसर हैं। लेकिन फिलहाल के लिए, शोधकर्ताओं के अनुसार, उनके पास इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कोई रास्ता नहीं है। एक अन्य मोटापे के शोधकर्ता व हार्व 24 मेडिकल स्कूल में डीन जैफरी लासर का कहना है, 'एक सिस्टम इंतजार में है, जिसकी खोज की जानी है।' लासर व अन्य मोटापे पर शोध करने वालों ने इस संदर्भ में सावधानी बरतने को कहा है कि अगर वैज्ञानिकों को यह मालूम भी हो जाये कि फैट कोशिका सिस्टम किस तरह से काम करता है तो भी यह स्पष्ट नहीं है कि मोटापे का हस्तक्षेप करके इलाज करना सुरक्षित रहेगा। पिछले कई दशकों के अध्ययन ने एक कड़वा पाठ यह पढ़ाया है कि वजन बरकरार रखने के लिए शरीर के पास अतिरिक्त नियंत्रण हैं। सैलान्स का कहना है, 'मेरा मानना है कि शरीर के पास वजन को नियंत्रित करने का इतना जटिल तरीका है कि अगर आप एक जगह हस्तक्षेप करें तो इस हस्तक्षेप को निरस्त करने के लिए किसी दूसरी जगह कुछ और हो जायेगी।'

**लेकिन इस खोज से यह फायदा हुआ है कि मोटापे से संबंधित प्रश्नों को संबोधित करने के लिए नये रास्तों की तलाश की जा रही है। मसलन, उन लोगों के साथ क्या होता है जो एडल्टहुड तक पतले रहते हैं और उसके बाद उनका वजन बहुत बढ़ जाता है ?**

अध्ययन का फोकस उन लोगों पर था जो बचपन से ही मोटे थे जो कि एडल्ट मोटापे के लिए सामान्य रास्ता है। जो लोग बाद में मोटे होते हैं उनके लिए स्थिति भिन्न हो सकती है। शायद उनमें वास्तव में नयी फैट कोशिकाएं विकसित हो जाती हों-जो कोशिकाएं उनके पास थीं वे फैट से इतनी भर गयी हैं कि और फैट संभाल न पा रही हों।

**एक अन्य प्रश्न यह है कि लिपोसक्शन के जरिये जो फैट कोशिकाएं हटायी जाती हैं, क्या वह फिर से विकसित हो जाती हैं ?**

इन दोनों ही प्रश्नों पर स्वीडन के शोधकर्ता नये सिरे से जांच कर रहे हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्गजनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 4072




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो -4071 का हल



## लॉफिंग जोन

एक ऐसी युवती थी, जिसका कभी किसी से कोई रोमांस नहीं हुआ था। एक दिन उसने रोमांटिक ख्वाब देखा- जब वह गार्डन में घूम रही थी, तभी एक सुंदर युवक ने साड़ी के पीछे छुपकर उससे लिपट गया। वह भागी लेकिन एक घने पेड़ की मधुर छाया में तरुण ने उसे पकड़ लिया।

तुम-तुम क्या करने जा रहे हो? वह हकबकाई।

शैतानी से मुस्कराकर युवक बोला- तुम बताओ। यह तुम्हारा सपना है।

□ □ □

अखबार पढ़ते प्रेमी को प्रेमिका ने पीछे से जोरदार घूँसा मारा। इस पर प्रेमी ने कहा -क्या हुआ, प्रिया?

प्रेमिका- तुम्हारी शर्ट की जेब में एक कागज मिला था जिस पर मेरी (लड़की का नाम) लिखा हुआ था।

प्रेमी- अरे नहीं प्रिये, तुम्हें याद है पिछले सप्ताह मैं ट्रेकिंग पर गया था। मैंने घोड़े की सवारी की थी। मेरी उसी घोड़े का नाम है।

अगले दिन प्रेमिका ने फिर जोरदार घूँसा मारा।

प्रेमी- अब क्या हुआ प्रिये?

प्रेमिका - तुम्हारे घोड़े का फोन आया था।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 4072



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीर की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4071

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | ■ | क्ष | त्रि | य | ■ | ज | ख्मी |
| दि | ■ | सी | मा | ■ | दे | श | प्रे | मी | ■ |
| श | बा | ब | ■ | दे | व | ■ | म | न | ■ |
| ■ | बु | ■ | जो | श | ■ | बा | गी | ■ | खु |
| दौ | ल | त | ■ | द्रो | ही | ■ | त | ला | शी |
| ड़ | ■ | ला | ■ | ही | ■ | पा | ■ | ट | ■ |
| ■ | रो | श | नी | ■ | आ | प | के | सा | थ |
| जं | ग | ■ | य | की | न | ■ | ■ | ब | ■ |
| ग | ■ | ■ | त | ■ | बा | द | ल | ■ | जी |
| ल | की | र | ■ | डॉ | न | ■ | की | म | त |

## 4072


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

4071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 4072



**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 4071 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | व | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | वा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |

# लॉरी से टकराने के बाद पलटी कार, चार लोगों की मौत...तीन अन्य घायल

एजेंसी

**जोगुलाम्बा।** तेलंगाना के जोगुलाम्बा गडवाल जिले में एर्रावल्ली चौराहे के पास एक पेट्रोल स्टेशन पर लॉरी के पिछले हिस्से से कार के टकराने के बाद उसमें सवार दो महिलाओं और एक बच्चे सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, कार में सवार लोग आंध्र प्रदेश के नंद्याल जिले के अल्लागड्डा से हैदराबाद जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घायलों को इलाज के लिए गडवाल के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना भीषण होने के कारण कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# रोजगार, सुरक्षा और स्वाभिमान युक्त जीवन देने वाली अच्छी सरकार बनाने के लिए मतदान जरूर करें : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश और प्रदेश वासियों से अपील की है कि देश में 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आमचुनाव के आज सातवें व अन्तिम चरण के मतदान हो रहा है। उन्होंने 'पहले मतदान फिर जलपान' के संकल्प व पूरे जोश के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की, ताकि देश में रोजगार, सुरक्षा, आत्म-सम्मान व स्वाभिमान-युक्त जीवन देने वाली अच्छी सरकार बने। मायावती ने कहा कि अपने 'एक व्यक्ति एक वोट' के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करके सत्ता में अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने का भरसक प्रयास जरूरी। ताकि करोड़ों गरीबों, मजलूमों, महिलाओं एवं अन्य मेहनतकशों के लिए आत्म-सम्मान व विकास के बन्द दरवाजे खुल सकें।

# तीसरे दिन बरामद हुआ फुलवरिया डैम में डूबे युवक की तैरती लाश

**नवादा।** जिले में रजौली के फुलवरिया जलाशय में 30 मई को दोस्तो संग स्नान करने गया डूबे युवक की लाश शनिवार को जलाशय में तैरते हुए बरामद की गई। रजौली ड्योढ़ी के रजवरिया टोला निवासी गोपाल उर्फ फंटूश का तैरता हुआ शव शनिवार को बरामद हो गया है। मृतक गोपाल उर्फ फंटूस राजवंशी अपने चार साथियों के साथ बीते 30 मई को फुलवरिया डैम में नहाने गया था।नहाने के क्रम में अचानक गहरे पानी मे जाने से उसकी मौत हो गई थी। मृतक गोपाल राजवंशी उर्फ फंटूश की डूबने की सूचना दोस्तो के द्वारा स्वजन को दी गई जिसके बाद सभी लोग डैम पहुँचे और घटना की सूचना रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार को दी गई सूचना के उपरान्त दलबल के साथ अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष फुलवरिया डैम पहुँचे और मृतक के अन्य साथियों से जानकारी प्राप्त किया उसके बाद स्थानीय गोताखोरों के मदद से शव को ढूंढने का प्रयास किया गया।लेकिन सफलता हाथ नही लगी तब घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को दिया गया उसके बाद बिहटा से आई एसडीआरएफ की टीम ने शव को ढूंढने का प्रयास किया और लगातार 12 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद भी शव ढूंढने में एसडीआरएफ की टीम असफल रही और शाम होने के बाद पुनः शनिवार की सुबह शव ढूंढने की बात कही गई। लेकिन शनिवार की सुबह जैसे ही रात्रि गश्ती की टीम एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में डैम पहुंची तो देखा कि शव डैम के किनारे लगा हुआ है। जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को दी गई।डैम पर पहुंचे अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

# चरस तस्करी के दो अलग अलग मामले में एक को सत्रह दूसरे को मिला 13 वर्षों का कठोर कारावास

**पूर्वी चंपारण।** एनडीपीएस कोर्ट 2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को सत्रह वर्षों का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा यूपी कानपुर देहात के बिहारीघाट निवासी मास्टर बाबू के पुत्र गिरगेश कुमार को हुई। मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पटना के अधिकारी ने ऑफिशियल कंप्लेंट न्यायालय में दाखिल किया था, जिसमें कहा था कि 19 अक्तूबर 2018 को 47 वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों ने रक्सौल रामगढ़वा मेन रोड में रामगढ़वा के पास जांच कर रहे थे। उसी दौरान रक्सौल की ओर से एक टाटा इंडिका कार आई। जांच के दौरान कार के डिक्की से 43 किलो चरस बरामद हुआ।

वाद विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक ने चार गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद धारा 20(बी) (सी) एवम् 23 (सी) में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाए। वही चरस तस्करी के दूसरे मामले में एनडीपीएस कोर्ट 2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को तेरह वर्षों का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा नेपाल पोखरिया थाना के देवरिया निवासी सुदामा राम के पुत्र किशोर राम को हुई।

# पश्चिम बंगाल में बवाल, बमबारी और हिंसा में आईएसएफ और टीएमसी के 10 कार्यकर्ता घायल

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में नौ सीटों के लिए शनिवार को जारी मतदान के बीच विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से मतदान केंद्रों के बाहर छिटपुट हिंसा और मतदान एजेंटों को भगाने के प्रयासों की रिपोर्टें सामने आयी है। भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक 1,450 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

हिंसा से ग्रस्त संदेशखली से प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक कल रात बरमाजुर में मतदाताओं को डराने का प्रयास किया गया, जहां महिलाओं ने एकजुट होकर गांव की रखवाली की और समूहों में मतदान करने का फैसला किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अज्ञात बदमाशों ने अपने चेहरे ढके हुए ग्रामीणों पर हमला किया और उन्हें बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट न डालने की धमकी दी। संदेशखली के सरबेरिया के राजबाड़ी में कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)



समर्थकों ने दो तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। बारानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सजल घोष के मुख्य चुनाव एजेंट कौस्तव बागची ने आरोप लगाया कि उत्तर कोलकाता लोकसभा सीट के लिए बोनहुगली हाई स्कूल मतदान केंद्र पर दो एजेंट होने चाहिए, लेकिन उनके एक एजेंट को बाहर निकाल दिया गया।

उन्होंने ईसीआई से इस संबंध में शिकायत की है। बारानगर विधानसभा उपचुनाव सीट के अंतर्गत बीकेसी कॉलेज में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) उम्मीदवार तन्मय भट्टाचार्य और तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय पार्षद के बीच हाथापाई हुई। पार्षद ने आरोप लगाया कि माकपा नेता ने उन पर हमला किया और उन्होंने किसी तरह अपना बचाव किया। वहीं भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि उन्हें मतदान केंद्र पर जाने से रोका गया।

झकोलकाता उत्तर से भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय ने आरोप लगाया कि उन्हें बोबाजार के लेबुतला में मतदान केंद्र पर जाने से रोका गया। माकपा के पूर्व प्रदेश सचिव सूर्यकांत मिश्रा की बेटी रोसेनरा मिश्रा को कोलकाता दक्षिण के अंतर्गत आइस स्केटिंग रिंक मतदान केंद्र पर जाने से रोका गया। वह माकपा उम्मीदवार सायरा शाह हलीम की मतदान एजेंट हैं, जिन्होंने बाद में हस्तक्षेप करके सुनिश्चित किया कि उनका एजेंट उनकी सीट पर बैठ जाए।

# एयरपोर्ट से श्रीराम मंदिर तक वीआईपी लेन बनाने की तैयारी : मंडलायुक्त



एजेंसी

**अयोध्या।** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम मंदिर तक वीआईपी लेन बनाने की तैयारी है। इसको लेकर मंडलायुक्त गौरव दयाल ने वैकिल्पक मार्गों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से अयोध्या धाम जाने वाले सभी मार्ग फोर लेन होंगे। मकसद यह भी है कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात बाधित न हो।अभी वीआईपी मूवमेंट होने पर काफिला एयरपोर्ट के टर्मिनल एक से अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग, नाका बाईपास से अयोध्या धाम पहुंचता है। इससे शहर के साथ ही हाईवे का यातायात बाधित होता है। इससे निजात के लिए एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचने के लिए एक डेडीकेटेड वीआईपी लेन का प्रयास है। मंडलायुक्त ने अयोध्या एयरपोर्ट के प्रस्तावित टर्मिनल दो से बूथ नंबर चार तक जोड़ने विभिन्न मार्गों को देखा। इसमें गंजा से पॉवर हाउस वाला मार्ग, फिरोजपुर पीएमजीआसवाई से कुसमहा के कुटिया का पुरवा होते हुए दर्शननगर भरतकुंड मार्ग हैं।

# अगले 48 घंटों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना, नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय एक

एजेंसी

**बीकानेर।** राजस्थान में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 48 घंटों के दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने और दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। हवाओं की गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की उम्मीद है, साथ ही हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। शेष अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। अधिकांश स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड होने की संभावना है। हालांकि गंगानगर, हनुमानगढ़, धौलपुर और भरतपुर में कहीं-कहीं हीट वेव दर्ज की जा सकती है।

राज्य के अधिकांश भागों में अगले दो-तीन दिनों के दौरान हीट वेव से राहत मिलने का अनुमान है। इसके बावजूद पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4-5 जून को अधिकतम तापमान फिर से 45 डिग्री



सेल्सियस से ऊपर जा सकता है और कुछ स्थानों पर हीट वेव की स्थिति बन सकती है।

मौसम में हो रहे इस बदलाव से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना किसानों के लिए फायदेमंद हो सकती है, जिससे फसलों को संजीवनी मिल सकती है हालांकि तेज हवाओं से फसलों को नुकसान भी हो सकता है, इसलिए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक सावधानियां बरतें और मौसम की जानकारी पर नजर बनाए रखें। आगामी दिनों में मौसम की स्थिति में और बदलाव की संभावना है, इसलिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# मालीवाल केस: केजरीवाल के सहयोगी बिभव को नहीं राहत, कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली दिल्ली पुलिस की याचिका स्वीकार कर ली।

कुमार को तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत के समक्ष पेश किया गया था। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय ने कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका की विचारणीयता पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले सोमवार को, कुमार की जमानत याचिका एक सत्र अदालत ने यह



कहते हुए खारिज कर दी थी कि प्रतीत होता है कि प्राथमिकी दर्ज कराने का मालीवाल का कोई 'पूर्व-नियोजित' इरादा नहीं था और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों को 'खारिज'नहीं किया जा सकता। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन एक मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था और कहा था कि उनकी गिरफ्तारी के कारण उनकी अग्रिम जमानत याचिका निरर्थक हो गई है। उन्हें पिछले चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। कुमार के खिलाफ प्राथमिकी 16 मई को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई थी।

# जनता चाहती है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें : नाना पटोले

एजेंसी

**नागपुर ।** कांग्रेस की ओर से यह फैसला लिया है कि पार्टी एग्जिट पोल से संबंधित किसी भी डिबेट में भाग नहीं लेगी। पार्टी के इस फैसला पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले की भी एंट्री हो गई है। नाना पटोले ने कहा कि एग्जिट पोल से जुड़ी चर्चा में कांग्रेस का कोई भी नेता भाग नहीं लेगा। कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता और देश की जनता चाहती है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें। चुनाव आयोग जिस तरीके से पार्टी बनने जा रहा है, वह ना बने। एग्जिट पोल के संबंध में कांग्रेस हाईकमान ने निर्णय लिया है कि एग्जिट पोल से जुड़ी चर्चा में कोई भी कांग्रेस का नेता भाग नहीं लेगा। यह हाईकमान का निर्णय है और सब उसका पालन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अंदाज के



मुताबिक इंडिया गठबंधन की तीन सौ से ज्यादा सीटें आ रही हैं। वहीं, महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की 40 से ज्यादा सीटें आएंगी।

इंडिया गठबंधन की बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो बैठक बुलाई है, उस बैठक में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि गठबंधन को किस तरह से मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बैठक में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि इंडिया गठबंधन को आगे क्या करना है और क्या नहीं करना है। बैठक में इन तमाम विषयों पर चर्चा की जाएगी। इंडिया गठबंधन की बैठक सफल रहेगी, देश के हित में रहेगी। चुनाव आयोग जिस तरीके से पार्टी बनने जा रहा है, वह ना बने, चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में जो निवेदन दिया गया था, उस पर भी चर्चा होगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी थी कि एग्जिट पोल से जुड़ी किसी भी डिबेट में कांग्रेस शामिल नहीं होगी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, मतदाताओं ने अपने मत दे दिए हैं एवं मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। 4 जून को परिणाम सबके सामने होंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नजर में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह का सार्वजनिक अनुमान लगाकर और घमासान में भाग लेकर टीआरपी के खेल में शामिल नहीं होना है। इसका कोई औचित्य नहीं है। किसी भी बहस का मकसद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है। कांग्रेस पार्टी 4 जून से डिबेट्स में खुशी-खुशी हिस्सा लेगी।

# नगर निगम द्वारा मलिन बस्तियों पर अतिक्रमण की कार्यवाही

एजेंसी

**द्वदेहरादून।** राजधानी देहरादून में पिछले कुछ दिनों से लगातार चल रहे नगर निगम के अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि यह करवाई उन लोगों की जिंदगी को बचाने के लिए की जा रही है जो नदी में आकर बस गए हैं। जिन्हें कुछ लोगों ने बरगलाकर नदी में बसा दिया है। उन्होंने कहा कि देहरादून अतिवृष्टि वाला क्षेत्र है और मानसून भी आने वाला है। ऐसे में आगे कोई अप्रिय घटना ना हो, इसी को लेकर यह अतिक्रमण की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही भाजपा महानगर



अध्यक्ष ने कहा कि 524 जगहों को चिन्हित किया गया है, जिन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आने वाले समय में जो लोग वहां रह रहे हैं उनके जान माल का नुकसान ना हो इसको देखते हुए यह की जा रही है। पर कांग्रेस इस पर भ्रामक अफवाह फैला रही कि सभी बस्तियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना बंद करें अपना राजनीतिक फायदा ना ढूंढे।

# चारधाम यात्रा : दर्शन मुश्किल, सितंबर तक हैलीकॉप्टर की बुकिंग फुल

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में 10 मई से शुरू हुई चार धाम यात्रा को लेकर इस वर्ष अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। पंजीकरण की संख्या और श्रद्धालुओं के दर्शन का आंकड़ा अपने आप में नया रिकॉर्ड बना रहा है। बात करें अगर हेलीकॉप्टर बुकिंग की तो मानसून सीजन को छोड़कर उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने बाकी सीजन के लिए हेली सेवाओं की बुकिंग विंडो खोल दी थी। इसके बाद अब सितंबर तक हेलीकॉप्टर बुकिंग फुल हो चुकी है। इसलिए बाहर से जाने वाले यात्री सावधानी बरतें क्योंकि हैलीकॉप्टर से जाकर दर्शन करना बहुत मुश्किल है।

युकाडा के अपर सचिव सी रवि शंकर ने बताया कि मानसून अवधि को छोड़कर पूरी यात्रा सीजन की



बुकिंग खोल दी गई थी। उसमें सितंबर तक की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर में कुछ सीटें बची हुई है। हालांक ज्यादातर सीट बुक हो चुकी हैं। लेकिन, समय-समय पर कुछ कैंसिलेशन होते रहते हैं। उस कैंसिलेशन की वजह से टिकट उपलब्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि आईआरसीटीसी की हेलीकॉप्टर वेबसाइट है उसमें इसके टिकट उपलब्ध हैं।

इसके अलावा हेलीपैड में जो ऑपरेटर है वह कैंसिलेशन के बाद अगर कोई टिकट उपलब्ध होता है तो काउंटर में निर्धारित प्रक्रिया के तहत टिकट मिलता है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो उसके लिए पुलिस के कांटेक्ट नंबर भी दिए हुए हैं। फेक टिकट ब्लैक मार्केटिंग जैसी गतिविधियों के संबंध में तुरंत शिकायत का दर्ज करवा सकते हैं। उस पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया इससे पहले भी कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो चुका है।

# उप्र में दो दिन बाद बदलेगा मौसम, धूल भरी आंधी के साथ पड़ेंगी बौछारें

एजेंसी

**कानपुर।** सूरज की आग उगलती लपटें और आर्द्रता में भीषण कमी से मौसम इस कदर शुष्क हो गया है कि गर्मी सीधे लोगों के दिल पर लग रही है। इससे लोग बिलबिला उठे और दोपहर में तो सड़कों पर सन्नाटा पड़ा रहा। यही नहीं देर शाम तक गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश में दो दिन बाद मौसम बदलेगा और धूल भरी आंधी के साथ स्थानीय स्तर पर बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि इससे लोगों को गर्मी से बहुत अधिक राहत नहीं मिलने वाली है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, दक्षिण अरब सागर के शेष हिस्सों, लक्षद्वीप और केरल, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के कुछ और हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम और मध्य बंगाल की खाड़ी, उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों, असम और



मेघालय, और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान मानसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हो रही हैं। उत्तर-पूर्व असम और आसपास के क्षेत्रों पर चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ को जम्मू और आसपास के क्षेत्रों पर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर 1.5 किलोमीटर तक फैला हुआ एक चक्रवाती परिसंचरण है।

उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर चक्रवाती परिसंचरण से एक द्रोणिका दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और निचले स्तरों पर सिक्किम होते हुए पश्चिमी बांग्लादेश तक फैली हुई है। पश्चिम मध्य अरब ओमान तट पर 1.5 से 4.5 किलोमीटर के बीच एक चक्रवाती परिसंचरण है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत पर 8ए उत्तरी अक्षांश के पास एक विंड शेयर जोन क्षेत्र समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। केरल तट के पास दक्षिण-पूर्व अरब सागर पर एक चक्रवाती परिसंचरण है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नम हवाएं आ रही हैं और राजस्थान के थार मरुस्थल से गर्म हवाएं आ रही हैं।

# रविशंकर और लालू ने सपरिवार मताधिकार का किया प्रयोग

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में बिहार की आठ संसदीय सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान चल रहा है। इनमें नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक इन सीटों पर पूर्वाह्न 11ः00 बजे तक औसत 16 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इस दौरान लालू यादव, रविशंकर प्रसाद, मीसा भारती, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव ने वोट डाले।

पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंक प्रसाद ने पत्नी के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। इनके अलावा बिहार विधानपरिषद के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भी मतदान किया और लोगों से वोट डालने की अपील की। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, उनकी मां राबड़ी देवी, बड़ी बहन और पाटलीपुत्र से राजद



उम्मीदवार मीसा भारती और पिता लालू यादव ने वोट डाले। सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर कई दिग्गजों की साख दांव पर है। नालंदा से जदयू के मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पटना साहिब से भाजपा के मौजूदा सांसद रविशंकर प्रसाद, पटना की दूसरी सीट पाटलिपुत्र से भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव, आरा संसदीय सीट से भाजपा सांसद आर के सिंह, काराकाट सीट पर राजग के साझा उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। नालंदा संसदीय सीट पर जदयू के कौशलेंद्र कुमार का महागठबंधन के संदीप सौरभ, पटना साहिब सीट पर भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत, पाटलिपुत्र सीट पर भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव और लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती, आरा में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह और महागठबंधन के सुदामा प्रसाद के बीच सीधी टक्कर है। बक्सर संसदीय सीट पर राजग के मिथिलेश तिवारी और राजद के सुधाकर सिंह, सासाराम सीट पर राजग के शिवेश राम और महागठबंधन के मनोज कुमार भारती के बीच मुकाबला है जबकि काराकाट सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। काराकाट सीट से राजग के उपेंद्र कुशवाहा, निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे भोजपुरी स्टार पवन सिंह और महागठबंधन के राजा राम सिंह के बीच कड़ी टक्कर है। जहानाबाद सीट से जेडीयू के मौजूदा सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और राजद के सुरेंद्र यादव के अलावा पूर्व सांसद अरुण कुमार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।

# हिमाचल में अगले छह दिन बरसेंगे बादल, चलेगा अंधड़, येलो अलर्ट जारी

एजेंसी

**शिमला।** भीषण गर्मी की मार झेल रहे पहाड़ी राज्य हिमाचल में आसमान से राहत बरसेगी। राज्य में अगला करीब एक हफ्ता बादलों के बरसने से लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। प्रदेश में पहली जून यानी शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। इस दौरान अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्का हिमपात भी हो सकती है। मौसम विभाग ने आगामी छह जून तक राज्य के कई इलाकों में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक पहली जून को समूचे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा और मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा। दो व तीन जून को मैदानी इलाकों को छोड़कर शेष हिस्सों में मौसम की स्थिति खराब बनी रहेगी। चार, पांच और छह जून तक पूरे प्रदेश में बादलों के बरसने का अनुमान है। इस दौरान मैदानों में अच्छी वर्षा और पहाड़ों पर बर्फ़बारी का नज़ारा देखने को मिल सकता है।

## खासी मांग है देश के साथ-साथ विदेशों में भी

# मेडीकल लैब टैक्नीशियन की



"मेडीकल लैब टैक्नीशियन, डाक्टरों के निर्देश पर काम करते हैं। उपकरणों के रख-रखाव और कई तरह के काम इनके जिम्मे होता है। लैबोरेटरी में नमूनों की जांच और विश्लेषण में काम आने वाला घोल भी लैब टैक्नीशियन ही बनाते हैं। इन्हें मेडीकल साइंस के साथ-साथ लैब सुरक्षा नियमों और जरूरतों के बारे में पूरा ज्ञान होता है। लैब टैक्नीशियन नमूनों की जांच का काम करते हैं, लेकिन वे इसके परिणामों के विश्लेषण के लिए प्रशिक्षित नहीं होते।"



नमूनों के परिणामों का विश्लेषण पैथोलॉजिस्ट या लैब टैक्नोलॉजिस्ट ही कर सकता है। जांच के दौरान एम.एल.टी. कुछ सैम्पलों को आगे की जांच या फिर जरूरत के अनुसार उन्हें सुरक्षित भी रख लेता है। एम.एल.टी. का काम बहुत ही जिम्मेदारी और चुनौती भरा होता है। इसमें धैर्य और निपुणता की बड़ी आवश्यकता होती है। जमा किए गए डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता की भी जिम्मेदारी उसकी होती है।

मेडीकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट में सर्टीफिकेट डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर्स के दौरान बेसिक फिजियोलॉजी, बेसिक बायोकैमिस्ट्री एंड ब्लड बैंकिंग, एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, एनवायरनमैंट एंड बायोमैडीकल वेस्ट मैनेजमैंट, मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजी एवं अस्पताल प्रशिक्षण दिया जाता है।

सर्टीफिकेट इन मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी (सी.एम.एल.टी.) छह महीने का कोर्स है जिसके लिए योग्यता है 10वीं पास। वहीं डिप्लोमा इन मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। इस कोर्स की अवधि है एक वर्ष। 12वीं प्रमुख विषय के रूप में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी (पी.सी.बी.) तथा फिजिक्स, कैमिस्ट्री या मैथ्स (पी.सी.एम.) के साथ पास होना अनिवार्य है।



बी.एससी. इन एम.एल.टी. के लिए 12वीं विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। जिसकी अवधि है 3 वर्ष। एम.एससी. इन मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजिस्ट (एम.एल.टी.) प्रोग्राम में प्रवेश करने के लिए अभ्यर्थी के पास पहले हाई स्कूल डिप्लोमा होना चाहिए, इसके बाद 2 साल का एसोसिएट प्रोग्राम करना होता है। यह प्रोग्राम कम्युनिटी कालेज, टैक्नीकल, स्कूल, वोकेशनल स्कूल या विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाता है।


मैडीकल लैबोरेटरी तकनीशियनों को काम में निपुणता और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण की जरूरत पड़ती है।

छात्र इस तरह क प्रशिक्षण लैबोरेटरी कार्यों के दौरान ही साथ ही साथ प्राप्त कर सकते हैं। अधिकतर प्रांतों में मैडीकल लैबोरेटरी तकनीशियनों के लिए कोई प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं होती, लेकिन कुछ राज्यों में इन तकनीशियनों के पास काम करने के लिए प्रमाण पत्र होना जरूरी है।

प्रमाण पत्र वाले तकनीशियनों के लिए इस क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं होती हैं। आप किसी भी मैडीकल लैबोरेटरी हॉस्पिटल, पैथोलॉजिस्ट के साथ काम कर सकते हैं। ब्लड बैंक में इनकी खासी मांग रहती है। आप बतौर रिसर्चर व कंसल्टैंट के अलावा खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं।



सामान्य तौर पर एक एम.एल.टी. का वेतन 10 हजार से शुरू होता है जबकि पैथोलॉजिस्ट को तीस हजार रुपए से चालीस हजार रुपए तक सैलरी मिल जाती है। साथ ही योग्यता और तजुर्बे के आधार पर उनके वेतन में इजाफा होता चला जाता है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी इनकी खासी मांग है।



## आधे से ज्यादा लोग अपनी जॉब से रहते हैं नाखुश!



क्या आप जानते हैं कि आधे से ज्यादा लोग अपनी नौकरी से नाखुश रहते हैं और आधे से ज्यादा लोग इस बात को महसूस करते हैं कि वह जिस जॉब को कर रहे हैं, उसमें उनका कोई भविष्य नहीं है या उन्होंने अपनी जिंदगी में गलत करियर चुन लिया।

यह बात ब्रिटेन स्टडी में सामने आई है। स्टडी में कहा गया है कि ब्रिटेन में काम करने वाले लोग अपनी जॉब से परेशान हैं और वह मानते हैं कि वह अपने भविष्य को सही जगह नहीं ले गए। इसके साथ ही एक चौथाई लोग अपने आपको गरीब कर्मचारी मानते हैं। वह लोग ऐसा इसिलए समझते हैं, क्योंकि वह अपनी जॉब से खुश नहीं होते।

स्टडी के मुताबिक 7 में से 1 कर्मचारी ऐसा भी होता है, जो अपनी जॉब से परेशान होकर उसकी आदर नहीं करते और वह जॉब पर ध्यान नहीं देता। इसके साथ-साथ 49 फीसदी ब्रिटेन के कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो जॉब करने के साथ साथ किसी और फिल्ड में भी अपना कैरियर तलाश करते हैं।

## प्रतिद्वंद्वी को अपना अच्छा दोस्त बनाएं



### जब दोस्त ईर्ष्या करने लगे

कई बार ऑफिस में प्रमोशन मिलने से आपकी बैस्ट फ्रैंड को भी आपसे ईर्ष्या हो जाती है। ऐसे में अपनी ही दोस्त के बिहेवियर में जलन का भाव देख कर किसी को भी टैंशन होना लाजिमी है, उसे बताएं कि बहुत सी चीजें वक्त के साथ ही संभव हो पाती हैं, कल उसे भी तो प्रमोशन मिल सकता है, बस मेहनत करते रहो। इस प्रकार दो दोस्तों के दिलों में पड़ने वाली दीवार को समय रहते मिटाया जा सकता है।

### शिकायत करने वालों से बचें

ऐसे दोस्तों की भी कमी नहीं जिसे हमेशा आपसे कोई न कोई शिकायत रहती हो। हर बार कमी गिनाने वाले लोग पॉजीटिव सोच वाले नहीं हो सकते। अतः जरूरी है कि उसकी अधिकांश शिकायतों को उसकी आदत जान कर नजरअंदाज करना आरंभ करें। जब भी वह आपसे शिकायत करने लगे तो बात का टॉपिक ही बदल दें, यदि फिर भी वह न समझे, तो उसे साफ.-साफ कह दें कि हर समय अपनी कमी सुनना अपको पसंद नहीं और वह भी अपने नैगेटिव थॉट्स छोड़ कर पॉजीटिव बातों की तरफ ध्यान दे।

### हमेशा सलाह देने वालों से बचें

कुछ लोगों की आदत होती है कि अपने फ्रैंड्स को परेशान देख कर बिना उसकी परेशानी का सबब जाने ही उसे सलाह देने बैठ जाएंगे, बिना यह जाने कि उसे इसकी जरूरत है भी या नहीं। ऐसे दोस्तों को लगता है कि आप में किसी प्रकार का फैसला लेने की क्षमता नहीं है और आपकी भलाई हमेशा उन्हें ऐसा करने को प्रेरित करती रहती है।

अब भले ही आपको यह सब बुरा लगे, पर इतनी सी बात पर दोस्ती कोई नहीं तोड़ता। अब की बार जब वह आपको बिन मांगे सलाह देने लगे तो बड़े प्यार से उसे यह समझाएं कि आप उसकी सलाह एवं राय का आदर करती हैं पर आप भी दूसरों की तरह अपनी ही गलतियों से सीखना चाहती हैं। यदि आपको उसकी सलाह की आवश्यकता होगी तो आप स्वयं उससे सलाह मांग लेंगी, तब तक उन्हें खुद ही इसका हल ढूंढने दिया जाए।

### खुद करें पहल

दोस्ती एक ऐसा फेवीकोल है जो बिखरते रिश्तों को मजबूती से जोडने का काम करता है। यदि आप किसी दूसरे से बेहतर बनना चाहती हैं, तो उसकी दोस्त बन जाएं, फिर आपको उससे प्रतिस्पर्धा करने में तनाव भी नहीं होगा और आपको एक नया दोस्त भी मिल जाएगा, जिससे आप प्रतिदिन कुछ नया सीखेंगी। नए रिश्ते बनाने में पहल किसी को तो करनी ही होती है, तो क्यों न आप ही शुरूआत करें क्योंकि प्रतिद्वंद्वी को ही अपना अच्छा दोस्त बनाने से बेहतर और क्या हो सकता है।

### बीती बातों को भुलाना बेहतर

कभी किसी दोस्त के लिए गुस्से में अपशब्द निकल गए हों तो उसे भुला कर उससे माफी मांग लें, क्योंकि बीती बातों को दोहराने का कोई लाभ नहीं। माफी मांग लेने से आप एक अच्छे दोस्त को खोने से बच जाएंगी और साथ ही उसकी नजरों में आपका स्थान और ऊंचा हो जाएगा।

# अनुवादक

## कॅरियर का बेहतरीन विकल्प



आज दुनिया भर के कई देशों में डिस्कवरी सबसे लोकप्रिय चैनल है। यह चैनल दुनिया के कई देशों में उनकी भाषा में प्रसारण करता है। ऐसा संभव होता है अनुवाद के कारण। अनुवाद एक ऐसा माध्यम है जिसने ग्लोबल दुनिया को एक-दूसरे से जुडने में अहम भूमिका निभाई है। दुनिया की कई भाषाओं में अच्छे अनुवादकों की आज भारी मांग है। अच्छे अनुवादकों को अच्छा काम और अच्छा पैसा मिलने की चिंता नहीं करनी पड़ती है। अच्छे अनुवादक की योग्यताः यह ध्यान रखने की बात है कि अनुवाद मूल लेखन से भी मुश्किल है। सबसे पहले आपको अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा की जानकारी हो। इसके लिए महज फर्राटे से स्पैनिश और फ्रेंच बोलने से काम नहीं चल जाता। अनुवादक का मकसद एक से दूसरे भाषा क्षेत्र में जाना होता है। इसलिए इसके लिए धैर्य, स्थिरता और समय की जरूरत होती है। अनुवाद शुरू करने से लेकर खत्म करने तक में अनुवादक को कई तरह के प्रयोग करने होते हैं। शब्दों के विकल्पों में से सटीक शब्द चुनना होता है। मूल लेखन और टारगेट रीडर के बीच की दूरी खत्म करनी होती है। यह दूरी जितनी ज्यादा कम हो जाए, अनुवाद उतना सफल होता है। अवसरः शिक्षा और मीडिया से जुड़े लोगों के बीच अनुवाद के काम की बहुत मांग है। विभिन्न दूतावासों में भी अच्छे अनुवादकों की दरकार होती है। फिल्मों और धारावाहिकों में डबिंग के लिए भी अनुवादक की जरूरत होती है।

एक प्रोफेशनल अनुवादक के लिए रोजगार के कई अवसर हैं। आज देश में लगभग पांच करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्हें तीन भाषाओं का ज्ञान है। आने वाले समय में यह संख्या बढ़ेगी जिसके कारण रोजगार की संख्या बढ़ेगी। जिन लोगों को दो या तीन भाषाओं की अच्छी जानकारी होती है, वे अनुवादक के रूप में अच्छा करिअर बना सकते हैं। अनुवाद का मानव सभ्यता और संस्कृति के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। अनुवाद दरअसल एक सेतु है, जो दो भाषाओं, दो संस्कृतियों और दो सभ्यताओं को आपस में जोड़ता है। भूमंडलीकरण के इस दौर में अनुवादकों की माँग बहुत ज्यादा बढ़ रही है। अनुवाद करने वालों के लिए प्रकाशन गृह में हमेशा स्थान होता है। इसके अलावा फिल्मी दुनिया में भी विदेशी फिल्मों के सबटाइटल' बनाने और किसी अन्य भाषा में फिल्म की डबिंग करने के लिए अनुवादकों की आवश्यकता होती है। अखबार और पत्रिकाओं में भी अनुवाद का बहुत काम होता है, इसलिए प्रिंट मीडिया में भी अनुवादकों के लिए अवसर मौजूद होते हैं। निजी क्षेत्र के अलावा शासकीय क्षेत्र में भी अनुवादकों के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध होते हैं। शासकीय दूतावासों में अनुवादक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। दूतावास में काम करने वाले अनुवादकों को विदेश जाने के अवसर एवं प्रतिष्ठापूर्ण ओहदा मिलता है। कई लोग अनुवाद को केवल हिंदी और अंग्रेजी के साथ जोड़कर ही देखते हैं। जबकि ऐसा नहीं है, अनुवाद के संदर्भ में हिंदी और अंग्रेजी का क्षेत्र बहुत विस्तृत है, लेकिन अन्य भाषाओं में भी अनुवाद के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। यदि हम अपने देश के बारे में बात करें तो हिंदी के अलावा गुजराती, मराठी, कन्नड, तमिल जैसी भाषाओं में भी अनुवादकों के लिए बहुत से अवसर उपलब्ध हैं। यदि अनुवादक के रूप में नौकरी न करना चाहें तो फीलांस अनुवादक के रूप में काम किया जा सकता है। फीलांस अनुवादकों के लिए भी अवसरों की कमी नहीं है। फीलांस अनुवादकों के लिए इंटरनेट बहुत बड़ा अवसरदाता है। कई वेबसाइट अनुवादकों को अवसर मुहैया करवा रही है। इन साइटों पर अनुवादक अपना पंजीयन करवाते हैं।

भाषा संप्रेषण का माध्यम है लेकिन यदि भाषा पर अधिकार हो तो करिअर बनाने की डगर बहुत आसान हो जाती है। वैसे तो आप किसी भी क्षेत्र में अपना करिअर बनाएँ, दो या दो से अधिक भाषाओं पर अच्छी पकड़ आपको हर क्षेत्र में खास तवज्जो दिलाएगी। दो भाषाओं पर अच्छा अधिकार अपने आप में एक विशेषता है।

# रोहित शर्मा दिखे टी20 विश्व कप 2024 से पहले एनबीए ट्रॉफी के साथ

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत से पहले 31 मई, एनबीए ट्रॉफी के साथ शानदार समय बिताया। रोहित और भारतीय टीम के खिलाड़ी टूर्नामेंट की तैयारी के लिए न्यूयॉर्क में हैं। रोहित ने मैदान देखने के लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया और उन्हें लैरी ओ'ब्रायन चैंपियनशिप ट्रॉफी देखने का मौका मिला। रोहित ने पंजाबी में ट्रॉफी से जल्दी से पूछा कि वह कैसा है, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा। रोहित ने कहा, ओह लैरी पाजी, क्या हाल चाल है। इसके बाद रोहित से उनके पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में पूछा गया और भारतीय कप्तान ने तुरंत माइकल जॉर्डन का नाम लिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि शिकागो बुल्स के साथ जॉर्डन के कारनामे उनके लिए काफी प्रेरणादायक थे और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लेब्रोन जेम्स और स्टेफ करी जैसे खिलाड़ियों को देखना बहुत पसंद है। उन्होंने शिकागो बुल्स के लिए जो किया, वह निश्चित रूप से काफी प्रेरणादायक है। और लेब्रोन जेम्स, स्टीफ करी जैसे खिलाड़ी, वे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें खेलते हुए देखना मुझे बहुत पसंद है।÷ रोहित ने यह भी कहा कि ट्रॉफी काफी भारी थी और मजाक में कहा कि शायद यही कारण है कि एनबीए सितारों की काया इतनी अच्छी होती है। रोहित ने कहा, ओह, यह काफी भारी लग रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि वे इतने बड़े, लंबे और मजबूत हैं। रोहित के अलावा, बांग्लादेश के कप्तान नजीमुल शांतो भी एनबीए ट्रॉफी देखने के लिए मौजूद थे। भारत का टी20 विश्व कप 2024 भारत अपने टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से करेगा।

# गुरप्रीत सिंह संधू ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखने का किया वादा

कोलकाता पहुंचने के बाद, भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने गुरुवार शाम को अपना पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ महत्वपूर्ण फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले से एक सप्ताह से भी कम समय पहले, गुरप्रीत सिंह संधू ने ब्लू टाइगर्स कैंप से अपने विचार साझा किए। भारत ने कोलकाता जाने से पहले 11 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शुरू किया था।

एआईएफएफ के हवाले से गोलकीपर ने कहा, ÷यह बहुत कठिन काम रहा है क्योंकि हममें से अधिकांश ने दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इस शिविर की शुरुआत की है, लेकिन साथ-साथ हमने शारीरिक और मानसिक फिटनेस में सुधार किया है। ब्लू टाइगर्स ने खुशी के शहर में उतरते ही कोलकाता के प्रशंसकों का गर्मजोशी भरा समर्थन और प्यार महसूस किया। हवाई अड्डे से लेकर होटल और प्रशिक्षण मैदान तक, प्रशंसक अपना समर्थन व्यक्त कर रहे हैं और टीम का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। यह सब गुरप्रीत के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है, जो कोलकाता में कई राष्ट्रीय टीम के मैच खेलने के लिए भाग्यशाली रहे हैं, जबकि 2009 और 2014 के बीच ईस्ट बंगाल के लिए भी दस्ताने पहने हैं। जब हम कोलकाता का उल्लेख करते हैं तो प्रशंसकों का समर्थन कभी भी कोई सवाल नहीं होता है।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में डिफेंडर मेहताब सिंह कुवैत के खिलाफ मुकाबले से बाहर

**कोलकाता।** कोलकाता पहुंचने के बाद, भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने को अपना पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ महत्वपूर्ण फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले से एक सप्ताह से भी कम समय पहले, गुरप्रीत सिंह संधू ने ब्लू टाइगर्स कैंप से अपने विचार साझा किए।भारत ने कोलकाता जाने से पहले 11 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शुरू किया था। एआईएफएफ के हवाले से गोलकीपर ने कहा, यह बहुत कठिन काम रहा है क्योंकि हममें से अधिकांश ने दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इस शिविर की शुरुआत की है, लेकिन साथ-साथ हमने शारीरिक और मानसिक फिटनेस में सुधार किया है। ब्लू टाइगर्स ने खुशी के शहर में उतरते ही कोलकाता के प्रशंसकों का गर्मजोशी भरा समर्थन और प्यार महसूस किया। हवाई अड्डे से लेकर होटल और प्रशिक्षण मैदान तक, प्रशंसक अपना समर्थन व्यक्त कर रहे हैं और टीम का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। यह सब गुरप्रीत के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है, जो कोलकाता में कई राष्ट्रीय टीम के मैच खेलने के लिए भाग्यशाली रहे हैं, जबकि 2009 और 2014 के बीच ईस्ट बंगाल के लिए भी दस्ताने पहने हैं।

# स्कॉटलैंड पर जीत में अफगानिस्तान ने सभी विभागों में बेहतरीन प्रदर्शन किया

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** गुलबदीन नैब, राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने त्रिनिदाद में स्कॉटलैंड Scotlandपर अफगानिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई। ओमान के खिलाफ अभ्यास मैच में बल्लेबाजी में चूकने के बाद, अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले का भरपूर फायदा उठाया। बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद, अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने नियमित विकेट चटकाए और टीम को 55 रनों से जीत दिलाई। रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ ओपनिंग करने के लिए भेजे गए ऑलराउंडर गुलबदीन नैब ने अफगानिस्तान को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में ब्रैंडन मैकमुलेन के खिलाफ दो चौके और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाए। गुरबाज और बाद में इब्राहिम जादरान ने नैब की बल्लेबाजी क्षमता की बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन पहले पावरप्ले में ही आक्रामक शॉट लगाने से चूक गए।

# फ्रेंच ओपन: अल्काराज, स्विएटेक, सितसिपास, सिनर अंतिम 16 में

**एजेंसी**
**पेरिस।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

विंबलडन के मौजूदा चैंपियन ने, जो इस वर्ष पहली बार रोलांड गैरोस में रात्रि सत्र के लिए खेल रहे थे, 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 7-6 (7-5), 6-3 से हराया और अब उनका सामना 16वें दौर के मुकाबले में एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन (15वीं वरीयता प्राप्त) और कनाडा के 21वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

21 वर्षीय अल्काराज़ पिछले साल पेरिस में सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहाँ अंतिम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने उन्हें हराया था, और 2022 में क्ले मेजर में उसी चरण में कोर्डा को हराया था। जीत दर्ज करने के बाद अल्कराज ने ऑनकोर्ट साक्षात्कार में कहा, यह वास्तव में एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले मैच की तुलना में बहुत, बहुत, बहुत अच्छा खेला। यह कुछ ऐसा था जो मैं वास्तव में चाहता



था- रैली में शामिल होना, अच्छे अंक प्राप्त करना, कोर्ट पर खुद जैसा महसूस करना, और मुझे लगता है कि मैंने यह वास्तव में अच्छा किया।

इटली के माटेओ अर्नाल्डी ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया, गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 6वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को हराकर पहली बार रोलांड गैरोस में 16वें राउंड में प्रवेश किया।

तीन प्रभावशाली सेटों में, जिसमें वह मुश्किल से लड़खड़ाए, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने रुबलेव को 7-6(6), 6-2, 6-4 से हराकर पेरिस में लगातार दूसरी बार तीसरे दौर से बाहर कर दिया।

यह दुनिया के 35वें नंबर के खिलाड़ी अर्नाल्डी के लिए क्ले पर शीर्ष 20 प्रतिद्वंद्वी या मेजर में शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर पहली जीत थी।

क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अर्नाल्डी क्ले स्पेशलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास का सामना करेंगे।

ग्रीक विश्व नंबर 9 सितसिपास ने चीनी झांग झिझेन पर सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-1 से जीत हासिल की। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जननिक सिनर, पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर आगे बढ़े। सिनर का सामना घरेलू उम्मीद कोरेंटिन मौटेट से होगा, जिन्होंने चार सेटों में सेबेस्टियन ऑफनर को हराया। इस साल अब तक केवल दो मैच हारने वाले सिनर ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। महिला वर्ग में दो बार की मौजूदा चैंपियन इगा स्विएटेक ने मैरी बौज़कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में पहुंचकर अपना 23वां जन्मदिन मनाया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी महिला क्लो पैक्केट को 6-1, 6-3 से हराकर जीत हासिल की। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी लाइव फिडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचे

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रेंच टॉप 16 क्लब चैंपियनशिप में



शानदार शुरुआत के बाद लाइव फिडे रैंकिंग में शीर्ष 5 में पदार्पण किया। वारंगल के रहने वाले 20 वर्षीय अर्जुन ने पहले दो राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा और जर्मनी के विटाली कुनिन को हराया। नतीजतन, उनकी लाइव रेटिंग 2767.5 है और वे दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इयान नेपोमनियाचची से बस कुछ ही अंक पीछे हैं। डी गुकेश, जिन्होंने फिडे कैंडिडेट्स जीता और विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिए डिंग लिरेन को चुनौती देंगे, 2763 की रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर खिसक गए।

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद 2749 रेटिंग के साथ 11वें स्थान पर हैं, जबकि आर. प्रज्ञानानंद 2748.9 रेटिंग के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए। मैग्नस कार्लसन 2827.2 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

# एफआईवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन ने दान और नीलामी के माध्यम से जुटाए 619,108 अमेरिकी डॉलर

**एजेंसी**
**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी) ने घोषणा की कि नवगठित एफआईवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन ने दान और नीलामी के माध्यम से 559,000 स्विस फ़्रैंक (लगभग 619,108 अमेरिकी डॉलर) जुटाए हैं।

लॉन्च कार्यक्रम गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में एफआईवीबी मुख्यालय में आयोजित किया गया। विश्व वॉलीबॉल शासी निकाय ने 2025 और 2026 में वॉलीबॉल फाउंडेशन के लिए एक मिलियन स्विस फ़्रैंक (लगभग 1.11 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का वार्षिक बजट आवंटित करने की योजना बनाई है।

एफआईवीबी और वॉलीबॉल फाउंडेशन के अध्यक्ष एरी एस. ग्राका एफ ने आधिकारिक बयान में कहा, वॉलीबॉल फाउंडेशन सकारात्मक



सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे एक अधिक सहयोगी और सामंजस्यपूर्ण दुनिया बनाने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने इस कार्यक्रम में कहा, इस परियोजना के माध्यम से, वॉलीबॉल वास्तव में ओलंपिक मूल्यों को वितरित करने और खेल के माध्यम से दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने में योगदान दे सकता है।

# महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग: जापान ने चीन को हराया

**एजेंसी**
**मकाऊ।** जापान ने शुक्रवार रात एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) में चीन को 25-22, 19-25, 25-18, 25-17 से हराया। मैच के बाद ली ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, हमने पूरे खेल में अपेक्षाकृत निष्क्रिय खेल दिखाया और हमारी लय अच्छी नहीं थी। जापान की रक्षापंक्ति मजबूत थी और कई उच्च गुणवत्ता वाले बचाव भी हुए।

चीन ने पहला सेट हारने के बाद दूसरा सेट जीत लिया, लेकिन जापान ने लगातार दो सेट जीतकर जीत सुनिश्चित कर ली। जापान की कप्तान सरीना कोगा ने गेम में सर्वाधिक 25 अंक बनाए, जबकि चीन की ली यिंगयिंग को 23 अंक मिले। मैच के बाद जापान ने चीन के साथ अंकों का अंतर कम कर



दिया और आठवें से सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि चीन विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर बना रहा। अन्य दो मैचों में थाईलैंड ने फ्रांस को 3-2 से हराया और नीदरलैंड ने डोमिनिकन गणराज्य को 3-1 से हराया। चीन थाईलैंड से भिड़ेगा।

# विश्व मुक्केबाजी में शामिल होने को राजी हुआ भारतीय मुक्केबाजी महासंघ

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से नाता तोड़ लिया और खेल के ओलंपिक भविष्य पर मंडरा रहे खतरे का मुकाबला करने के लिए अलग हुए विश्व मुक्केबाजी महासंघ में शामिल हो गया। यह कदम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा यह धमकी दोहराए जाने के कुछ महीने बाद उठाया गया है कि यदि राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के साथ जुड़े रहे तो मुक्केबाजी को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक से बाहर कर दिया जाएगा।

बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मुक्केबाजी की स्थिरता के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह अपना ओलंपिक दर्जा बरकरार रखे, इसलिए हम विश्व मुक्केबाजी में शामिल होकर प्रसन्न हैं। सिंह ने कहा कि वह डब्ल्यूबी कार्यकारी बोर्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं ताकि खेल के भविष्य के विकास को आकार दिया जा सके और दुनिया भर के मुक्केबाजों के लिए एक उज्जवल भविष्य प्रदान किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी, जिसके अध्यक्ष पूर्व आईबीए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बोरिस वैन डेर वोर्स्ट हैं, को अप्रैल 2023 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मुक्केबाजी ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में बनी रहे। सदस्यता आवेदन को बीएफआई की आम सभा द्वारा अनुमोदित किया गया और विश्व मुक्केबाजी के कार्यकारी बोर्ड द्वारा इसकी पुष्टि की जाएगी।

वैन डेर वोर्स्ट ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में एक बहुत ही महत्वपूर्ण देश है और हम बढ़ते विश्व मुक्केबाजी परिवार में बीएफआई का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह एक बहुत ही रोमांचक विकास है जो एशिया में हमारी उपस्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और मैं अपने सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में बीएफआई के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। 7 मई को, विश्व मुक्केबाजी ने आईओसी के साथ अपनी पहली औपचारिक बैठक की, जिसने दोनों संगठनों के बीच एक औपचारिक सहयोग की शुरुआत का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी के बने रहने के लिए एक मार्ग स्थापित करना था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2019 में लंबे समय से चली आ रही वित्तीय, खेल अखंडता और शासन संबंधी मुद्दों पर आईबीए की मान्यता रद्द कर दी थी।

# भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

**एजेंसी**
**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने बैंकॉक में चल रहे बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर के पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग क्वार्टर फाइनल में 5-0 की जीत के साथ पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया।

निशांत ने विश्व मुक्केबाजी क्वालीफायर में मोल्दोवा के सेबोटारी को सर्वसम्मति से 5-0 से हराकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। वह वर्तमान में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष मुक्केबाज हैं। हालांकि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय मुक्केबाज हैं, उनसे पहले निखत ज़रीन (महिला 50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर अपना स्थान पक्का किया था। पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखने वाले देव ने शानदार शुरुआत की और तीखे और सटीक मुक्के लगाए। भारतीय मुक्केबाज़ ज़्यादा संयमित थे और उन्होंने अपने मुक्कों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल किया। दूसरे राउंड में, सेबोटारी ने कुछ मुक्के मारे और देव की साँस फूलती दिखी, लेकिन भारतीय मुक्केबाज़ ने सटीक शॉट मारना जारी रखा। आखिरी तीन मिनट में, दोनों मुक्केबाज़ थके हुए लग रहे थे, लेकिन देव ने अपनी इच्छानुसार मुक्के मारना जारी रखा और अंत में जीत दर्ज की।

# बिलबाओ ने गोलकीपर जुलेन अगिरेज़ाबाला के अनुबंध को दो साल बढ़ाया

**एजेंसी**
**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ ने कोपा डेल रे विजेता गोलकीपर जुलेन अगिरेज़ाबाला के अनुबंध को जून 2027 के अंत तक बढ़ा दिया है।

दो-वर्ष के अनुबंध विस्तार से अगिरेज़ाबाला के भविष्य पर संदेह समाप्त हो गया है, क्योंकि उनका पिछला अनुबंध 2025 के मध्य में समाप्त होने वाला था।

23 वर्षीय पूर्व स्पेन अंडर-21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अगिरेज़ाबाला ने ला लीगा में एथलेटिक क्लब के लिए केवल 15 बार मैच खेला है, लेकिन पिछले दो सत्रों में कोपा डेल रे में उन्होंने लगातार अपने शुरुआती लाइन-अप में प्रभावित किया है।

इस सत्र में एथलेटिक की कप जीत में अगिरेज़ाबाला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में एक महत्वपूर्ण बचाव



किया, जिससे बास्क पक्ष ने 40 वर्षों में पहली बार ट्रॉफी उठाई और अगले सत्र के यूरोपा लीग में जगह सुनिश्चित की।

अगिरेज़ाबाला क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, कप जीतना अविश्वसनीय था, लेकिन हम यहीं नहीं रुक सकते। अगले सीजन में हमारे सामने महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में कुछ बड़ी चुनौतियाँ हैं।

अगिरेज़ाबाला ने स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उनाई साइमन के साथ प्रतिस्पर्धा का भी स्वागत किया, जिन्होंने एक सप्ताह पहले एथलेटिक के साथ अपना कार्यकाल 2029 तक बढ़ा दिया था। उन्होंने कहा, यह प्रतिस्पर्धा बहुत स्वस्थ और सकारात्मक है- यह हमें अपने पैरों पर खड़े रहने में मदद करती है और यह एथलेटिक के लिए बहुत अच्छा है।

क्लब अब विंगर एलेक्स बेरेंगुएर और अनुभवी मिडफील्डर एंडर हेरेरा के भविष्य को सुनिश्चित करना चाहता है, जिन दोनों का अनुबंध जून के अंत में समाप्त हो रहा है।

# खेल मंत्रालय ने कोच, फिजियो के साथ यूरोप में नीरज चोपड़ा के दो महीने के प्रशिक्षण को दी मंजूरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की आगामी पेरिस खेलों की तैयारी के लिए कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज़ और फिजियो ईशान मारवाह के साथ 60 दिनों के लिए यूरोप में प्रशिक्षण लेने की योजना को मंजूरी दे दी।

एमओसी ने एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट के 10 से 21 जून तक हंगरी में होने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने के प्रस्ताव पर भी सहमति व्यक्त की।

तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड मेडल जीतने वाले पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाले चोपड़ा 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप के विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण लेंगे।

टॉप्स (टारगेट ओलंपिक



पोडियम स्कीम) के तहत वित्तीय सहायता में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के मानदंडों के अनुसार हवाई किराया, आवास, भोजन, चिकित्सा बीमा, स्थानीय परिवहन व्यय के अलावा जेब से मिलने वाला भत्ता शामिल होगा। पेरिस में 50 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली विनेश ने हंगरी में लोम्बार्ड के हवाई किराए, वीजा शुल्क, भोजन और आवास तथा स्थानीय परिवहन के लिए सहायता का अनुरोध किया था। वह 6 से 9 जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वितीय रैंकिंग सीरीज - पोलाक इमरे एवं वर्गा जानोस मेमोरियल में भी भाग लेंगी।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट के 10 से 21 जून तक हंगरी में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एमओसी ने टॉप्स पहलवान के मैड्रिड में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले ग्रैंड प्रिक्स ऑफ स्पेन में भाग लेने के लिए समर्थन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उनकी सहायता टीम में फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल, स्पैरिंग पार्टनर अरविंद और कोच वोलर अकोस शामिल होंगे। लॉन्ग जंपर शैली सिंह के यूरोप में अपने प्रशिक्षण शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी एमओसी ने मंजूरी दे दी। शैली कोच बॉबी जॉर्ज के साथ लिस्बन, पेरिस, एथेंस और जिनेवा में प्रशिक्षण लेंगी।

एमओसी ने शॉटगन शूटर राजेश्वरी कुमारी और माहेश्वरी चौहान के जून में इटली में प्रशिक्षण शिविर में अपने निजी कोचों को ले जाने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। राजेश्वरी के निजी कोच डेविड कोस्टेलेकी 1 से 14 जून तक ट्रैप शूटर के साथ इटली जाएंगे। वह इसी अवधि के दौरान आईएसएसएफ विश्व कप, लोनाटो में प्रतिस्पर्धा करेंगी। माहेश्वरी के निजी कोच रिकार्डो फिलिपेली उन्हें 31 मई से 11 जून तक प्रशिक्षण देंगे। पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा जीतने वाली पहली भारतीय स्कीट शूटर बनी माहेश्वरी 12 से 19 जून तक लोनाटो विश्व कप में भी भाग लेंगी।

एमओसी ने 2022 हांग्जो एशियाई खेलों के बैडमिंटन कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है, जिसमें उन्होंने 20 जून से 22 जुलाई तक हैदराबाद में पूर्णकालिक आधार पर प्रशिक्षक रोहन जॉर्ज मैथ्यूज को नियुक्त करने के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। इसके अलावा, उन्हें हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी और रेड लाइट थेरेपी सहित रिकवरी उत्पाद प्रदान करने वाले केंद्र की सेवाएं भी दी जा रही हैं।

# सिंगापुर ओपन: ट्रीसा जॉली–गायत्री गोपीचंद की जोड़ी सेमीफाइनल में

**कल्लांग।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यियोंग और कोंग ही योंग को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जॉली और गोपीचंद ने महिला युगल क्वार्टर फाइनल मैच में अपने विरोधियों को 18-21, 21-19, और 24-22 से हराया। यह मैच एक घंटे 19 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी की शुरुआत खराब रही और वे पहला सेट 21-18 से हार गए। हालांकि, जॉली और गोपीचंद ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जोड़ी के खिलाफ बिना किसी परेशानी के खेल में शानदार वापसी की। जॉली-गोपीचंद ने दूसरा और तीसरा सेट 21-19 और 24-22 से जीता।

इससे पहले टूर्नामेंट में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन बाक हा ना और ली सो ही को 59 मिनट तक चले मैच में 21-9, 14-21, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इस बीच, गुरुवार को सिंगापुर ओपन 2024 में शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को कैरोलिना मारिन के खिलाफ एक घंटे आठ मिनट तक चले तीन गेम के



रोमांचक मुकाबले में 21-13, 11-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। यह सिंधु की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की सबसे हालिया जीत मलेशिया ओपन 2018 के क्वार्टर फाइनल में अपनी स्पेनिश प्रतिद्वंद्वी पर आई थी। अब विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सिंधु ने गुरुवार को मैच की अच्छी शुरुआत की। उन्होंने शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम करके आसानी से पहला गेम जीत लिया। लेकिन मारिन ने वापसी की और दूसरा गेम जीत कर मैच को तीसरे सेट में ले गईं। हालांकि तीसरे गेम में एक समय सिंधु के पास 18-15 की बढ़त थी, लेकिन मारिन ने वापसी करते हुए रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। नतीजतन, मारिन का वर्तमान में सिंधु पर 12-6 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है। सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय भी बाहर हो गए। दसवीं रैंकिंग वाले प्रणय को दुनिया में ग्यारहवें स्थान पर काबिज जापान के केंटा निशिमोटो ने 78 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-15 से हराया।



## तपती गर्मी में 38 साल की


# मौनी रॉय

## ने बढ़ा दिया और पारा, बिकिनी पहन रेत पर लेटकर दिये ऐसे-ऐसे पोज

मौनी रॉय आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। स्मृति ईरानी स्टारर क्योंकि सास भी कभी बहू थी से डेब्यू करने वाली मौनी को नागिन सीरियल से पॉपुलैरिटी मिली। शो में वह अपनी एक्टिंग ही नहीं, बल्कि फैशन की वजह से भी चर्चा में रही।आज जब भी मौनी रॉय की बात आती है तो उनके अभिनय के साथ-साथ उनके फैशन का भी जिक्र किया जाता है। वह आए दिन अपने ग्लैमरस अवतार के लिए सुर्खियां बटोरती हैं। एक बार फिर उन्होंने अपनी बोल्डनेस से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

**बिकिनी में मौनी ने ढहाया कहर**

मौनी रॉय इन दिनों बाली में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वह सोशल मीडिया पर वेकेशन से एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने 31 मई को अपनी बिकिनी फोटोज से आग लगाई है। तस्वीरों में अभिनेत्री ब्लू कलर की बिकिनी में तहलका मचा रही हैं।एक तस्वीर में मौनी रॉय रेत पर लेटकर पोज दे रही



हैं। दो तस्वीरों में अभिनेत्री ने समंदर के अंदर किलर पोज से फैंस की धड़कनें बढ़ा दी हैं। एक में समंदर के अंदर बैठकर फोटो खिंचवा रही हैं। बाकी फोटोज में उन्हें बाली के खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर करते हुए देखा जा सकता है।

**मौनी रॉय के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

38 साल की मौनी रॉय आज टीवी से दूर फिल्मों और ओटीटी पर काफी एक्टिव हैं। जल्द ही वह अभिनेता बिक्रांत मैसी और सुनील ग्रोवर के साथ फिल्म लैकआउट में नजर आएंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 7 जून से स्ट्रीम होगी। हाल ही में, इसका ट्रेलर रिलीज हुआ जो खूब पसंद किया जा रहा है। इससे पहले मौनी रॉय को LSD 2 में देखा गया था। उन्होंने इमरान हाशमी के साथ वेब सीरीज शोटाइम को लेकर खूब लाइमलाइट बटोरी थी। सीरीज में उनके अभिनय को काफी सराहा गया था। वह ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1 और गोल्ड में भी नजर आ चुकी हैं।




# करीना कपूर खान

## को आई पुराने दिनों की याद, 20 साल पुरानी फोटो शेयर करके बोलीं- मासूमियत के दिन

फिल्म युवा को 20 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में करीना ने किरदार और भोल भाले चेहरे से सभी का दिल लूट लिया। फिल्म में करीना ने मीरा नाम की लड़की का किरदार निभाया था। इस खास मौके पर करीना ने अपनी एक फोटो शेयर करते हुए पुराने दिनों को याद किया। युवा को मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया था जाकि साल 2004 में रिलीज हुई थी। फिल्म में करीना के अलावा अजय देवगन, ईशा देओल, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी और विवेक ओबेरॉय नजर आए थे।

**युवा को रिलीज हुए 20 साल पूरे**

पुराने दिनों से अपनी एक फोटो शेयर करते हुए करीना कपूर ने लिखा,मासूमियत के दिन . करीना का ये मासूम आंखों वाला चेहरा काफी ज्यादा वायरल हो रहा है।इससे पहले अमिताभ बच्चन ने भी अभिषेक बच्चन का फोटो शेयर करते हुए एक इमोशनल नोट लिखा था। अमिताभ ने लिखा, जब अभिषेक को युवा के लिए अवार्ड मिला और उसका नाम अनाउंस हुआ तो वो मुझे लेकर स्टेज पर गया। तब मैंने उससे कहा, ये मेरा नहीं तुम्हारा है और जो मेरा है वो तुम्हारा है...आज युवा को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। क्या फिल्म थी, तुम्हारा परफॉर्मेंस काफी अच्छा था भैय्यु..यू आर द बेस्टक्या थी युवा की कहानी?युवा की कहानी अलग-अलग बैकग्राउंड से आए तीन युवाओं की कहानी है जिनकी जिंदगियां आपस में इनरकनेक्टेड हैं। फिल्म की कहानी एक पॉलिटिकल बैकड्राप पर लिखी गई है. फिल्म दिखाती है कि कैसे कोलकाता के विद्यासागर ब्रिज पर हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना इन तीन युवाओं के जीवन को हमेशा के लिए बदल देती है।



**करीना की आने वाली फिल्में**

करीना कपूर की आने वाली फिल्मों की बात करें तो करीना बहुत जल्द हंसल मेहता की बकिंघम मर्डर में नजर आएंगी। इसके अलावा रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में भी उनका दमदार रोल होगा। ये पॉपुलर कॉप फैंचाइजी की तीसरी फिल्म होगी जिसमें अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और रणवीर सिंह भी नजर आएंगे। सिंघम अगेन इसी साल अगस्त 2024 में रिलीज होगी।

## लगा कि सुसाइड कर लूं... 'बिग बॉस 17' फेम अभिषेक कुमार का छलका दर्द



टीवी एक्टर अभिषेक कुमार को 'बिग बॉस 17' से काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी. वो इस शो के फर्स्ट रनरअप रहे थे. इस शो को बाद वो अक्सर ही किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं. वो जल्द ही रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' में भी नजर आने वाले हैं. आज के समय में वो भले ही एक पॉपुलर नाम हैं, लेकिन करियर के शुरुआत में उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था. उन्होंने खुद बताया है कि एक समय तो ऐसा भी आया था जब उनके मन में सुसाइड करने के ख्याल आ रहे थे.अभिषेक ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के साथ बातचीत की है. इस इंटरव्यू में अभिषेक ने बताया कि उनका एक्टर बनने का सपना था, लेकिन उनके पैरेंट्स चाहते थे कि वो बिजनेस संभालें. वो अपने घर वालों को बिना बताए ही मुंबई में चले गए थे. दरअसल, अभिषेक ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रखी है. उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग के लिए वो दिल्ली गए थे और वहीं से वो बिना माता-पिता को बताए मुंबई चले गए थे.

**जब सुसाइड करने का ख्याल आया**

अभिषेक ने बताया कि मुंबई में उन्हें एक फर्जी ऑडिशन के लिए बुलाया गया. वहां उनकी मुलाकात एक गे शख्स से हुई और फेवर मांगा गया. अभिषेक का कहना है कि वो डर गए थे और फिर वहां से भाग गए. उन्होंने ये भी कहा कि उस वक्त उनकी हालत ऐसी थी कि उन्हें लगा कि सुसाइड कर लें. उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि वो इस बारे में किससे बात करें. फिर उन्होंने अपनी मां को बताया था कि वो मुंबई में हैं और उनके साथ ऐसी चीजें हुई हैं. जिसके बाद उनकी मां की आंखों से आंसू से निकल आए थे.

बहरहाल, अभिषेक ने अपना करियर साल 2021 में टीवी शो 'उदारियां' से शुरू किया था. पिछले साल वो 'बिग बॉस 17' का हिस्सा बने और लोगों की नजरों में आ गए, उन्हें लोगों ने भी इस शो में काफी पसंद किया था. अब देखना होगा कि 'खतरों के खिलाड़ी' के जरिए वो कैसा कमाल दिखाते हैं.

## 4 साल के लंबे ब्रेक के बाद टीवी पर वापसी करने जा रही हैं बिग बॉस विनर? पति ने किया खुलासा



ससुराल सिमर का' सीरियल से करोड़ो लोगों का दिल जीतने वाली दीपिका कक्कड़ पिछले 4 सालों से छोटे पर्दे से दूर हैं. उनका आखिरी टीवी सीरियल 'कहां हम कहां तुम' साल 2020 में ऑफ एयर हुआ था. अपने इस पॉपुलर शो के खत्म होने के बाद दीपिका ने व्लॉगिंग शुरू कर दी थी. 4 साल व्लॉगिंग करने के बाद अब दीपिका अपने एक्टिंग के पुराने दिनों को मिस करने लगी हैं. और यही वजह है कि उनके पति शोएब ने दीपिका के फैन्स के साथ एक खुशखबरी शेयर करते हुए कहा है कि टीवी की ये मशहूर एक्ट्रेस अपने कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं.शोएब बोले, आप सभी दीपिका को जानते हैं कि दीपिका सिर्फ खूबसूरत इंसान ही नहीं बल्कि बड़ी ही प्यारी मां भी हैं. लेकिन हम ये कभी नहीं भूल सकते कि दीपिका एक लाजवाब एक्ट्रेस भी हैं. उन्होंने मां बनने का अपना फर्ज शिद्दत से निभाया है. और ऊपरवाले की ऐसी ही कृपा रही तो जल्द ही दीपिका टीवी पर कमबैक कर सकती हैं. दीपिका ने भी शोएब की बातों से सहमत होते हुए कहा है कि उन्होंने प्रेग्नेंसी और मदरहुड दोनों को इंजॉय किया है. और अब वो फिर एक बार टीवी पर कमबैक करते हुए लोगों का मनोरंजन करना चाहती हैं. लेकिन इन दोनों ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि दीपिका कौन से टीवी शो से अपनी वापसी करने जा रही हैं.

**'कहां हम कहां तुम' 2 के साथ कर सकती हैं वापसी ?**

दीपिका कक्कड़ का आखिरी टीवी सीरियल 'कहां हम कहां तुम' टीवी और डिजिटल ऑडियंस में बहुत मशहूर था. कुछ महीने पहले इस शो के फैन्स की तरफ से ह्र पर 'ब्रिंग बैक कहां हम कहां तुम सीजन 2' (कहां हम कहां तुम का सीजन 2 लेकर आओ) ट्रेंड भी किया गया था. दीपिका के 'कमबैक' की खबर सुनने के बाद फैन्स उम्मीद कर रहे हैं कि स्टार प्लस के साथ मिलकर प्रोड्यूसर संदीप सिकंद फिर एक बार दीपिका कक्कड़ और करणवीर ग्रोवर के साथ 'कहां हम कहां तुम' का सीजन 2 लेकर आएं. अब दीपिका 'कहां हम कहां तुम' के साथ वापसी करती हैं या किसी और टीवी सीरियल के साथ ये देखना दिलचस्प होगा.